RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 134
नई दिल्ली, मंगलवार, 21 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




नीरज के प्रशिक्षण के लिए धन उपलब्ध करायेगा टॉप्स

स्पोर्ट्स-12

**लंदन मिशन में भारतीय ध्वज उतारने की कोशिश का मामला**

# भारत ने जताया कड़ा विरोध, सुरक्षा सख्त करेगा ब्रिटेन

- कहा- मिशन में तोड़फोड़ शर्मनाक और पूरी तरह से अस्वीकार्य, मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार
- नई दिल्ली ने ब्रिटिश उप उच्चायुक्त को तलब कर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था न होने पर स्पष्टीकरण मांगा था

**पीएनएस/एजेंसी।** लंदन/नई दिल्ली

**ब्रिटेन** के शीर्ष अधिकारियों ने अलगाववादी खालिस्तानी झंडे लहराने वाले प्रदर्शनकारियों के एक समूह द्वारा भारतीय उच्चायोग में तोड़फोड़ को शर्मनाक और पूरी तरह अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि ब्रिटिश सरकार यहां भारतीय मिशन की सुरक्षा को गंभीरता से लेगी। मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वहीं नई दिल्ली में भारत ने ब्रिटेन से अपने लंदन मिशन में रविवार को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज उतरने से जुड़े मामले में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ अभियोग चलाने को कहा है। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने सोमवार को यह जानकारी दी। क्वात्रा ने कहा कि भारत ने इस मामले में कड़ा विरोध जताया है और ब्रिटिश अधिकारियों को स्पष्ट रूप से बताया है कि भारतीय उच्चायोग पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए।

रविवार की रात दिल्ली में सबसे वरिष्ठ ब्रिटिश राजनयिक को तलब किया था और सुरक्षा व्यवस्था के अभाव पर स्पष्टीकरण मांगा था। समझा जाता है कि ब्रिटिश उप उच्चायुक्त क्रिस्टीना स्कॉट को घटना के मद्देनजर विदेश मंत्रालय में तलब किया गया था क्योंकि उच्चायुक्त एलेक्स एलिस दिल्ली से बाहर हैं। गौरतलब है कि खालिस्तानी झंडे लहराते हुए और खालिस्तानी समर्थक नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने लंदन में भारतीय उच्चायोग के ऊपर फहराए गए तिरंगे को रविवार शाम उतारने का प्रयास किया था। घटना के बाद हिंसक उपद्रव के संबंध में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उच्चायोग के अधिकारियों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों का यह प्रयास नाकाम रहा और तिरंगा शान से लहरा रहा है। इसके साथ ही इंडिया हाउस में अब एक बड़ा तिरंगा लगाया गया है। मेट्रोपोलिटन पुलिस ने बताया कि सुरक्षा स्टाफ के दो सदस्यों को मामूली चोटें आई हैं लेकिन उन्हें अस्पताल ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। परिसर की अतिरिक्त सुरक्षा के बारे में पूछे जाने पर पुलिस ने कहा कि वह सुरक्षा मामलों पर चर्चा नहीं करेगी। विदेश कार्यालय में मंत्री लॉर्ड तारिक अहमद ने कहा कि वह स्तब्ध हैं और सरकार भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को गंभीरता से लेगी। मिशन तथा उसके कर्मियों की अखंडता के खिलाफ उठाया गया यह कदम पूरी तरह अस्वीकार्य कृत्य है। ब्रिटेन सरकार भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को हमेशा गंभीरता से लेगी। ( शेष पेज 8 )

## अमृतपाल से जुड़े पांच लोगों पर लगा रासुका

**पीएनएस/एजेंसी।** चंडीगढ़



जालंधर में अमृतपाल सिंह मामले को लेकर फ्लैग मार्च करते सुरक्षा बल

**पंजाब** पुलिस ने कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह से जुड़े पांच लोगों के खिलाफ कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू करते हुए मामले में आईएसआई पहलू होने का संदेह जताया। वहीं अमृतपाल के समूह वारिस पंजाब दे के खिलाफ जारी राज्यव्यापी कार्रवाई के बीच उसके चाचा हरजीत सिंह और वाहन चालक हरप्रीत सिंह ने रविवार मध्यरात्रि को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इस बीच, पंजाब सरकार ने मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवाओं पर रोक मंगलवार दोपहर तक बढ़ा दी है। अधिकारियों के अनुसार वारिस पंजाब दे के खातों को संभालने वाला हरजीत सिंह उन पांच लोगों में शामिल है, जिनके खिलाफ रासुका लगाया गया है।

- चाचा और वाहन चालक किया आत्मसमर्पण, मामले में आईएसआई पहलू होने का पुलिस ने जताया संदेह

रासुका के तहत ऐसे किसी भी व्यक्ति को एहतियाती तौर पर हिरासत में लेने की अनुमति होती है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा होता है। पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) सुखचैन सिंह गिल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि विशेष इकाइयां उपदेशक को पकड़ने के प्रयासों में शामिल हैं, जो शनिवार को जालंधर जिले में एक कार का पीछा करने के दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। ( शेष पेज 8 )

## सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला

**पीएनएस/एजेंसी।** वाशिंगटन/नई दिल्ली

**खालिस्तान**-समर्थक प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने रविवार को सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला किया और इसे क्षति पहुंचाई। भारतीय-अमेरिकियों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। वहीं भारत ने अमेरिका से कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि वह इस संबंध में उचित कदम उठाये जिससे कि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले को लेकर फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज ने कहा, हम लंदन के साथ-साथ सैन फ्रांसिस्को में भी कानून-व्यवस्था की विफलता से चकित हैं, ( शेष पेज 8 )

## कनाडा में भारतीय राजदूत ने रद्द किया कार्यक्रम

**नई ब्रिटिश** कोलंबिया (कनाडा)। भारत में अमृतपाल के खिलाफ चल रही कार्रवाई का असर कनाडा में भी दिख रहा है। भारत के राजदूत को ब्रिटिश कोलंबिया में आयोजित एक कार्यक्रम को रद्द करना पड़ा क्योंकि कथित खालिस्तान समर्थकों ने आयोजन स्थल पर प्रवेश द्वार को अवरुद्ध कर दिया था। बताया जाता है कि कुछ प्रदर्शनकारी तलवारों से लैस थे। एक अन्य घटना में 21 वर्षीय सिख छात्र पर ब्रिटिश कोलंबिया में हमला किया गया। भारतीय राजनयिक से संबंधित घटना रविवार शाम की है। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा को ब्रिटिश कोलंबिया के सर्रे में फ्रेंड्स ऑफ इंडिया तथा कनाडा फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक रिसेप्शन में हिस्सा लेना था। ( शेष पेज 8 )

## भारत-जापान बढ़ाएंगे रणनीतिक साझेदारी



- मोदी व किशिदा ने हिंद प्रशांत, रक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का लिया संकल्प

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** और जापान ने सोमवार को क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत-जापान के संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और कानून के शासन के प्रति सम्मान पर आधारित है। दोनों देशों का यह आपसी सहयोग हिंद-प्रशांत में शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देता है। पीएम मोदी ने सोमवार को अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा के साथ विभिन्न मुद्दों पर व्यापक वार्ता की। मोदी और किशिदा ने जी20 की भारत की अध्यक्षता और जी7 समूह की जापान की अध्यक्षता में वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने मुख्य तौर पर स्वच्छ ऊर्जा, सेमीकंडक्टर और सैन्य साजोसामान के सह-विकास के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही चीन की बढ़ती सैन्य मुखरता के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के तरीके तलाशने पर जोर दिया। ( शेष पेज 8 )

### जापानी प्रधानमंत्री को भेंट की चंदन से बनी बुद्ध प्रतिमा

**प्रधानमंत्री** मोदी ने फुमियो किशिदा को कदमवुड जाली बॉक्स (कदम्ब की लकड़ी से बना जालीदार बक्सा) में लगी चंदन की बुद्ध की प्रतिमा भी भेंट की। कलाकृति कर्नाटक की समृद्ध विरासत से जुड़ी हुई है। प्रतिमा में बुद्ध बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान मुद्रा में बैठे हैं। ध्यान मुद्रा ध्यान की एक स्थिति है। इसके जरिए आध्यात्मिक दक्षता भी हासिल की जाती है। अधिकारियों ने कहा कि चंदन की नक्काशी की कला एक उत्तम और प्राचीन शिल्प है जो सदियों से दक्षिणी भारतीय राज्य में प्रचलित है और इस शिल्प में सुगंधित चंदन के ब्लॉकों में जटिल डिजाइनों को तराशना, जटिल मूर्तियां, मूर्तियां और अन्य सजावटी सामान बनाना शामिल है।

## दिल्ली का बजट पेश करने को लेकर मचा घमासान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के बजट को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार और उपराज्यपाल के बीच घमासान मचा है। केंद्र की तरफ से अनुमति न मिलने के कारण मंगलवार को विधानसभा में बजट पेश करने को लेकर संशय बना हुआ है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया है कि केन्द्र सरकार ने बजट पर सोमवार शाम रोक लगा दी है। इससे आप सरकार और केंद्र के बीच टकराव का नया दौर शुरू हो सकता है। केजरीवाल की ओर से केंद्र की आलोचना करने के बाद गृह मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय ने आप सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है, क्योंकि उसके बजट प्रस्ताव में विज्ञापन के लिए अधिक आवंटन है और बुनियादी ढांचे और अन्य विकास पहलों के लिए अपेक्षाकृत कम राशि आवंटित है। मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा कि आप सरकार ने अब तक हमारे सवालों का जवाब नहीं दिया है। आप सरकार के ( शेष पेज 8 )

## संसद में जारी रहा गतिरोध सत्ता पक्ष एवं विपक्ष अड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** के लोकतंत्र के बारे में लंदन में दिए गए बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से माफी की मांग और कांग्रेस सहित कई अन्य विपक्षी दलों की ओर से अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने में सरकार की विफलता के मुद्दे पर हुए हंगामे की वजह से सोमवार को भी संसद में गतिरोध कायम रहा। उधर एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि राहुल गांधी यदि माफी मांग लेते हैं तो संसद में गतिरोध खत्म हो सकता है। हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा, दोनों सदनों की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे फिर शुरू होने के मात्र कुछ ही मिनट में ही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों में प्रश्नकाल एवं शून्यकाल हंगामे की भेंट चढ़ गया। लोकसभा में पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रश्नकाल में सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों तरफ से नारेबाजी शुरू हो गई। कांग्रेस सदस्यों ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी के एक बयान को लेकर दिल्ली पुलिस के अधिकारियों द्वारा उनसे जानकारी मांगने से जुड़े मुद्दे को भी उठाने का प्रयास किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से शोर-शराबा बंद करने और बैठक चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा, प्रश्नकाल के बाद आपको (विपक्षी सदस्य) पर्याप्त मौका दूंगा। प्रश्नकाल चलने दें। जो भी सदस्य नियमों और प्रक्रिया के तहत नोटिस देंगे उन्हें बोलने का अवसर दूंगा। आपसे आग्रह है कि सदन चलने दें। बिरला ने यह भी कहा, सदन आपका है, सबको बोलने का अधिकार है। नियमों के तहत आपको मौका मिलेगा। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने करीब 11 बजकर सात मिनट पर सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर दो बजे बैठक फिर शुरू हुई तो पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने आवश्यक दस्तावेज सदन में प्रस्तुत कराए।

## बांग्लादेश ने भारत को चटगांव सिलहट बंदरगाह का इस्तेमाल करने की पेशकश दी

**ढाका (भाषा)।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने चटगांवऔर सिलहट में देश के बंदरगाहों का इस्तेमाल करने की भारत को पेशकश करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में कनेक्टिविटी तथा लोगों के बीच परस्पर संपर्क बढ़ेगा। चटगांव बांग्लादेश का एक महत्वपूर्ण बंदरगाह है जो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के निकट होने के कारण रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने प्रधानमंत्री हसीना के हवाले से कहा, यदि भारत चाहे तो वह हमारे चटगांव और सिलहट बंदरगाहों का इस्तेमाल कर सकता है। इंडिया फाउंडेशन के राम माधव ने रविवार को हसीना के आधिकारिक आवास गणभवन में उनसे मुलाकात की थी जिस दौरान प्रधानमंत्री ने यह पेशकश की। प्रधानमंत्री हसीना ने कहा कि इस कदम से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी तथा लोगों के बीच परस्पर संपर्क बढ़ेगा। खबर के अनुसार, माधव के साथ बातचीत में हसीना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपना शुभकामना संदेश भी भेजा।

## अगले साल 28 फरवरी तक बकाया पेंशन दे केंद्र

**ओआरओपी**

- सर्वोच्च न्यायालय ने ओआरओपी के तहत बकाया भुगतान पर केंद्र के सीलबंद लिफाफे में जवाब को फिर किया अस्वीकार



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) के तहत पूर्व सैन्य कर्मियों को बकाए का भुगतान करने पर उसके 2022 के आदेश का पालन करने के लिए बाध्य है। अदालत ने कहा कि केंद्र 2019-2022 के बकाये के रूप में 28,000 करोड़ रुपए की राशि अगले साल 28 फरवरी तक दे दे। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने सुनवाई शुरू होने पर ओआरओपी के बकाए के भुगतान पर केंद्र द्वारा सीलबंद लिफाफे में दिए गए जवाब को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने रक्षा मंत्रालय को पूर्व सैन्य कर्मियों को बकाए का भुगतान करने के लिए समय दिया। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार ओआरओपी योजना के संदर्भ में इस अदालत के फैसले का पालन करने के लिए बाध्य है। पीठ ने कहा कि 25 लाख पेंशनभोगियों में से चार लाख ओआरओपी योजना के योग्य नहीं पाए गए, क्योंकि उन्हें बढ़ी हुई पेंशन मिल रही थी और केंद्र ने 30 अप्रैल 2023 तक बकाए का भुगतान करने का प्रस्ताव दिया था। न्यायालय ने इस समय सीमा को अगले साल 28 फरवरी कर दिया। उसने ओआरओपी योजना के तहत पेंशनभोगियों के विभिन्न समूहों को बकाए के भुगतान के लिए समय दिया। पीठ ने निर्देश दिया कि छह लाख पेंशनभोगी परिवार और वीरता पदक विजेताओं को 30 अप्रैल 2023 तक ओआरओपी के बकाए का भुगतान किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के करीब चार-पांच लाख सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों को इस साल 30 जून तक एक या उससे अधिक किस्तों में ओआरओपी के बकाए का भुगतान किया जाए।

पीठ ने कहा कि बाकी के 10-11 लाख पेंशनभोगियों को ओआरओपी के बकाए का भुगतान अगले साल 28 फरवरी तक तीन बराबर किस्तों में किया जाए। इसके साथ ही पीठ ने यह साफ कर दिया कि बकाए का भुगतान पूर्व सैन्य कर्मियों की पेंशन को समान करने की प्रक्रिया पर असर नहीं डालेगा जो 2024 में किया जाना है। सुनवाई शुरू होने पर शीर्ष न्यायालय ने ओआरओपी के बकाए के भुगतान पर केंद्र द्वारा सीलबंद लिफाफे में दिए गए जवाब को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि हमें उच्चतम न्यायालय में सीलबंद लिफाफे में जवाब दिए जाने के चलन पर रोक लगाने की जरूरत है। त( शेष पेज 8 )

## खेड़ा पर दर्ज तीन प्राथमिकी लखनऊ स्थानांतरित

**नई दिल्ली (पीएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के खिलाफ दर्ज तीन प्राथमिकियों को एक साथ मिला दिया और इन्हें उत्तर प्रदेश में लखनऊ के हजरतगंज थाने में स्थानांतरित कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने खेड़ा की अंतरिम जमानत को 10 अप्रैल तक बढ़ा दिया और इस तथ्य पर ध्यान दिया कि कांग्रेस नेता के खिलाफ तीन प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। खेड़ा के खिलाफ वाराणसी के छावनी थाने और लखनऊ के हजरतगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थीं जबकि तीसरी प्राथमिकी असम में दर्ज की गई थी। उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया कि तीनों प्राथमिकी को लखनऊ के हजरतगंज थाने में स्थानांतरित कर दिया जाए। खेड़ा को मामले में नियमित जमानत लेने के लिए लखनऊ में सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश होना होगा। शीर्ष अदालत ने पूर्व में भी खेड़ा की अंतरिम जमानत बढ़ा दी थी।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,628 | ↓ 360 | |
| निफ्टी | 16,988 | ↓ 111 | |
| सोना | 60,100 | ↑ 1400 | /10g |
| चांदी | 69,340 | ↑ 1860 | /kg |

### क्विक न्यूज

**सोना 60,100 रुपए के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा**

**नई दिल्ली।** विदेशों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 1,400 रुपए की तेजी के साथ 60,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर को छू गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 58,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,860 रुपए के उछाल के साथ 69,340 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजार में सोने का हाजिर भाव 1,400 रुपए की तेजी के साथ 60,100 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना तेजी के साथ 2,005 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी का भाव तेजी के साथ 22.55 डॉलर प्रति औंस हो गया। गांधी ने कहा कि एशियाई कारोबार के घंटों में सोमवार को कॉमेक्स में सोने की कीमतों में तेजी रही।

## बीआरएस नेता कविता से ईडी ने 10 घंटे पूछताछ की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में दूसरे चरण की पूछताछ के लिए सोमवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुईं और एजेंसी ने उनसे करीब 10 घंटे तक पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हरे रंग की साड़ी पहने हुए कविता सुबह करीब साढ़े 10 बजे मध्य दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय पहुंचीं और उनसे पूछताछ और उनका बयान दर्ज करने की प्रक्रिया पूर्वाह्न करीब 11 बजे शुरू हुई जो रात करीब पौने नौ बजे तक चली। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी एवं विधान परिषद की सदस्य कविता (44) से इस मामले में सबसे पहले 11 मार्च को करीब नौ घंटे तक पूछताछ की गई थी। इसके बाद उन्हें 16 मार्च को फिर से तलब किया गया था, लेकिन वह मामले में ईडी की कार्वाई के खिलाफ राहत के अनुरोध को लेकर उच्चतम न्यायालय में दायर अपनी याचिका के लंबित रहने का हवाला देते हुए पेश नहीं हुई थीं। संघीय जांच एजेंसी ने उनके दावों को खारिज कर दिया था और उन्हें 20 मार्च को पेश होने के लिए कहा था। उच्चतम न्यायालय ने 24 मार्च को उनकी याचिका पर सुनवाई करने का फैसला किया है।

## मोदी की पहल से ऊर्जा में आत्मनिर्भर होगा भारत

- अमेरिकी रिपोर्ट में दावा, कच्चे तेल के आयात को 2047 तक 90 प्रतिशत या 240 अरब डॉलर तक किया जा सकता है कम
- हरित हाइड्रोजन आधारित और विद्युतीकृत औद्योगिक उत्पादन से कोयले का आयात 95 प्रतिशत तक घटने की संभावना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**दुनिया** की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत की आत्मनिर्भर होने की ललक वैश्विक स्तर पर छाप छोड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत पहल के कारण स्वच्छ ऊर्जा के जरिए देश 2047 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल कर सकता है। अमेरिका के एक शीर्ष शोध संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में बड़े विस्तार से सरकार को आयात में अरबों डॉलर की बचत होगी। अमेरिकी सरकार द्वारा वित्तपोषित शोध एवं विकास केंद्र लॉरेंस बर्कले नेशनल लैबोरेटरी ने द इंडिया एनर्जी एंड क्लाइमेट सेंटर (आईईसीसी) के साथ मिलकर 'आत्मनिर्भर भारत का रास्ता' शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें भारत द्वारा स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की दिशा में उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला गया है।

भारत अपनी कच्चे तेल और कोयले की 80 से 85 प्रतिशत जरूरत आयात से पूरी करता है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में इनकी कीमत और आपूर्ति में उतार-चढ़ाव के कारण भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ा है। रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि स्वच्छ ऊर्जा की कीमतों में हाल ही में नाटकीय ढंग से आई कमी से भारत को अक्षय ऊर्जा, बैटरी भंडारण और हरित हाइड्रोजन में निवेश के माध्यम से ऊर्जा आयात को कम करने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री मोदी पहले से ही 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य तय कर चुके हैं। सरकार 2030 तक निजी कारों में 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी चाहती है। वाणिज्यिक वाहनों में 70 प्रतिशत और दोपहिया के लिए यह लक्ष्य 80 प्रतिशत का है। इसके चलते सरकार देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ाने को प्रयासरत है। इसके साथ ही, भारत नवीकरणीय स्रोतों से बिजली का उपयोग कर 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन के उत्पादन का लक्ष्य बना रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि असीमित सौर ऊर्जा और स्थानीय प्रौद्योगिकी से इसमें मदद मिलेगी और कार्बन उत्सर्जन भी कम होगा। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक कदम है। रिपोर्ट के अनुसार, ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के तहत नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन और हरित हाइड्रोजन में निवेश, सौर व पवन ऊर्जा से बिजली उत्पादन के साथ-साथ पेट्रोल और डीजल जैसे तरल ईंधन पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही बिजली से चार्ज होने वाली बैटरी के उपयोग से कोयला आधारित उत्पादन से दूर जाने में मदद मिलेगी। शून्य-कार्बन हाइड्रोजन भारतीय उद्योग को कार्बन-रहित करेगा, उत्सर्जन में कटौती करेगा और आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें 2030 तक 500 गीगावॉट से अधिक गैर-जीवाश्म बिजली उत्पादन क्षमता स्थापित करने की जरूरत होगी। साथ ही 2040 तक 80 प्रतिशत और 2047 तक 90 प्रतिशत स्वच्छ ग्रिड स्थापित करना शामिल होगा।

वर्ष 2035 तक नए वाहनों की बिक्री का लगभग 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक हो सकता है। रिपोर्ट कहती है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के आने से कच्चे तेल के आयात को 2047 तक 90 प्रतिशत (या 240 अरब डॉलर) तक कम किया जा सकता है, जबकि हरित हाइड्रोजन आधारित और विद्युतीकृत औद्योगिक उत्पादन औद्योगिक कोयले के आयात को 95 प्रतिशत कम कर देगा।

# हथियारों का वीडियो भेजकर दी रेप पीड़िता को हत्या की धमकी

## ट्वीट कर मुख्यमंत्री व गाजियाबाद पुलिस से की सुरक्षा की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में रेप पीड़िता और सुरक्षा में तैनात गनर को हथियारों का वीडियो भेजकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। दुष्कर्म पीड़िता ने मुख्यमंत्री व गाजियाबाद पुलिस को ट्वीट कर और सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने ट्वीट का संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही है।

नगर की एक कालोनी निवासी युवती डेढ़ साल पहले लापता हो गई थी। परिजनों ने बागपत के हिस्ट्रीशीटर बदमाश विशु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने एक महीने बाद युवती को बरामद कर



आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। युवती ने मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दिया था कि आरोपी ने बंधक बनाकर एक महीने तक उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट की।

आरोपी अभी भी इस मामले में जेल में बंद है। आरोपी पक्ष के लोग पीड़िता पर लगातार केस वापस लेने का दबाव डाल रहे हैं। एक साल के अंदर पीड़िता मोदीनगर थाने में धमकी देने के मामले को लेकर छह थ्स् दर्ज करा चुकी है। इसे देखते हुए युवती को एक गनर भी दिया गया है।

देर रात को युवती के पास हथियारों का वीडियो भेजकर धमकी दी गई। वाट्स पर मैसेज भेजकर लिखा कि अगर गवाही दी तो ना तू बचेगी ना तेरा गनर। उमेश पाल जैसा हाल कर दिया जाएगा। गवाही मत देना। इसके साथ ही वीडियो में हथियारों के साथ कारतूस की रील और रायफल व पिस्टल दिखाई दे रही हैं। धमकी मिलने के बाद युवती डरी हुई है। घर से बाहर नहीं निकल रही है।

युवती ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व गाजियाबाद पुलिस को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। एसीपी मोदीनगर रितेश त्रिपाठी ने बताया ट्वीट का संज्ञान लिया गया है। युवती से तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज

- गवाही देने पर उमेश पाल और उसके गनर जैसा हश्र करने की दी धमकी, आरोपी पर युवती को बंधक बनाकर एक महीने दुष्कर्म करने का आरोप

की जाएगी। कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा एक ट्वीट का संज्ञान लिया गया है जिसमें एक वीडियो में एक व्यक्ति हथियारों का प्रदर्शित करते हुए दिखाई दे रहा है, उसके द्वारा एक युवती को भी धमकी देने की सूचना प्राप्त हुई है।

उक्त व्यक्ति की मोदीनगर पुलिस द्वारा शिनाख्त कर ली गई है तथा इस सम्बन्ध में तहरीर प्राप्त कर उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। गिरफ्तारी के लिये टीमों का गठन किया गया है। पीड़िता की सुरक्षा के दृष्टिगत उनको पहले से सुरक्षाकर्मी दिये गये हैं। पुलिस द्वारा प्रकरण में पूर्ण सक्रियता बरती जा रही है।

## महिला कांस्टेबल की इलाज के दौरान मौत, 9 दिन पहले हुआ था सड़क हादसा

**नोएडा।** थाना सेक्टर.20 क्षेत्र में 11 मार्च को हुए एक सड़क हादसे का शिकार हुई महिला कांस्टेबल की उपचार के दौरान सोमवार की सुबह को मौत हो गई है। इस घटना से पुलिस विभाग में शोक की लहर व्याप्त है। बताया जाता है कि महिला कांस्टेबल के छोटे-छोटे बच्चे हैं।

पुलिस ने बताया कि थाना फेस-वन में तैनात महिला कांस्टेबल श्वेता सिंह 29 वर्ष 11 मार्च को अपनी ड्यूटी समाप्त करके सेक्टर.20 स्थित घर जा रही थी। उन्होंने बताया कि सेक्टर 20 थाने के सामने कट पर उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में उन्हें गंभीर चोट आई। उन्होंने बताया कि उन्हें अत्यंत गंभीर हालत में नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उपचार के दौरान सोमवार की सुबह उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मौके पर पहुंची थाना सेक्टर.20 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सहकारिता समितियों के चुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- नोएडा की 31 समितियों में से 30 के लिए हुआ था चुनाव

जनपद गौतमबुद्धनगर में संपन्न हुए सहकारिता समिति के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने एकतरफा जीत दर्ज की है। गौतमबुद्धनगर जनपद में कुल 31 सहकारी समितियां हैं इसमें से 30 पर चुनाव हुआ।

जनपद गौतमबुद्धनगर के भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय भाटी ने कहा कि किसानों से जुड़ी हुई सहकारी समितियों पर यह जीत केंद्र और राज्य कि डबल इंजन सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के कारण हुई। सहकारिता चुनाव के जिला संयोजक मुनेन्द्र नागर ने इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष और चुनाव समन्वयक सत्येन्द्र नागर, जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी, जिला कार्यसमिति सदस्य पंकज कसाना, विजय प्रत्याशी नीरज भाटी, दर्शन भाटी, पवन भाटी, सुमन देवी, रामे प्रधान, बबली भाटी, प्रेम सिंह, चमन सिंह, प्रकाश प्रधान, बिजेन्द्र नागर, पवन चौधरी, बालेश्वर नागर, वेदपाल शर्मा, बिजेन्द्र सिंह, ब्रिजेश सिंह, कोमल सिंह, अनिल शर्मा, नितीश प्रधान सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं युवा नेता भाजपा बालेश्वर नागर को जगनपुर, अफजलपुर, अट्टा दनकौर सहकारी समिति के लिए निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर बालेश्वर नागर का स्वागत किया गया। इस मौके पर बलराज सिंह प्रधान, रणवीर नागर, जयकिशन नागर, देसराज नागर, फिरेराम, राकेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शरीर के टुकड़े मिलने के मामले में केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना फेस- वन क्षेत्र में 16 मार्च को मिली अज्ञात महिला के शरीर के कटे हुए अंग के मामले में सफाई कर्मचारी सुनील कुमार की शिकायत पर थाना फेस.वन पुलिस ने हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को 16 मार्च को थाना फेस वन क्षेत्र के सेक्टर-8 के नाले में एक अज्ञात महिला का हाथ पैर और अन्य अंग मिले थे। महिला के शरीर का शिर और धड़ अभी तक नहीं मिला पाया है। सूचना मिलने के बाद आसपास में सनसनी फैल गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मानव शरीर के अंगों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा। शुरुआती जांच में पता चला है कि शरीर के



अंग किसी महिला के हैं। पुलिस इस मामले में वहां के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता से जांच कर रही है।

पुलिस ने मानव अंग को डीएनए टेस्ट के लिए भी भेजा था। नोएडा पुलिस दिल्ली पुलिस और आसपास के इलाकों की पुलिस से संपर्क कर वहां से लापता हुई महिलाओं के बारे में जानकारी इकट्ठा कर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। अभी तक पुलिस को इस मामले में कोई सफलता नहीं मिली है। इसको लेकर अब सफाई कर्मचारी सुनील कुमार ने हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में पुलिस ने अब तक तीन दर्जन से ज्यादा सीसीटीवी खंगाल चुकी है।

## नाजिमा हत्याकांड : भाइयों ने गला दबाकर की थी हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- हिंडन नदी में बीते 13 मार्च को एक लड़की की बरामद हुई थी लाश

ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र अंतर्गत हिंडन नदी में बीते 13 मार्च को एक लड़की की लाश बरामद हुई थी। इस मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए लड़की के दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जांच में पता चला है कि दोनों भाइयों को अपनी बहन के चरित्र पर शक था। जिसकी वजह से उन्होंने पहले गला दबाकर हत्या की और उसके बाद शव को हिंडन नदी में फेंक दिया।

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि बीते 13 मार्च को ईकोटेक.3 थाना क्षेत्र अंतर्गत हिंडन नदी के किनारे एक अज्ञात लड़की की लाश मिली थी। पुलिस ने जब छानबीन की तो पता चला कि युवती का नाम नाजिमा है। पुलिस की जांच में पता चला कि नाजिमा की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके भाई मिराज और शाहरुख ने की थी। दोनों भाइयों को शक था कि उसकी बहन का चरित्र ठीक नहीं है।

## लोगों से ठगी करने वाला दंपती गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जल्दी अमीर बनने का लालच देकर ठगी करने वाली एक दंपती को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पति पत्नी ने मिलकर धोखा धड़ी करने के लिए मार्केटिंग कंपनी बनाई। जिसका नाम यूडिवो मार्केटिंग प्रालि रखा गया। इस कंपनी के जरिए ये लोगों से आईडी बनाने के लिए 11 हजार रुपए लेते थे और चार महीने बाद 44 हजार रुपए वापस करने का लालच देते थे।

पुलिस ने दोनों को एफएनजी रोड अंडरपास बहलोलपुर गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान विजय किशन जैसवाल उर्फ कृष्ण कुमार जैसवाल पुत्र सरदार सिंह और रश्मि जैसवाल पत्नी विजय किशन जैसवाल निवासी बी.073 गुलशन इकेवाना सोसायटी सेक्टर. 143 नोएडा हुई है। ये दोनों ठगी के पैसों का प्रयोग ऐशोआरम के लिए करते थे। इन्हीं पैसों से दोनों ने दो लग्जरी कार भी खरीदी। पहली टाटा हैक्सा और दूसरी स्कोडा कूसेक अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रुपये है। इन दोनों कारों को भी जब्त किया गया है। ये लोग अब तक सैकड़ों लोगों को ठगी का शिकार बना चुके है। यानी करोड़ों रुपए की ठगी की है।

### बुजुर्ग को मनी लॉड्रिंग का भय दिखाकर लिये पांच लाख

मनी लॉन्ड्रिंग का डर दिखाकर ठगों ने एक बुजुर्ग से 4.94 लाख रुपए की ठगी कर ली। ये घटना कोतवाली सेक्टर.24 थाना क्षेत्र की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर.34 हिमगिरी निवासी रामचंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ दिनों पहले उनके पास कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम भूपेंद्र नागर बताते हुए खुद को मुंबई पुलिस इंस्पेक्टर बताया। आरोपी ने कहा कि एसबीआई के रिटायर्ड जनरल मैनेजर जय कुमार मनी लॉन्ड्रिंग के केस में फंसे हैं। उन पर 450 करोड़ गबन करने का आरोप है। केस में उनका नाम भी सामने आ रहा है।

**सार्वजनिक नोटिस**

मेरे मुवक्किल सोहन लाल पुत्र स्वर्गीय ज्ञानचंद निवासी बी-274, भारत विहार, द्वारका, सेक्टर-15 दिल्ली-78 ने अपने बेटे संजीव कुमार और उनकी पत्नी निशा (सपना) को अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई उनके साथ किसी भी तरह का लेन-देन करता है तो वे ऐसा अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर करते हैं।

Ramesh Chander (Adv),
Chamber-68, Western Wing,
Tis Hazari Court, Delhi

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Sangita Jain is the owner of Built up First floor, without roof rights, L Type, having area measuring 60 Sq., Yds., "said floor" part of Property bearing No. WA-106, Old Plot No. 23, out of Khasra No. 178, Situated at abadi Gali No. 16, WA Block, Shakarpur, in the area of Village Shakurpur Khas, Delhi, vide GPA, ATS & Will dated 22.04.2010. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

It is a Public notice that my client Mrs. Anuja Tandon W/o Varun Gupta is intending to Purchase the Property No. 102/1, Measuring Area 41.66 Sq.yds. Radhey Shyam Park, Delhi-110051 from Smt. Manorama Wife of Shri Madan Mohan, she represent himself as absolute owner of the aforesaid Property on the basis of Gift Deed dated 03.05.2013, Duly regd. in the of Sub-Registrar VIII Delhi executed by her husband Shri Madan Mohan. If any person have any objection/Claim for any type such as any Loan, Mortgage, Surety, Security etc. over the said property regarding the above said original documents, then contact to the undersigned within 15 days of this Notice. Thereafter no body have any right on the said property.

RAKESH ND.(ADVOCATE,)
Office No.107, First Floor, M.S Chamber, C-1/A, Vikas Marg, Laxmi Nagar, Delhi-110092

**INDAG इन्डैग रबर लिमिटेड**

सीआईएन : एल74899डीएल1978पीएलसी009038
पंजी. कार्यालय : 11, कम्युनिटी सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली-110017
फोन : 011-26963172/73, 26863310, 26961211, 41664818, फैक्स : 011-26856350
ई-मेल : info@indagrubber.com, वेबसाइट : www.indagrubber.com

**सूचना**
**(कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)**
कम्पनी के इक्विटी शेयरों का निवेशक शिक्षा एवं विनिधानकर्ता प्राधिकरण (आईईपीएफ) के डीमैट खाते में अनिवार्य अंतरण।

यह सूचना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) के साथ पठित कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा अधिसूचित निवेशक शिक्षा एवं विनिधानकर्ता प्राधिकरण (लेखांकन, लेखापरीक्षा, अंतरण और प्रत्यर्पण) नियमावली, 2016 ("उक्त नियमावली") समय समय पर संशोधितानुसार तथा भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सूचिबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 39(4) के अनुसरण में प्रकाशित की जा रही है।

नियमों के अधीन, अन्य के साथ, कम्पनी द्वारा एसे सभी शेयर जिनके संबंध में वित्तीय वर्ष 2015-2016 के लिए अतंरिम लाभाशं का भुगतान और मागंदावा लगातार विगत 7 वर्षो से नहीं किया गया है, 2 जुलाई, 2023 से 30 दिन के भीतर, उक्त नियमावली में निर्धारित विधि में, कन्द्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं सरंक्षण निधि (आईईपीएफ) के डीमैट खाते में अतंरित किए जाने की अपक्षा की जाती है।

तदनुसार, कम्पनी द्वारा उन सबंधित शेयरधारकों को उनके अंतिम ज्ञात पते पर या इर्म ले आईडी पर व्यक्तिगत सूचना भेजी है, जिनके शेयर नियमों के तहत आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में अंतरित किए जाने के भागी हैं। ऐसे शेयरधारकों का पूर्ण विवरण तथा उनके फोलियो नंबर अथवा डीपीआईडी-क्लाइटं आईडी अपनी वेबसाइट www.indagrubber.com पर अपलोड किया जाएगा, जो आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में अंतरण के प्रयोजनार्थ कम्पनी द्वारा नए शेयर प्रमाणपत्र जारी किए जाने, यदि भौतिक रूप में धारित हैं, के संबंध में उचित सूचना मानी जाएगी।

संबंधित शेयरधारक ध्यान दें कि, ऐसे शेयरों पर कोई भावी लाभांश, जिसमें कार्पोरेट लाभ सम्मिलित हैं, आईईपीएफ खाते में क्रेडिट किए जाएंगे। ऐसे शेयर उक्त डीमैट खाते में क्रेडिट किए जाने पर, मांगदावा नहीं किए गए लाभांश और आईईपीएफ खाते में अंतरित किए गए ऐसे शेयरों के संबंध में कम्पनी के विरूद्ध कोई दावा मान्य नहीं होगा। तथापि, शेयरधारक आईईपीएफ नियमों के तहत दी गई प्रक्रिया का अनुपालन करने के पश्चता आईईपीएफ प्राधिकरण से क्रेडिट किए गए शेयर तथा अदावित लाभांश राशि वापस करने की मांग कर सकते हैं। इस संबंध में मांगदावा प्रस्तुत करने हेतु प्रक्रिया www.mca.gov.in तथा www.iepf.gov.in पर उपलब्ध है।

इस विषय में किसी अतिरिक्त जानकारी/स्पष्टीकरण के लिए, संबंधित शेयरधारक कम्पनी को इंडैग रबर लिमिटेड, खेमका हाउस, 11, कम्युनिटी सेंटर, साकेत, नई दिल्ली-110017, फोन : 011-26963172-73 ई-मेल : info@indagrubber.com के पते पर लिख सकते हैं अथवा कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट - स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड, डी-153/ए, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, नई दिल्ली-110020, फोन : 011-26812682-83, ई-मेल : admin@skylinerta.com के साथ सम्पर्क कर सकते हैं।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते इंडैग रबर लिमिटेड
हस्ता./-
कम्पनी सेक्रेटरी

तिथि : 20 मार्च, 2023
स्थान : नई दिल्ली

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATAMOTORS TATA_3518 REG. NO. UP82T7565-YOM -2018
2) TATAMOTORS TATA_3518 REG. NO. UP82T7564 -YOM -2018
3) TATAMOTORS TATA_3518 REG. NO. UP82T7562 -YOM-2018
4) TATAMOTORS TATA_3518 REG. NO. UP82T7563-YOM -2018
5) TATAMOTORS TATA_3518 REG. NO. UP82T7566-YOM -2018

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : GUNJAN SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8510032426
EMAIL-gunjan.singh1@kotak.com

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स संजीव फ्रूट एजेंसी/ विनोद कुमार शर्मा/ हरि ओम शर्मा/ 042305000845 | हाउस नंबर 98, ब्लॉक- एफ, पॉकेट-1, सेक्टर-11, रोहिणी, दिल्ली- 110085/ मार्च 17, 2023 | नवंबर 10, 2022 रु. 30,62,046.00/- | दिल्ली |
| 2. | प्रशांत जिपर्स/ प्रशांत जैन/ सुरिन्दर कुमार जैन/ 401955000010/ 401905000113 | प्लॉट नंबर 33, एफएफ पॉकेट जी- 17, सेक्टर 15, रोहिणी, दिल्ली उत्तरी दिल्ली- 110085/ मार्च 17, 2023 | नवंबर 11, 2022 रु. 56,12,247.00/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मार्च 21, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## फिर लौटा कोरोना, 24 घंटे में 7 नए मामले

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 27 हुई, सीएमओ ने कहा चिंता की कोई बात नहीं

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कोरोना वायरल एक बार फिर लौटने लगा है। पिछले 24 घंटे के दौरान 7 नए लोगों को कोविड-19 की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक जिले में इस दौरान कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 27 पहुंच गई है। यह जानकारी जिले के सीएमओ सुनील शर्मा ने दी है।

सुनील शर्मा ने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान गौतमबुद्ध नगर जनपद में कोरोना के 7 नए मरीज आए हैं। जिले में आरटीपीसीआर और एंटीजन टेस्ट के जरिए कोरोनावायरस की जांच की जा रही है। नोएडा के साथ पड़ोसी जिले गाजियाबाद में भी कोरोना वायरस के मामले बढ़ते जा रहे हैं।

सीएमओ ने बताया कि जिले में घबराने वाली कोई बात नहीं है। हालत स्वास्थ्य विभाग के हाथों में है। सभी सामान्य है। कुछ लोगों का इलाज अस्पताल और कुछ लोगों का इलाज घर पर चल रहा है। वरिष्ठ डॉक्टरों की निगरानी में सभी मरीजों को रखा गया है। सीएमओ का कहना है कि नियमों का पालन करने की जरूरत है। लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए।

## अवैध ई-रिक्शा को किया जाएगा जब्त

**नोएडा।** नोएडा में मेट्रो के संचालन के बाद ई-रिक्शा संचालकों में बढ़ोतरी हुई है। शहर के अनेकों हिस्से में अवैध रूप से ई.रिक्शा का संचालन किया जा रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक करीब 10 हजार ई-रिक्शा नोएडा में चलाए जा रहे हैं लेकिन यह आंकड़ा दोगुना है। कई जगहों पर फर्जी तरीके से ई-रिक्शा बेचे जा रहे हैं। इसे रोकने के लिए पर्यावरण विभाग 1 अप्रैल से अभियान चलाएगा। जिसके तहत कार्यवाही की जाएगी।

## डीसीपी के नाम पर मांगे पैसे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में हाल के दिनों में सबसे अधिक साइबर ठगी के मामले में बढ़ोतरी हुई है। साइबर क्राइम से जुड़े ठगों ने आम इंसानों के साथ.साथ अब पुलिस अधिकारियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है।

ताजा मामला ग्रेटर नोएडा से आया है। जहां कमिश्नरेट में तैनात प्रभारी डीसीपी विशाल पांडे के नाम पर साइबर ठगों द्वारा ठगी का प्रयास किया जा रहा है। मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। वहीं पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी हुई है।

विशाल पांडे ने साइबर ठगों की जानकारी खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दी है। उन्होंने कहा मेरे नाम से एक फेक आईडी बनाकर लोगों से पेटीएम के जरिए पैसे मांगे जा रहे है। यह फेक आईडी है।

आप किसी तरह के झांसे में न आएं। ऐसे लोगों को न तो पैसे दें और न ही उनसे बात करें। इसे अनदेखा करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अण्डौली वि0ख0 हसायन, जनपद-हाथरस।**

पत्रांक/ग्राम पंचायत/वित्त आयोग मद/ टेण्डर/2022-23 — दिनांक: 20/03/23

**अति अल्पकालीन निविदा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त/15 वॉ वित्त आयोग के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले निम्नांकित कार्यो हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित विवरणनुसार सामग्री की कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु मुहर बंद निविदाये दिनांक 25/03/23 को दिन के 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3:00 बजे उपस्थिति निविदा दाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। निविदा के शर्ते निम्नवत् निर्धारित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत अण्डौली से कार्यालय दिवस एवं समय में दिनांक 25/03/23 तक निविदा मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि की एफ0डी0आर0/एस0टी0डी0आर0 जो अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बन्धक होगी जमा करनी होगी।
3. निविदा पत्र के साथ एक सौ रुपये का नॉन जुडिशियल स्टाम्प पेपर, एक रूपये का रेवेन्यू टिकअ के साथ होना अनिवार्य है।
4. अनुबन्ध के समय धरोहर राशि को सम्मिलित करते हुए 10 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा करनी होगी तथा कुल जमानत राशि पर नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी देनी होगी।
5. बिलों का भुगतान में नियमानुसार आयकर, वैट एवं रायल्टी आदि की कटौती की जाएगी।
6. सामग्री की आपूर्ति उच्च गुणवत्ता की होनी चाहियें।
7. कोई भी निविदादाता जो राज्य विधि बार कौंसिंल में पंजीकृत हो निविदा देने से प्रतिबंधित होंगे।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत सामग्री (रुपये में) | धरोहर धनराशि राशि (रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मुल्य (रुपये में) | कार्य की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्रा0 प0 अण्डौली में सार्वजनिक अम्बेडकर में अनुरक्षण सौन्दर्यी करण का निर्माण कार्य | 595230.00 | 11904.60 | 250.00 | 6(माह) |
| 2. | ग्रा0 पंचायत अण्डौली में सार्वजनिक अम्बेडकर पार्क में इण्टरलोक का निर्माण कार्य | 215379.00 | 4307.58 | 250.00 | 6(माह) |

ग्राम प्रधान/अध्यक्ष ग्राम पंचायत
अंण्डौली हसायन

सचिव
ग्राम पंचायत
अंण्डौली हसायन

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी अचानक सेक्टर-31 नोएडा पहुंचे

**नोएडा।** राहुल गांधी सुबह अचानक नोएडा पहुंचे। वह सेक्टर-31 स्थित डॉ राकेश चंदोला की क्लीनिक पर गए। करीब आधा घंटा तक वह नोएडा में रुके। राहुल गांधी के अचानक नोएडा आने की सूचना से पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। पुलिस अधिकारी आनन-फानन में उनकी सुरक्षा की व्यवस्था करने में जुट गए। राहुल गांधी डॉक्टर से चिकित्सीय परामर्श लेकर जब वापस दिल्ली लौटे, उसके बाद पुलिस अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इस दौरान किसी को भी राहुल गांधी से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। ना ही कांग्रेस के नेताओं को उनके नोएडा आने की सूचना थी। बताया जाता है कि डॉक्टर चंदोला गांधी परिवार के फैमिली डॉक्टर हैं।

### वीके सिंह ने किया रसोईघर परियोजना का भूमि पूजन

**गाजियाबाद।** गोविंदपुरी में बनने जा रही केंद्रीयकृत रसोईघर परियोजना का सोमवार को भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा महऋषि दयानंद इंटर कॉलेज के निकट आयोजित कार्यक्रम में परिवहन राज्यमंत्री केंद्र सरकार जनरल वीके सिंह, जिला अधिकारी आरके सिंह, सांसद सत्यपाल सिंह, विधायक मंजू शिवाच, अक्षय पात्र फाउंडेशन के वाईस चेयरमैन भारत ऋषभ दास, चंचल, भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, पालिकाध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, एसडीएम शुभांगी शुक्ला ने भूमिपूजन के दौरान हवन में आहुति दी।

### प्रतीक विस्टीरिया सोसायटी की दसवीं मंजिल में लगी आग

**नोएडा।** सेक्टर 77 स्थित प्रतीक विस्टीरिया सोसायटी की दसवीं मंजिल पर सुबह आग लग गई। विंडो एसी में हुए शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। आग लगने से सोसाइटी में हड़कंप मच गया। प्रतीक विस्टीरिया सोसायटी की दसवीं मंजिल पर लगे एसी में सुबह अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। फ्लैट की बालकनी में आग की लपटें उठता देख कर गृहस्वामी व अन्य लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। लोगों ने तुरंत फ्लैट की बिजली सप्लाई को काटकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कुछ देर की मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया।

### अस्पताल में बम की झूठी सूचना देनवाली डॉक्टर पर केस

**नोएडा।** थाना सेक्टर.20 क्षेत्र के सेक्टर.30 स्थित जिला अस्पताल में बम होने की फर्जी सूचना देने वाली महिला डॉक्टर के खिलाफसेक्टर.29 चौकी प्रभारी ने मुकदमा दर्ज करवाया है। सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया कि शनिवार को नोएडा पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर.30 स्थित जिला अस्पताल में बम रखा गया है। सूचना के बाद पुलिस विभाग के आला अधिकारी और बम स्क्वायड का दस्ता अस्पताल पहुंचा। पूरे अस्पताल परिसर की छानबीन की गई। बाद में यह सूचना गलत निकली।

### डांटने पर 11वीं के छात्र ने लगाई फांसी, मौत

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां एक छात्र को मां का डांटना इतना नागवार गुजरा कि उसने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। सूरजपुर थाना क्षेत्र के गुलिस्तानपुर गांव का है। यहां 16 वर्षीय एक किशोर ने मां के डांटने के बाद फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### 33 करोड़ को लेकर निगम अफसरों का गला सूखा

**गाजियाबाद।** अवस्थापना निधि के पैसे को लेकर हाईकोर्ट में 28 मार्च को सुनवाई है। इससे पहले ही गाजियाबाद नगर निगम को यूपी सरकार ने 33 करोड़ रुपये पैसा रिलीज कर दिया, लेकिन कंडिशन है कि यह पैसा 31 मार्च तक खर्च करना है। वहीं पार्षद हिमांशु मित्तल का कहना है कि यह कंडिशन गलत है। अवस्थाना निधि का पैसा शासन से रिलीज कराने के लिए पार्षद हिमांशु मित्तल की ओर से हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। पिछली सुनवाई के दौरान शासन से कोर्ट ने कहा था कि वह बताए कि अवस्थापना निधि का पैसा रिलीज करेगी या नहीं। अचानक से यूपी सरकार के निकाय निदेशक नेहा शर्मा की और से प्रदेश के सभी निकायो के लिए करीब 300 करोड़ रुपये रिलीज किया गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# आर्थिक सर्वेक्षण : सरकार का खजाना 36 फीसदी बढ़ा

## वित्तमंत्री कैलाश गहलोत ने आउटकम बजट में गिनाई सरकार की उपलब्धियां, आर्थिक सर्वेक्षण में दिखाए भविष्य के सपने

● दिल्ली के लोगों की आय में 14.18 फीसदी वृद्धि का अनुमान


आर्थिक सर्वेक्षण पेश करने की तैयारी करते वित्त मंत्री कैलाश गहलोत।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन वित्त मंत्री कैलाश गहलोत में सोमवार को आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश किया। रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी की स्थिति काफी बेहतर है। दिल्ली में वर्ष 2023-24 में प्रति व्यक्ति आय में 14 फीसदी वृद्धि का अनुमान है।

वित्त वर्ष 2021-22 (शुरुआती) कर संग्रह में 36 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की, जबकि वर्ष 2020-21 में कोविड महामारी के कारण इसमें 19.53 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय वित्त वर्ष 2020-21 के 3,31,112 रुपये के मुकाबले वित्त वर्ष 2021-22 में 3,89,529 रुपये के स्तर पर पहुंच गई। इसके अलावा, अग्रिम अनुमानों के मुताबिक 2022-23 के दौरान मौजूदा मूल्यों पर दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 4,44,768 होगी जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 14.18 प्रतिशत अधिक है, जो राष्ट्रीय औसत की तुलना में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय हमेशा करीब 2.6 प्रतिशत अधिक होती है।

समीक्षा में कहा गया कि हालांकि आप सरकार का बकाया कर्ज 2011-12 में 29,608.27 करोड़ रुपए की तुलना में 31 मार्च, 2022 तक बढ़कर 41,481.50 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। दिल्ली में आर्थिक गतिविधियों में राष्ट्रीय स्तर की तुलना में बहुत तेजी से सुधार आया है। 2021-22 और 2022-23 में दिल्ली के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 9.14 प्रतिशत और 9.18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने विधानसभा में पेश समीक्षा रिपोर्ट में यह भी बताया कि दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय की क्षमता पिछले साल के 6,258 लोगों से बढ़ाकर 2022-23 में 7,933 हो गई है। सरकारी स्कूलों में सत्र 2021-22 में 12वीं में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत 98 प्रतिशत जबकि 10वीं में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 97 प्रतिशत रहा। वहीं आर्थिक समीक्षा 2022-23 में बताया गया कि प्रदेश में लगभग 96 प्रतिशत अनधिकृत कॉलोनियों तक पानी की नियमित आपूर्ति हुई है और लगभग 93 प्रतिशत घरों में पाइपलाइन द्वारा पेयजल की आपूर्ति हो रही है। गहलोत ने कहा कि जनवरी, 2014 के बाद से लगभग 21.39 लाख उपभोक्ताओं को 20 किलोलीटर तक नि:शुल्क जल का लाभ मिल चुका है। दिल्ली घरेलू और विदेशी, दोनों पर्यटकों के लिए पसंदीदा गंतव्यों में शामिल रहा और लगभग 6.06 लाख विदेशी पर्यटक 2021 में राजधानी में आए। भारत पर्यटन सांख्यिकी एक नज़र-2022 के अनुसार, 2021 में कुल विदेशी पर्यटकों के मामले में 9.50 प्रतिशत हिस्से के साथ दिल्ली का स्थान तीसरा रहा।

**आउटकम-बजट** के अनुसार, 90 प्रतिशत से ज्यादा सरकारी स्कूल प्रतिदिन विद्यार्थियों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज करते हैं। इसके अनुसार, 2022-23 के दौरान 83 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और 11 नए स्कूल्स ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सिलेंस (एसओएसई) भी मौजूदा स्कूलों में जोड़े जा चुके हैं। सरकार ने परिणाम बजट में बताया कि नाला साफ करने वाले संयंत्रों, यमुना नदी और नालियों से पिछले साल मार्च से दिसंबर के बीच लिए गए नमूनों से सिर्फ 28 प्रतिशत नमूने निर्धारित मानकों पर खरे उतरे।

उसने कहा कि नाले के पानी को साफ करने के सामान्य संयंत्रों से लिए गए 226 नमूनों में से 78 प्रतिशत निर्धारित मानकों पर खरे उतरे और पानी साफ करने के व्यक्तिगत संयंत्रों से लिए गए 112 नमूनों में से लगभग 94 प्रतिशत मानकों पर खरे उतरे। आउट कम बजट में बताया कि लक्षित 1,000 आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक (एएएमसी) में से 31 दिसंबर, 2022 तक 518 मोहल्ला क्लीनिक संचालित हो चुके हैं। इसके बाद इन क्लीनिकों में 1.5 करोड़ मरीजों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। एक मोहल्ला क्लीनिक में आमतौर पर प्रतिदिन 98 मरीज पहुंचते हैं और सभी को मिलाकर लगभग 51,000 मरीज एक दिन में पहुंचते हैं। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) बस बेड़े का औसत उपयोग 86 प्रतिशत के लक्ष्य से कुछ कम 83.2 प्रतिशत रहा। वहीं क्लस्टर बसों के बेड़े का उपयोग लक्ष्य से ज्यादा 98.83 प्रतिशत रहा। बेड़े का उपयोग कुल बसों की तुलना में सड़क पर चल रहीं बसों का प्रतिशत होता है। दिसंबर, 2022 में सभी वाहनों की तुलना में 16.7 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खरीदे गए, जो किसी भी भारतीय राज्य से ज्यादा है। परिणाम बजट के अनुसार, दिल्ली ईवी नीति के अंतर्गत पिछले साल दिसंबर के अंत तक 42,738 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 36,658 ई-रिक्शा का पंजीकरण किया गया। दिसंबर, 2022 तक संचालित कुल बसें 7,329 हैं, जिनमें 4,010 बसें डीटीसी की हैं। जबकि कुल 3,319 क्लस्टर बसों में उनका उपयोग प्रतिशत बढ़कर 98.83 प्रतिशत हो गया।

## आंखों में धूल झोंक रही सरकार : भाजपा

● शिक्षा में 37, परिवहन में 31, जलबोर्ड में 34 फीसदी काम नहीं हुआ : बिधूड़ी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली सरकार के आउटकम बजट को जनता की आंखों में धूल झोंकने का एक और प्रयास करार दिया है। उन्होंने कहा है कि आउटकम बजट के नाम पर सफेद झूठ पेश किया गया है और जनता इस झूठ को पकड़ चुकी है। पिछले साल केजरीवाल सरकार ने बड़े जोर-शोर से रोजगार बजट पेश किया था और यह दावा किया था कि अगले पांच सालों में 20 लाख रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे।

हालांकि इसके लिए कोई कार्ययोजना पेश नहीं की गई थी लेकिन यह कहा गया था कि दिल्ली के पांच बाजारों का कायाकल्प किया जाएगा जिससे रोजगार पैदा होंगे। भाजपा ने तभी सरकार की घोषणाओं पर संशय व्यक्त किया था। जिन बाजारों का कायाकल्प होना था। उनमें कमला नगर, खाली बावली, लाजपत नगर, सरोजनी नगर और कीर्ति नगर। इसके अलावा एशिया की सबसे बड़ी गांधी नगर रेडिमेड गारमेंट मार्केट को स्पेशल पैकेज देकर उसका रूप बदलने की बात कही गई थी। दिल्ली में ट्रक फूड पॉलिसी से लोगों को रोजगार का वादा किया था। वहीं शिक्षा में 67 प्रतिशत, परिवहन में 69 प्रतिशत और जल बोर्ड की योजनाओं में सिर्फ 66 प्रतिशत काम ही पूरा हुआ है।

नेता प्रतिपक्ष के मुताबिक अरविंद केजरीवाल ने करोड़ों रुपए के विज्ञापन देकर यह घोषणा की थी कि 28 जनवरी से शॉपिंग फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। इसके लिए होटल और पर्यटन सेक्टर को विशेष तैयारी करने के लिए भी कहा गया था। आउटकम बजट में यह नहीं बताया गया कि इन सभी घोषणाओं में दिल्ली सरकार शून्य पर खड़ी है। सिर्फ कागजी घोषणाओं के अलावा इन योजनाओं पर कोई काम नहीं किया गया। आउटकम रिपोर्ट में सरकार स्वयं स्वीकार कर रही है कि शिक्षा में 67 प्रतिशत, परिवहन में 69 प्रतिशत और जल बोर्ड की योजनाओं में सिर्फ 66 प्रतिशत काम ही पूरा हुआ है। इसमें भी सरकार पूरी तरह झूठ बोल रही है। उदाहरण के लिए शिक्षा क्षेत्र का उल्लेख करते हुए सरकार ने कहा है कि पिछले साल सरकारी स्कूलों में दसवीं कक्षा के परिणाम 97 प्रतिशत रहे जबकि नतीजे 81.27 प्रतिशत रहे थे। आउटकम रिपोर्ट में यह भी नहीं बताया गया कि 12वीं कक्षा के नतीजों में देश भर में दिल्ली पांचवें स्थान पर और दसवीं कक्षा में 15वें स्थान पर रही है। नेशनल एजुकेशन परफॉरमेंस ग्रेडिंग में भी दिल्ली आठवें स्थान पर लुढ़क गई है। रिपोर्ट में यह भी नहीं बताया गया कि सड़कों पर 15 हजार बसें लाने की घोषणा करती रही है लेकिन साल भर में 250 इलेक्ट्रिक बसें लाई गई।

## संक्षिप्त समाचार



### तेलंगाना के पारंपरिक नृत्य पेरिणी रुद्रा ने मन मोहा

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र का 36वां स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन तेलंगाना के पारंपरिक नृत्य पेरिणी रुद्रा की मनोरम प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत संजीव कुमार द्वारा मंगलाचरण के साथ हुआ। इस अवसर पर एम ललिता एवं एम नंदिनी की पुस्तक वन नेशन वन म्यूजिक का लोकार्पण आईजीएनसीए के अध्यक्ष राम बहादुर रॉय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन एम ललिता एवं एम नंदिनी की डुएट वायलिन वादन से हुआ द्य लोगों ने वायलिन वादन का जमकर आंनद लिया।




### प्रेस क्लब में यूनानी मेडिकल शिविर का आयोजन

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस की ओर से नई दिल्ली स्थित प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में सोमवार को 68वां नि:शुल्क यूनानी मेडीकल शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर हकीम सैयद अहमद खान, डॉ. हबीबुल्ला, डॉ. शकील अहमद और हकीम अता उर रहमान अजमली ने पत्रकारों ने यूनानी चिकित्सा के बारे में बात की। इस अवसर पर डॉ.फहीम मलिक, डॉ. अजहर महमूद, डॉ.मिर्जा आसिफ बेग, हकीम अताउर रहमान अजमली, हकीम मुर्तजा देहलवी, डॉ.फहीम मलिक,हकीम मुहम्मद यासिर मौजूद थे।

### पेपर बिगड़ने पर रची छेड़छाड़ की झूठी कहानी

**नई दिल्ली।** राजधानी में एक 14 वर्षीय लड़की ने परीक्षा अच्छी न होने की वजह से अपने माता-पिता की डांट से बचने के लिए ब्लेड से खुद को नुकसान पहुंचाया और एक झूठी कहानी सुनाई, जिसमें दावा किया गया कि उसके साथ छेड़छाड़ की गई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने शुरू में पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की छेड़छाड़ और अपहरण की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था, लेकिन बाद में इसे वापस ले लिया जब लड़की ने सब कुछ कबूल कर लिया।

### श्रद्धा हत्याकांड : पूनावाला के खिलाफ दलीलें पूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या करने तथा उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोपी आफताब आमीन पूनावाला के खिलाफ आरोपों पर अपनी दलीलें सोमवार को पूरी कर लीं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा खुराना कक्कड़ ने मामले पर अगली सुनवाई के लिए 25 मार्च की तारीख तय की।

### बदरपुर नहर में दो लोगों के डूबने की आशंका

**नई दिल्ली।** दक्षिणपूर्वी दिल्ली के बदरपुर इलाके की एक नहर में मोटरसाइकिल सवार दो लोग गिर गए और उनके डूबने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि राहुल (32) और हेमेंद्र सिंह (30) का पता लगाने के लिए तलाश अभियान जारी है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह पता चला कि दो लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर मोलरबंद से अटल पार्क आए थे और वे नहर में गिर गए।


ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर तिरंगे के अपमान पर विरोध जताते सिख समुदाय के लोग।

## लंदन में तिरंगा उतारने के प्रयास के विरोध में सिखों का प्रदर्शन

● ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर हाथों में तिरंगा और तख्तियां लेकर लगाए भारत हमारा स्वाभिमान है के नारे, कहा- राष्ट्रीय ध्वज का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

खालिस्तान समर्थक अलगाववादियों द्वारा एक दिन पहले लंदन में भारतीय उच्चायोग में राष्ट्रीय ध्वज को नीचे उतारने की कोशिश किए जाने के विरोध में सोमवार को दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर सिख समुदाय के कई लोग इकट्ठा हुए। हाथों में तिरंगा और तख्तियां लिए सिखों ने भारत हमारा स्वाभिमान है के नारे लगाए और कहा कि वे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

एक प्रदर्शनकारी ने कहा, लंदन में जो हुआ, वह दुर्भाग्यपूर्ण था। हमें अपने राष्ट्र पर गर्व है और हम ब्रिटिश सरकार से अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। जो व्यक्ति हमारे राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान नहीं कर सकता, वह कभी भी किसी अन्य देश या किसी धर्म का सम्मान नहीं कर पाएगा। एक प्रदर्शनकारी ने अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्हें बख्शा नहीं जाना चाहिए। हर सिख एकजुट है और शांति का संदेश देना चाहता है, अगर हमारे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान होता है तो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

गौरतलब है कि खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों ने रविवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग के ऊपर फहराए ध्वज के साथ अपमानजनक व्यवहार किया था।

## विस में प्रदूषित पानी यमुना का बताने पर घिरी भाजपा

● दिल्ली जल बोर्ड की रिपोर्ट में खुलासा, भाजपा विधायक बोतल में जो पानी लेकर सदन में आए थे वह यमुना नदी का नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पानी की आपूर्ति और यमुना नदी की साफ-सफाई के मुद्दे पर दिल्ली में जमकर राजनीति होती रही है। कुछ समय पहले विधानसभा में भाजपा के कुछ विधायक एक बोतल में यमुना नदी का पानी लेकर पहुंचे थे। उनका दावा था कि बोतल में रखा पानी यमुना नदी का है और यह दूषित पानी है। इन बोतलों को दिखाकर जल आपूर्ति के मुद्दे पर भाजपा विधायकों ने आप की सरकार को घेरा था।

लेकिन अब दिल्ली जल बोर्ड की रिपोर्ट में कहा गया है कि भाजपा विधायक बोतल में जो पानी लेकर विधानसभा में आए थे वो यमुना नदी का नहीं था। इस रिपोर्ट के बाद विस अध्यक्ष गोयल नेभाजपा विधायकों द्वारा यमुना का दूषित जल लाए जाने के मामले को गंभीरता से लिया है और उसे जांच के लिए विशेषाधिकार कमेटी के पास भेज दिया है।

राम निवास गोयल ने भाजपा विधायकों द्वारा विधानसभा में दूषित जल लाने और इसे यमुना का पानी होने का दावा करने के मुद्दे को गंभीर करार दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड की रिपोर्ट में भारतीय जनता पार्टी के विधायकों के दावों को खारिज कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उनके द्वारा लाया गया पानी यमुना नदी का नहीं है। विपक्ष के सदस्यों ने अनावश्यक सनसनी फैलाई और सदन को गुमराह किया। साथ ही दिल्ली के लोगों में दहशत फैलाने का प्रयास किया है। विशेषाधिकार समिति जांच कर रिपोर्ट पेश करें कि इस मामले में कौन-कौन शामिल थे, पानी कहां से लाया गया, समिति को एक महीने के अंदर रिपोर्ट पेश करनी होगी।

### दूषित पानी पर लीपापोती करने का आरोप

बिधूड़ी ने यमुना से गंदे पानी की सप्लाई के आरोपों के बारे में कहा है कि भाजपा विधायकों ने यमुना के गंदे पानी को ही विधानसभा में पेश किया था। खुद दिल्ली सरकार की ही रिपोर्ट में कहा गया है कि यमुना का पानी 200 फीसदी और ज्यादा मैला गया है और यही आरोप भाजपा विधायकों ने भी लगाया था। जो गंदा पानी भाजपा विधायकों ने सदन में दिया था, उसे बदलकर उसकी जगह दूसरी पानी की रिपोर्ट विधानसभा में अब पेश करके लीपापोती की जा रही है।

### कारोबारी से होटल के बाउंसरों ने की मारपीट

**नई दिल्ली।** जनपथ इलाके में एक पांच सितारा होटल में कुछ बाउंसर ने 29 वर्षीय कारोबारी और उसके मित्र से कथित तौर पर मारपीट की। पुलिस ने यह जानकारी दी है।

घटना की कथित वीडियो में बाउंसर को पुरुषों के एक समूह के पास जाते हुए देखा गया तथा इसके बाद दोनों पक्षों में हाथापाई होती है। वीडियो में बाउंसर पीड़ितों को लात-घूसों से मारते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने बताया कि पीड़ित और उसके मित्र की होटल के क्लब में घुसने को लेकर उसके बाहर बाउंसर से बहस हो गई थी। पुलिस ने बताया कि यह घटना आठ मार्च की है जब कारोबारी, उसकी पत्नी और उनके मित्र होली पार्टी के लिए होटल में गए थे।

## महापंचायत : किसान खेती पर कॉर्पोरेट नियंत्रण के खिलाफ

● संयुक्त किसान मोर्चा ने मांगों को पूरा करने और एमएसपी गारंटी कानून को लागू करने के लिए केंद्र सरकार को सौंपा ज्ञापन


रामलीला मैदान में किसान महापंचायत में बोलते राकेश टिकैत। फोटो- रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ऐतिहासिक रामलीला मैदान में संयुक्त किसान मोर्चा के बुलावे पर किसान महापंचायत का अयोजन किया गया जिसमें देश भर से हजारों किसानों ने भाग लिया। इस महापंचायत में किसानों ने कृषि पर कॉर्पोरेट नियंत्रण और केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध जारी रखने आह्वान किया। साथ ही यह भी ऐलान किया कि देशभर के किसानों को लामबंद करने के लिए एसकेएम जल्द ही विभिन्न राज्यों सम्मेलन और यात्राएं आयोजित करेगा।

इस बीच एसकेएम के 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने कृषि भवन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री से मुलाकात की और उन्हें दो ज्ञापन सौंपे। इस दौरान एसकेएम और कृषि मंत्री के बीच चर्चा हुई और सरकार ने किसानों के लंबित और ज्वलंत मुद्दों को हल करने के लिए एसकेएम के साथ बातचीत करने पर सहमति जताई।

संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधियों ने कृषि मंत्री को सूचित किया कि यदि समयबद्ध तरीके से मांगों को पूरा नहीं किया जाता है, तो एसकेएम आगे विरोध प्रदर्शन और आंदोलन की घोषणा करेगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर वैधानिक गारंटी को लेकर दबाव डालने के मकसद से सोमवार को रामलीला मैदान में आयोजित हो रही किसान महापंचायत में हजारों किसान जुटे। विभिन्न रंगों की पगड़ी पहने नजर आ रहे किसानों ने सरकार से अनुरोध किया कि वह अपने उन लिखित वादों को पूरा करे, जो दिसंबर 2021 में किए थे। मोर्चा ने केंद्र के कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर एक साल से अधिक समय तक आंदोलन किया था।

### मांगें पूरी नहीं हुईं तो होगा एक और आंदोलन : एसकेएम

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के नेता दर्शन पाल ने कहा कि अगर सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य, कर्ज माफी और पेंशन को लेकर कानून समेत उनकी मांगें पूरी नहीं करती है तो मजबूरन एक और आंदोलन करना पड़ेगा। कई मुद्दों के समाधान के लिए आंदोलन को धार देने की जरूरत है।

# एमजी रोड पर छतरपुर से हरियाणा बार्डर के गोल-पहाड़ी तक बनेगी वैकल्पिक सड़क

## उपराज्यपाल की अध्यक्षता में यूटीपैक की बैठक, जाम कम करने और आवागमन सुचारू करने के लिए कई परियोजनाओं को मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में यातायात एक बड़ी समस्या है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक जाम को खत्म करके वाहनों का परिचालन सुगम बनाने के मकसद से उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में राजधानी में बड़े पैमाने पर कार्य चल रहा है।

इस कड़ी में यातायात सुचारू करने करने सहित राहगिरों एवं साइकिलिंग को बढ़ावा देने संबंधी कई परियोजनाएं जारी हैं। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए उपराज्यपाल ने सोमवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण की प्लानिंग विंग यूनिफाइड ट्रैफिक एंड ट्रांसपोर्टेशन इंफ्राट्रक्चर प्लानिंग एंड इंजीनियरिंग सेंटर (यूटीटीआइपीईसी) की गवर्निंग बाडी की 67वीं बैठक की की। इस दौरान ट्रैफिक को कम करने, शहर में आवागमन और परिवहन को बढ़ावा देने वाली कई योजनाओं को मंजूरी दी गई।

यूटीटीआइपीईसी की बैठक में एमजी रोड पर छतरपुर मेट्रो स्टेशन से हरियाणा बार्डर पर फरीदाबाद-गुड़गांव रोड पर गोल पहाड़ी तक मंडी रोड के चौड़ीकरण और अपग्रेडेशन को मंजूरी दी गई। करीब साढ़े नौ किलोमीटर की यह मौजूदा सड़क जो आठ से 12 मीटर लंबी है, अब 30 मीटर की हो जाएगी। शहरी विकास मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित और पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जाने वाली इस परियोजना को पहली बार 2013 में अनुमोदित किया गया था। इस अवसर पर एलजी ने पीडब्ल्यूडी को परियोजना को पूरा करने के लिए एक ठोस टाइम लाइन तैयार करने के निर्देश जारी किए।

### मंडी हाउस क्षेत्र में वाकेबिलिटी को बढ़ाने के प्लान मंजूर

बैठक में मंडी हाउस और मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन के आसपास के क्षेत्र में वाकेबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए भी योजना को मंजूरी दी गई। इस योजना में बाराखंभा रोड, तानसेन मार्ग, सफदर हाशमी मार्ग, सिकंदरा रोड, भगवान दास रोड, कापरनिकस मार्ग एवं फिरोजशाह रोड आदि शामिल हैं।

### मेट्रो स्टेशनों के लिए मल्टी माडल इंटीग्रेशन मंजूर

शादीपुर मेट्रो स्टेशन, पीरागढ़ी मेट्रो स्टेशन और मयूर विहार एक्सटेंशन मेट्रो स्टेशनों की मल्टी माडल इंटीग्रेशन योजनाओं को भी मंजूरी दी गई। साथ ही इंटरकनेक्टेड स्ट्रीट नेटवर्क, स्ट्रीट डिजाइन, सिग्नलाइज्ड और ग्रेड से अलग स्ट्रीट क्रासिंग, माडल इंटरचेंज लोकेशन और साइकिल, बस, आटो रिक्शा और निजी कार आदि के लिए संबंधित योजना को मंजूरी दी गई।

### चिराग दिल्ली फ्लाईओवर पर रात में हो रहा काम : सीएम

**नई दिल्ली।** चिराग दिल्ली फ्लाई ओवर को 12 मार्च से मरम्मत कार्यों के चलते अगले 50 दिनों तक बंद कर दिया गया है। फ्लाईओवर का एक हिस्सा यातायात के लिए बंद है जबकि दूसरा चालू है। इसके चलते इलाके के आसपास भीषण जाम लगा रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खुद मरम्मत कार्य की निगरानी कर रहे है। सीएम ने सोमवार को बताया कि चिराग फ्लाईओवर पर दिन-रात काम चल रहा है और जल्द ही लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि चिराग दिल्ली फ्लाईओवर की मरम्मत का काम रात को भी चल रहा है। व्यक्तिगत तौर पर वह खुद काम की निगरानी कर रहे है। बहुत जल्द इसकी मरम्मत का काम पूरा कर इसे आम लोगों के लिए फिर से खोल दिया जाएगा और लोगों को यातायात जाम से निजात मिलेगी।

### बारिश से बढ़ गई ठंडक आज भी छाए रहेंगे बादल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में सोमवार को दिन में रुक-रुक कर बौछारें पड़ीं, जबकि शाम को कई इलाकों में तेज वर्षा हुई। इससे तापमान में गिरावट हो गई और मौसम में ठंडक बढ़ गई। खराब मौसम के कारण आईजीआई हवाईअड्डे पर आने वाली 11 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित करना पड़ा।

सोमवार को दिनभर मौसम सुहावना रहा और अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 17.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आर्द्रता का स्तर 48 प्रतिशत से 94 प्रतिशत के बीच रहा। मौसम विभाग ने मंगलवार को बादल छाए रहने और बहुत हल्की बारिश या बूंदाबांदी का अनुमान जताया है।

# जल का संरक्षण केवल जल का ही नहीं जीवन का भी संरक्षण है: बंडारू दत्तात्रेय

## जल संरक्षण पर गुरुग्राम विवि में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

## विद्यार्थियों को दिलाई जल बचाने की शपथ ली


गुरुग्राम विश्वविद्यालय में जल संरक्षण पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में जल संरक्षण की शपथ दिलाते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**देश** भर में स्थायी जल संरक्षण और इसके प्रबंधन में बारे में जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से गुरुग्राम विश्वविद्यालय में जल धन यात्रा अभियान के तहत जल संरक्षण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सुखराली गांव स्थित तालाब पर महा जल-संकल्प आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल डॉ. बंडारू दत्तात्रेय मुख्य अतिथि के रूप में शरीक हुए।

कार्यक्रम का आयोजन गुरुग्राम विवि के सहयोग से वसंत लक्ष्मी चैरिटेबल ट्रस्ट और हरियाणा तालाब प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा वाईस चेयरमैन हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल एवं प्रभाकर कुमार वर्मा एग्जीक्यूटिव वाइस-चेयरपर्सन हरियाणा तालाब और अपशिष्ट जल प्रबंधन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने जल संरक्षण पर जीयू के विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई पोस्टर और नारों की प्रदर्शनी की प्रशंसा की। साथ ही साथ उन्होंने गुरुग्राम विवि के मीडिया अध्ययन विभाग के छात्रों द्वारा जल संरक्षण पर बनाई गई वृत्तचित्र/लघु फिल्म की भी तारीफ की। इस अवसर पर सभी ने राज्यपाल के साथ मिलकर जल संरक्षण की शपथ ली। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जल संरक्षण का संदेश भी दिया।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि जल का संरक्षण केवल जल का ही नहीं, जीवन का भी संरक्षण है, इसलिए जल संरक्षण के साथ जल का प्रबंधन करना बहुत आवश्यक है। आज पानी की कमी चिंताजनक स्थिति में है और कई राज्यों में पानी को लेकर विवाद है। इसलिए सभी लोग जल संरक्षण का संकल्प लें। पानी बचाना केवल सरकार और किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, यह सभी की सामूहिक जवाबदेही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल के संरक्षण व संवर्धन को लेकर विशेष चिंतित रहते हैं। इसलिए उन्होंने जल शक्ति मंत्रालय का गठन किया है। जिसके तहत हर घर में नल से पानी उपलब्ध कराने के साथ-साथ पानी को सहेजने के उपाय भी किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने कुपति प्रो. दिनेश कुमार और उनकी पूरी टीम को जल संरक्षण जैसे गंभीर विषय पर विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

वीएलसी ट्रस्ट एंड रिसर्च सेंटर की अध्यक्ष डॉक्टर वंसत लक्ष्मी रवि कुमार ने बताया कि जल धन यात्रा 2023 का उद्घाटन 16 जनवरी 2023 को नई दिल्ली में गजेंद्र सिंह शेखावत जल शक्ति मंत्री द्वारा किया गया था। कश्मीर से कन्याकुमारी तक जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के सर्वोत्तम तरीकों के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए जल धन यात्रा शुरू की है। यह यात्रा 22 राज्यों के 75 जिलों और 5000 गावों के 1 करोड़ से अधिक लोगों के पास जाकर जल संरक्षण के प्रति लोगो को जागरूक करेगी।

# ग्राम सभा की बैठकों में गांव विकास पर जोर


सोहना में शनिवार को हुई ओलावृष्टि से गेहूं की फसल की खस्ता हालत।

**सोहना।** ग्राम सभा की बैठकों में गांव विकास पर जोर दिया जा रहा है। जिसमें स्वच्छता से लेकर कच्चे रास्ते, चौपाल व सामुदायिक भवन निर्माण, तालाबों में पट्टे छोड़कर मछली पालन आदि पर चर्चाएं हो रही हैं।

प्रदेश सरकार के आदेशानुसार ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से सभी 35 ग्राम पंचायतों में विकास कार्य को चालू करने के लिए ग्राम सभाएं की जा रही है। ताकि पिछली योजना से बंद पड़े विकास कार्यों को फिर से चालू किया जा सके। नये विकास कार्यों को श्रेय चढ़ाया जा सके। इसके लिए पंचायत विभाग के आदेश पर ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की बैठकें 15 मार्च से शुरू कर दी है। यह ग्राम सभा की बैठकें 23 मार्च तक जारी रहेंगी। एक दिन में दो से तीन ग्राम पंचायतों में बैठके हो रही है। इस बैठकों में ग्राम सचिव, पंच, सरपंच, समेत अन्य अधिकारी भी भाग ले रहे है।

> **अभी** तक जिस भी ग्राम पंचायत में सभा की बैठक हुई है। वह सफल ही रही है। ग्राम सभा की बैठकों में तैयार विकास कार्यों को सरकार तक जल्द से जल्द भेजा जाएगा।
>
> **बलजीत सिंह**
> **( एसईपीओ सोहना )**

**दो लाख रुपये तक के कार्य :** जानकारी के अनुसार ग्राम सभा की बैठकों में वर्तमान समय में दो लाख या इससे अधिक ढाई लाख रुपये तक के विकास कार्यों पर चर्चाएं हो रही है। सूत्रों ने बताया कि अब तक 60 फीसदी ग्राम पंचायतों में सभा की बैठक हो चुकी है। इन बैठकों में दो लाख से 10-20 हजार रुपये अधिक या कम के इस्टीमेट बनाएं जा रहे हैं। तैयार इस्टीमेट को जल्द से जल्द राज्य सरकार को पंचायत विभाग के माध्यक से भेजे जाएंगे। ताकि नये वित्त वर्ष के पहले माह अप्रैल में मंजूरी मिल सके।

# संक्षिप्त समाचार

## सड़क किनारे खड़ी गाड़ी हुई चोरी, वाहन चोरों का बढ़ता आतंक

**सोहना।** भोंडसी से सिलानी जाने वाले परमिट लाइन सड़क किनारे खड़ी प्रॉपर्टी डीलर की गाड़ी चोरी हो गई। भोंडसी थाना पुलिस ने गाड़ी मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करने के बाद तलाश में जुट गई है। सोहना का गांव अभयपुर निवासी मेमपाल ने भोंडसी पुलिस को बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है। उसके साथ उसका पार्टनर रिठौज निवासी संजीव भी काम करता है। शुक्रवार की रात करीब 9 बजे संजीव को उसके घर गांव रिठौज छोड़ने के बाद अपने घर के लिए चल दिया। बीच रास्ते में भोंडसी-सिलानी के बीच बना परमिट लाइन मार्ग पर बनी टाइल फैक्ट्री के पास अपनी गाड़ी को खड़ा कर दिया। वह सड़क से कुछ दूर शौच करने के लिए चला गया। उस समय रात के 9 बजे हुए थे। वह शौच करके वापस उस स्थान पर पहुंचा। जहा उसने गाड़ी खड़ी की थी। लेकिन गाड़ी मौके से गायब थी। जिससे अज्ञात चोर चोरी करके ले गया। भोंडसी थाना क्षेत्र में सड़क किनारे से गाड़ियां चोरियां होने की वारदातें बढ़ने लगी है। बुधवार-गुरुवार की रात करीब ढाई बजे एलिवेटेड मार्ग के गांव धुनेला में भी सड़क किनारे खड़ा ऑटो को दो युवक लेकर भाग गए। पुलिस चोरी हुआ ऑटो को अभी तलाश भी नही सकी। उसके अगले ही दिन परमिट लाइन मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी अभयपुर निवासी की गाड़ी चोरी हो गई। अजय कुमार-प्रभारी भोंडसी थाना ने बताया कि चोरी हुए वाहनों की तलाश में उनकी टीम जुट गई है। दोनों ही वाहनों की चोरी वारदात अलग-अलग स्थानों की है। इसलिए दो टीम को तलाश में लगाया है।

## हरियाणा महासंघ मुख्यमंत्री के नाम मांगों लेकर सौंपेगा ज्ञापन


सोमवार को सोहना में स्थित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के खंड कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।

**सोहना।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर 24 मार्च को गुरुग्राम कमिशनर को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपेगा। जिसको लेकर संघ के जिला प्रधान ने सोहना में सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है। सोमवार को नागरिक अस्पताल में स्थित हरियाणा कर्मचारी महासंघ का खंड कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इस बैठक का उद्देश्य 24 मार्च को प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम कमिशनर का मांग पत्र सौंपा जाने के दौरान सोहना से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता और यूनियन पदाधिकारी पहुंचे। सोहना में बैठक को संबोधित करते हुए संघ के जिला प्रधान रविन्द्र यादव ने बताया कि पूरे जिला से भारी संख्या में संघ का कार्यकर्ता और पदाधिकारी गुरुग्राम पहुंचेगा। सभी कर्मचारी कमला नेहरु पार्क में एकजुट होने के बाद पैदल मार्च करते हुए कमिशनर कार्यालय में पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा जाएगा। संघ के जिला प्रधान ने बताया कि पांच मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का किया जाए। एनपीएस नियम को समाप्त करते हुए पुरानी पेंशन प्रणाली को लागू किया जाए। एसग्रेसी प्रणाली को बिना शर्त समाप्त किया जाए। खाली पदो को तुरन्त प्रभाव से भरा जाए। सभी विभागों के कर्मचारियों को कैशलैश स्वास्थ्य सुविधा दी जाए।

## ताला बंद मकान में संदिग्ध हालत में हुए लाखों के जेवरात चोरी

**सोहना।** सोहना नगर परिषद के गांव धुनेला में ताला बंद मकान में से संदिग्ध हालत में करीब 15 लाख रुपये के जेवरात चोरी हो गए। मकान मालिक समेत अन्य परिजन मकान का ताला बंद करके पास ही खुशी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। बालूदा निवासी कुलदीप ने बताया कि 4 मार्च को उनके घर से कुछ दूरी पर चाचा के घर पर कार्यक्रम था। सभी परिजन इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दोपहर करीब एक या डेढ़ बजे घर का ताला लगाकर आ गए थे। वे लोग सभी एक साथ चाचा के घर से सायं 6-7 बजे वापस आए। उन्होने करीब 10 दिन बाद देखा तो घर में रखे जेवरात गायब मिले। काफी तलाशने पर कोई सुराग नहीं लग सका। सोहना शहर थाना पुलिस ने कुलदीप की शिकायत पर जेवरात चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

## फसल नुकसान को लेकर किसान जल्द सौंप सकते हैं ज्ञापन

**सोहना।** क्षेत्र के किसान ओलावृष्टि से हुए फसलों को नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार से मांग करेंगे। स्थानीय एसडीएम को किसान फसल का सर्वे और मुआवजे की मांग के लिए जल्द ज्ञापन सौंपने की योजना बना रहे है। शनिवार को तेज आंधी व बरसात के साथ हुई ओलावृष्टि से गेहूं और सरसो की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ओलावृष्टि से गेहूं की फसल पूरी तरह से तबाह हो गई है। इस बार अनाज ही नहीं पशुओं के लिए चारा भी नहीं बचा। किसान अपने स्तर पर फसल को निरीक्षण कर चुके है। किसानों को इस ओलावृष्टि से फसल पैदावार में लगाई गई लागत की वसूली भी होती हुई नजर नहीं आ रही है। किसानों ने अपने स्तर पर खराब हुई फसल की फोटो व वीडियोग्राफी करानी शुरु कर दी है। जिससे प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष मुआवजे की मांग को पूरे दावे के साथ रखी जा सके। हुक्का पर योजना की कवायद : ग्रामीण क्षेत्र में एक साथ चौपाल या निजी बैठक पर बैठने के साथ ही हुक्का की गुड़गुड़ाहट पर ओलावृष्टि से हुए फसल को नुकसान पर चर्चा करने लगते है। किसान कब और कैसे एकजुटता बनाई जाए। ताकि सभी किसानों की एक साथ फसल मुआवजे की मांग प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचाने की योजना बना रहे है। खंड की सभी 35 ग्राम पंचायतों के किसानों की एक साथ बैठक बुलाने या मांग को जोरशोर से उठाने के पर रणनीतियां बनाने में जुट गए हैं।

# सांस्कृतिक दलों ने सूचीबद्धता के लिए आयोजित ट्रायल में किया कला का प्रदर्शन


गुरुग्राम के स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल में सांस्कृतिक दल ट्रायल देते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## सीटीएम दर्शन कुमार यादव ने कहा, गठित कमेटी के समक्ष कलाकारों ने दी प्रस्तुति

**सूचना,** लोक संपर्क तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा द्वारा हरियाणवी लोक संस्कृति को प्रोत्साहन व सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रचार-प्रसार के लिए ड्रामा यूनिट, भजन पार्टी व एकल कलाकार सूचीबद्ध आधार पर रखने के लिए सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल में साक्षात्कार एवं ट्रायल का आयोजन हुआ। सीटीएम दर्शन कुमार यादव की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष कलाकारों ने ट्रायल के लिए अपनी प्रस्तुति दी।

साक्षात्कार एवं ट्रायल के लिए गठित कमेटी में सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग के संयुक्त निदेशक रणबीर सिंह सांगवान, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार, राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-14 गुरुग्राम में संगीत प्रवक्ता लोकेश कुमार तथा ओएसडी (पब्लिसिटी) गजेंद्र फौगाट शामिल रहे। सीटीएम दर्शन कुमार यादव ने बताया कि हरियाणवी कला एवं संस्कृति को संरक्षण व प्रोत्साहन देने के लिए सूचना, लोक संपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा सराहनीय कार्य कर रहा है। हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व सामाजिक सरोकारों को जनमानस तक रोचक ढंग से प्रस्तुत करने में सांस्कृतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि सभी कलाकार किसी भी कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति में विषय वस्तु तथा प्रदर्शन पर विशेष फोकस करें।

संयुक्त निदेशक (एनसीआर) रणबीर सिंह सांगवान ने सांस्कृतिक दलों के दायित्वों, प्रस्तुति व भाषा शैली को लेकर सभी टीमों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणवी शैली में सरकार की नीतियों पर आधारित भजन व विकास गीतों को आज भी ग्रामीण अंचलों में चाव से सुना जाता है। इसलिए आप सभी को साक्षात्कार एवं ट्रायल के लिए बुलाया गया है। इस दौरान एक एकल कलाकार, चार भजन पार्टी व दो ड्रामा यूनिटों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

# दृष्टिहीन दिव्यांगों में जीत का सामर्थ्य आमजन से अधिक होता है : बोधराज सीकरी

## 11वीं राष्ट्रीय ब्लाइंड एवं पैरा जूडो नेशनल चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ी डीसी से कराए सम्मानित

**गुरुग्राम।** 11वीं राष्ट्रीय ब्लाइंड एवं पैरा जूडो नेशनल चैंपियनशिप में हरियाणा टीम का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। हरियाणा के कुल 22 सदस्यों की टीम में 11 दिव्यांग खिलाड़ी जनता दृष्टिहीन पुनर्वास प्रशिक्षण केन्द्र गुरुग्राम के रहे।


दृष्टिहीन दिव्यांगों को मेडल जीतने पर सम्मानित करते डीसी निशांत कुमार यादव व सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी।

गुरुग्राम का प्रतिनिधित्व करते हुए जनता दृष्टिहीन पुनर्वास प्रशिक्षण केन्द्र गुरुग्राम के पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में जयदेव ने स्वर्ण पदक, साकिब ने स्वर्ण पदक, दीपक कुमार ने स्वर्ण पदक, मोहम्मद फैज ने रजत पदक पंकज यादव ने रजत पदक जीतकर गुरुग्राम का नाम रोशन किया है। दीपक कुमार 60 किग्रा भार वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए, जो कक्षा 12वीं के छात्र हैं। हरियाणा की सीनियर पुरुष वर्ग की टीम ने रनरअप ट्राफी भी जीती। सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोध राज सीकरी ने इन विजेता खिलाड़ियों की डीसी निशांत कुमार यादव से मुलाकात कराई और उन्हें सम्मानित करवाया। बोधराज सीकरी ने कहा कि गुरुग्राम खेलों की जननी है। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। भविष्य में ऐसे ही ऊर्जावान और योग्य युवा खिलाड़ी गुरुग्राम में तैयार हों, इसके लिए उन्हें समान अवसर देने की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि जनता दृष्टिहीन पुनर्वास प्रशिक्षण केन्द्र के 5 खिलाड़ियों ने बीते वर्ष विश्व चैंपियनशिप प्रतियोगिता (अजर बेजान) में भाग लेकर न केवल भारत का मान बढ़ाया, बल्कि जनता दृष्टिहीन पुनर्वास प्रशिक्षण केन्द्र को भी लोगों की नजरों में लाने का महत्वपूर्ण योगदान दिया। ये दिव्यांग खिलाड़ी पिछले 4 वर्ष से जूडो का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इन्होंने स्कूल स्तर से शुरू करके अंतरराष्ट्रीय स्तर तक जूडो खेल की प्रतियोगिताएं खेली।

# एनएच-48 पर पंचगाव के समीप अवैध कट बंद करने के निर्देश

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

## डीसी ने रोड सेफ्टी व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की जिला स्तरीय बैठक ली


लघु सचिवालय में रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

**दिल्ली-जयपुर** राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर पंचगाव के समीप अवैध रूप से बने कट को तुरंत प्रभाव से बंद करने के डीसी ने निर्देश दिए है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने अवैध कट का इस्तेमाल वाहन चालक यू-टर्न के रूप में इस्तेमाल करते हैं, जिससे हादसों का अंदेशा बना रहता है।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी इस कट को शीघ्रता से बंद करें। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक में दिए। डीसी निशांत कुमार यादव ने सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जिला में हुए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी स्कूल बसों में नियुक्त चालकों व सहायकों की पुलिस वैरिफिकेशन, ड्राइविंग लाइसेंस की जांच, फर्स्ट एड किट, सीसीटीवी, जीपीएस आदि की भी नियमित जांच होनी चाहिए। इसके साथ ही स्कूलों के ट्रांसपोर्ट इंचार्ज व अन्य स्टाफ की सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर कार्यशाला भी आयोजित की जाए। जिला में सब डिविजनवार यह कार्यशाला आयोजित होनी चाहिए।

उन्होंने पिछली बैठक के एजेंडे में शामिल बिंदुओं की एक्शन टेकन रिपोर्ट की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान सोहना-तावडू मार्ग से गुजरने वाले भारी वाहनों को एनएच-248ए का विकल्प उपलब्ध कराने पर भी विचार किया गया। इसी तरह शंकर चौक पर पैदल यात्रियों के लिए पारपथ बनाने के लिए एडीसी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया। डीसी ने आरडी सिटी के रोड पर अवैध कटों को बंद करने व लेबर चौक को शिफ्ट करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में शामिल अधिकारियों व अन्य सदस्यों से गुरुग्राम में यातायात के सुचारू आवागमन को लेकर भी आवश्यक सुझाव लिए और उन्हें आगामी बैठक के एजेंडे में शामिल करने की बात कही।

# शिक्षा में अंत्योदय-प्रौद्योगिकी के माध्यम से पंक्ति के अंतिम छोर तक पहुंचना : राजेंद्र अग्रवाल सांसद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली /फरीदाबाद

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार एनईपी-2020 के माध्यम से केंद्रित करना चाहते हैं ध्यान

**महात्मा** गांधी का ये दृष्टिकोण समावेशी और न्यायसंगत शिक्षा के वास्तविक सार को दर्शाता है। यह करके सीखने की अवधारणा के बारे में भी बताता है। जो हाल के दिनों में बहुत लोकप्रियता हासिल कर रहा है। उपर्युक्त विशेषताएं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार नवीनतम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के माध्यम से ध्यान केंद्रित करना चाहती है। यह कहना है मेरठ से लोकसभा के सांसद राजेंद्र अग्रवाल का।

उन्होंने कहा कि नई नीति न केवल शिक्षा को राष्ट्रीय विकास के पथ पर भारत का नेतृत्व करने के लिए मौलिक मानती है, बल्कि समाज के कुछ वंचित वर्गों के संबंध में हमारी शिक्षा प्रणाली की विफलताओं को भी पहचानती है। एनईपी लोगों के इस कम प्रतिनिधित्व वाले वर्ग को सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूह (एसईडीजी) के रूप में वर्णित करता है, (एसईडीजी), लिंग पहचान (महिलाओं और ट्रांसजेंडरों), सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान (एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक), भौगोलिक पहचान (ग्रामीण क्षेत्रों, छोटे शहरों और आकांक्षी जिलों के छात्र), दिव्यांग (सीखने की अक्षमता सहित), और सामाजिक-आर्थिक स्थितियों (प्रवासी समुदायों, कम आय वाले परिवारों, मानव तस्करी के पीड़ितों, अनाथों, शहरी गरीबों आदि) से ऊपर उठकर शिक्षार्थियों का एक व्यापक समूह है।सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही अंतिम लक्ष्य है परन्तु प्रौद्योगिकी इन अंतिम स्थान पर खड़े व्यक्तियों को कल के नागरिकों में बदलने तथा सशक्त बनाने के लिए सहायक के रूप में कार्य कर सकती है।

एनईपी शैक्षिक प्रक्रियाओं और परिणामों में सुधार करने में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी भूमिका को पहचानती है। एनईपी यह भी पहचानती है कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वर्चुअल रियलिटी (वीआर) जैसी उभरती विघटनकारी प्रौद्योगिकियों का प्रभाव शिक्षकों के पढ़ाने और छात्रों के सीखने के तरीके में बदलाव लाएगा। कोविड महामारी के दौरान एडटेक उत्पाद रक्षक के रूप में उभरे, जिससे छात्रों को स्कूलों में भौतिक संपर्क की कमी से निपटने में मदद मिली। हमारे देश में, साक्षरता दर में क्षेत्रीय आधार पर बहुत असमानता है, जैसे केरल जैसे राज्य सार्वभौमिक साक्षरता (94 फीसद) के करीब पहुंच रहे हैं और बिहार जैसे अन्य राज्य बहुत पीछे (62 फीसद) हैं। सामाजिक समूहों में भी असमानता है-एससी और एसटी जैसे वंचित समुदायों में साक्षरता की दर कम है। इन समूहों के भीतर महिला साक्षरता की दर और भी कम है। एनएसएस के 75वें दौर की रिपोर्ट के अनुसार, विभिन्न सामाजिक समूहों में, गैर-एससी/एसटी/ओबीसी जनसंख्या समूहों से संबंधित लोगों में साक्षरता दर सबसे अधिक थी, पुरुषों के लिए 91 फीसद और महिलाओं के लिए 81 फीसद थी। ओबीसी पुरुषों के लिए यह अनुपात घटकर 84 फीसद और ओबीसी महिलाओं के लिए 69 फीसद हो गया। एससी के लिए, यह अनुपात पुरुषों के लिए 80 फीसद और महिलाओं के लिए 64 फीसद से भी कम था, और एसटी के लिए यह पुरुषों के लिए 78 फीसद और महिलाओं के लिए 61 फीसद पर सबसे कम था। 2011 की जनगणना के अनुसार दिव्यांगजनों की संख्या 26.8 मिलियन यानी देश की आबादी का 2.21 फीसद थी। दिलचस्प बात यह है कि दिव्यांगजनों की आबादी भी क्षेत्रीय रूप से विषम थी, ग्रामीण क्षेत्रों में 18 मिलियन से अधिक थे, जबकि शहरी क्षेत्रों में केवल 8 मिलियन की संख्या थी। वर्तमान में देश भर में संचालित न्यूरो डाइवर्स (Neuro-Diverse) बच्चों के लिए परियोजनाओं का उद्देश्य मुख्यधारा की शिक्षा, विशेष शिक्षा और प्रौद्योगिकी के बीच के अंतर को कम करके हमारे इन समुदायों का सहयोग करना है ताकि सबको सीखने के समान अवसर प्रदान किए जा सकें।

# पर्यावरण, पानी की बचत, स्वच्छता हो हमारे दैनिक कार्यों में शामिल : नवीन गोयल

## राजकीय कन्या महाविद्यालय में एनएसएस शिविर में कही यह बात

## छात्राओं को महाविद्यालय परिसर से बाहर सफाई का किया आह्वान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में एनएसएस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल नवीन गोयल।

**पर्यावरण,** पानी और स्वच्छता को अपने दैनिक कार्यों में शामिल करने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि यह समय की जरूरत है।

पर्यावरण हमारा प्रदूषित होता जा रहा है, पानी की स्तर बहुत नीचे चला गया है। स्वच्छता भी हमारे लिए महत्वपूर्ण है। यह बात उन्होंने यहां राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में एनएसएस शिविर के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही।

नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से पौधारोपण को लेकर बड़ी मुहिम शुरू की गई थी। पौधे लगाकर उन्हें पालने के लिए खर्चा भी दिया गया। स्कूली बच्चों में इसके प्रति काफी अधिक रुचि रही और लाखों पौधे लगाकर उनका पालन किया गया। चेतावनी भरे शब्दों में नवीन गोयल ने कहा कि हमारा गुरुग्राम का पर्यावरण काफी खराब हो चुका है। इसका कारण किसी न किसी रूप में हम सब भी हैं। ऐसे में हमें सुधार करने की पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इसकी जगह कपड़े के थैले का इस्तेमाल करें।

पर्यावरण सीधे हमारी सेहत से जुड़ा है। अगर पर्यावरण खराब होगा तो हम स्वस्थ नहीं रह सकते। इसमें सुधार के लिए भी हमें चिंतित होने के साथ जमीनी स्तर पर काम भी करना होगा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की आबोहवा काफी दूषित हो गई है। वन, वायु, जल, भूमि इन सबके संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। सांझा प्रयासों से ही हम बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। उन्होंने छात्राओं से विशेष तौर पर अपील करते हुए कहा कि वे इन विषयों पर जागरुकता अभियान चलाएं।

प्राचार्य डा. रमेश गर्ग ने पर्यावरण के प्रति नवीन गोयल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे लंबे समय से इस विषय पर काम कर रहे हैं। उनके प्रयासों का असर नजर भी आता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कालेज के हर सदस्य को साथ लेकर वे भी इस काम को आगे बढ़ाएंगे। कालेज कैंपस व आसपास के क्षेत्रों में पेड़ लगाए जाएंगे। मंच संचालन प्रो. राजेश बेनीवाल ने किया। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे यहां पर बताई गई सभी बातों को अपनी जीवन में अपनाएं। अपना योगदान पर्यावरण बचाने में दें। इस अवसर पर एनएसएस इंचार्ज प्रो. सुमन, प्रो. राखी, प्रो. अंबिका सांगवान समेत काफी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# फसलों पर कहर बनकर बरसी बरसात, किसान परेशान

**कविता।** फरीदाबाद

**बरसात** किसानों के लिए आफत बनकर आई है। जिले के किसानों के चेहरे पर बरसात के कारण मायूसी छाई हुई है। गेहूं की फसल के लिए यह बरसात ठीक नहीं है। अन्य जिलों में तेज बरसात और ओलावृष्टि से फसले खराब हो चुकी है। अगर यहां ओलावृष्टि और तेज हवा चली तो फसल बर्बाद हो जाएगी। कृषि विभाग ने फिलहाल किसानों से सरसों की फसल कटाई और गेहूं की फसल में सिंचाई रोकने की अपील की है। शुक्रवार और शनिवार को हल्की बूंदाबांदी के बाद तापमान में गिरावट आई है।

रविवार को भी शहर के कुछ क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई थी। सोमवार को सुबह मौसम सुहाना बना रहा। लेकिन सुबह लगभग 11 बजे से शहर में हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई। उसके बाद दोपहर दो बजे तक रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही। लेकिन बरसात देर शाम तक होती रही। तेज हवा को देख किसान चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि उनकी मेहनत पर बरसात पानी न फेर दे।


बल्लभगढ़ के ग्रामीण इलाके में खड़ी फसल।

**मौसम का हाल:** मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार सोमवार को फरीदाबाद का न्यूनतम तापमान 18 डिग्री व अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को भी हल्की बारिश की संभावना है। उसके बाद दो दिन तक मौसम थोड़ा साफ रहेगा और वीकेंड पर फिर से आसमान में बादल दिखाई दे सकते हैं। इस पूरे सप्ताह अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे व न्यूनतम तापमान 17 से 18 डिग्री सेल्सियस के आस-पास बना रहने की संभावना हैं। सोमवार को फरीदाबाद का एक्यूआई 100 दर्ज किया गया।

**बीते वर्ष का हाल:** जिले में करीब 35 हजार हैक्टेयर क्षेत्र कृषि योग्य भूमि है। इसमें से 28 हजार हैक्टेयर में गेहूं की फसल है। डेढ़ हजार हैक्टेयर में अन्य फसल है। किसान जयचंद, धर्मवीर, जितेंद्र व बनारसी का कहना है कि बीते वर्ष भी फसल खराब हुई थी। बरसात और ओलावृष्टि से गेहूं की खड़ी फसल लेट गई थी। खेतों में रखी गई फसल भी खराब हुई थी।

**चिंता का विषय:** जिले किसानों ने कहा कि पिछले तीन दिनों से रूक-रूक कर हो रही बारिश बेल वाली सब्जियों के लिए ठीक है, लेकिन गेहूं के लिए यह हानिकारक है। पानी भरने से गेहूं की फसल खराब हो जाएगी। यदि ओलावृष्टि या फिर तेज हवा चली तो फसले लेट जाएगी। जिले के किसानों ने कहा कि पिछले वर्ष भी बरसात के कारण फसले 10 से 50 प्रतिशत खराब हो गई है।

### हजारों एकड़ जमीन पर तैयार खड़ी गेहूं की फसल पर छाए खतरे के बादल

# जल्द पंजीकरण न करवाने वाले प्ले स्कूलों पर गिर सकती है गाज

### प्ले स्कूलों का तय मानदंडों के अनुसार करवाएं अतिशीघ्र पंजीकरण : डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शहर** के विभिन्न रिहायशी इलाकों की हर गली और मोहल्ले में कुकरमुत्तों की तरह प्ले स्कूल चलाए जा रहे हैं। कई प्ले स्कूल तो तंग गलियों में नियमों को ताक पर रखकर चलाए जा रहे हैं। ऐसे में यहां पढ़ने वाले बच्चों की जान जोखिम में रहती है। जिसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने नियम तय कर प्ले स्कूलों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। पंजीकरण न करवाने पर कार्रवाई की जाएगी।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा प्ले स्कूलों के सम्बन्ध में नई गाइडलाइन जारी की गई हैं। जिसके अनुसार सभी प्ले स्कूलों का पंजीकरण नियमानुसार अतिशीघ्र करवाना अनिवार्य किया गया है। वहीं इन मापदंडों को आयोग की वेबसाइट एनसीपीसीआरडॉटजीओवीडाटइन/डबलूसीडीएचआरवाई पर देख सकते हैं। प्ले स्कूलों के पंजीकरण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को अधिकृत किया है। प्ले स्कूलों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तर पर एक वर्ष के लिए पंजीकृत किया जाएगा।


प्ले स्कूल का सांकेतिक फोटो।

डीसी विक्रम ने बताया कि हरियाणा सरकार प्ले स्कूलों के लिए गाइडलाइन जारी कर दी गई है। प्रत्येक प्ले स्कूल संचालकों द्वारा अपने प्ले स्कूल का निर्धारित नियमानुसार पंजीकरण करवाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वे अपने प्ले स्कूलों का पंजीकरण अतिशीघ्र करवाएं नहीं तो नियमानुसार उन पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पंजीकरण से पहले निरीक्षण कमेटी द्वारा सम्बंधित प्ले का निरीक्षण किया जायेगा। जहां निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। उन्होंने आगे बताया कि संचालक को अपने प्ले स्कूल में सरकार द्वारा तय की गई गाइडलाइन के अनुसार सभी आवश्यक शर्तों को पूरा करना होगा। स्कूल में केवल तीन से छह वर्ष तक के बच्चे का दाखिला लिया जायेगा। शिक्षकों व बच्चों का अनुपात 1.20 का होगा।

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि स्कूल मनोरंजन संबंधित सुविधाएं सभी प्रकार के रिकार्ड रजिस्टर इत्यादि सही प्रकार से व्यवस्थित होने चाहिए। इसके अतिरिक्त प्ले स्कूल में जो भी स्टाफ भर्ती किया जाएगा उसके चरित्र की जांच कराना अनिवार्य होगा। स्टाफ सदस्य व संचालक के खिलाफ किसी भी अधिनियम के तहत मामला नहीं होना चाहिए।

महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ डॉक्टर मंजू श्योराण ने बताया कि प्ले स्कूलों के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज की सलग्न करते हुए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास कार्यालय में जमा करवाने होंगे। यह कार्यालय सेक्टर-15 ए पुराना एडीसी कार्यालय में स्थित है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित कार्यालय अथवा जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय से भी सम्पर्क किया जा सकता है।

# डीसीपी ने समस्याएं सुनकर समाधान के आदेश दिए


डीसीपी सेंट्रल पब्लिक की समस्याएं सुनते हुए।

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा द्वारा आज पुलिस पब्लिक कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीसीपी ने समाज के गणमान्य व्यक्तियों के साथ मीटिंग करके सामाजिक समस्याएं सुनीं। उनके हल के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को अहम दिशा निर्देश दिए।

इस बैठक में एसीपी सराय, एसीपी सेंट्रल, एसीपी ओल्ड, वरिष्ठ नागरिक सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सविता सहित सेंट्रल जॉन के थाना प्रभारी तथा शिवराम, एसएस ढिल्लो, तरुण गुप्ता, बिजेंद्र, प्रियंका गर्ग, सतीश कौशिक, डॉक्टर सोनू कश्यप, विजय गौड़ सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस से संबंधित सामाजिक मुद्दों की सुनवाई व उनके समाधान के लिए पुलिस पब्लिक कोआर्डिनेशन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीसीपी सेंट्रल ने सामाजिक मुद्दों के बारे में जानकारी प्राप्त करके उनके समाधान के लिए अहम दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मौजूद गणमान्य व्यक्ति ने सबसे पहले पुलिस उपायुक्त सहित पूरी फरीदाबाद पुलिस का धन्यवाद करते हुए कहा कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा आमजन को जागरूक करने के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं। वह बहुत ही सराहनीय है। समस्याओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि एरिया में शादी विवाह में देर रात तक डीजे बसता है जिससे आमजन को परेशानी होती है। कुछ लोगों ने बताया कि स्कूल व कॉलेज के बाहर कुछ लड़के इकट्ठे होकर लड़कियों पर कमेंटबाजी और छेड़छाड़ करते हैं। जिससे छात्राएं असुरक्षित महसूस करती हैं। इसके साथ ही लोगों ने बताया कि मार्केट में कुछ लोग सड़क पर गाड़ी खड़ी करके इधर-उधर चले जाते हैं।

# अवंती बाई लोधी का 165वां बलिदान दिवस मनाया


पौधा लगाते लोधी राजपूत जनकल्याण समिति के सदस्य।

**फरीदाबाद।** लोधी राजपूत जनकल्याण समिति द्वारा अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी चौक एनआईटी फरीदाबाद में शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी जी का 165वां बलिदान दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूदेव सिंह आर्य ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा नेता हिन्दूवादी नेता भुवनेश्वर हिन्दुस्तानी, युवा नेता सचिन तंवर, बिट्टू बजरंगी, सुनील यादव, स्वामी वीर भद्र, रवि वर्मा, सम्पत्त सिंह लोधी, अभय लोधी, उदयवीर सिंह लोधी, भाजपा नेता मनोज बलियान मौजूद थे। सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य रूप से समिति संस्थापक महासचिव लाखन सिंह लोधी, रूपसिंह लोधी अध्यक्ष, धर्मपाल सिंह लोधी, होतीलाल लोधी, दीपक यादव, विजयपाल सिंह, लोधी, राजेश लोधी, सुधीर लोधी, पूरन सिंह लोधी, नंद किशोर लोधी, ओमप्रकाश लोधी, अमरजीत रंधावा, माधवी सक्सेना, सुखदेवी लोधी, आशा लोधी, वीर सिंह, राजकुमार विशेष रूप से मौजूद थे।

# दुर्घटना में गंभीर घायल हुए युवक की बचाई जान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**फोर्टिस** नोएडा के डॉक्टरों ने 24 वर्षीय एक ऐसे युवक का सफल इलाज किया है। जो सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद पेट की गंभीर चोटों के कारण जिंदगी और मौत के बीच की लड़ाई लड़ रहा था। इस युवक को दुर्घटना का शिकार होने के बाद इलाज के लिए बेहद नाजुक हालत में अस्पताल लाया गया जहां डॉ अनुराग अग्रवाल, एचओडी ङ्क इमरजेंसी मेडिसिन तथा डॉ नितिन झा, सीनियर कंसल्टैंट, जनरल सर्जरी, फोर्टिस अस्पताल नोएडा के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक अनुभवी टीम ने करीब 4 घंटे चली सर्जरी (एक्सप्लोरेट्री लैपरोटॅमी) कर मरीज का सफल उपचार कर उसे नया जीवन दिया। सही समय पर डायग्नॉसिस और तत्काल मेडिकल सहायता मिलने की वजह से ही यह मुमकिन हो पाया है।

मरीज अपना टूव्हीलर चलाकर दफ्तर जा रहा था। जब पीछे से एक ट्रैक्टर ने उनके स्कूटर को टक्कर मारी। उन्हें घटनास्थल पर मौजूद एक अन्य व्यक्ति ने अत्यंत नाजुक अवस्था में फोर्टिस अस्पताल, नोएडा में पहुंचाया। जब उन्हें अस्पताल लाया गया। तब उनके पेट में भयंकर दर्द था और वे सीधे लेटने में भी असमर्थ थे। साथ ही, उनकी पल्स रेट काफी बढ़ी हुई थी और ब्लड प्रेशर इतना कम था कि उसे मशीन से रिकॉर्ड नहीं किया जा सकता था। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद उनका अल्ट्रासाउंड किया गया जिससे पता चला कि उनकी पेरीटॉनियल कैविटी में तरल पदार्थ जमा हो गया था, डॉक्टरों को आशंका थी कि वह ब्लड हो सकता है। इस मामले का ब्योरा देते हुए, डॉ अनुराग अग्रवाल, एचओडी, इमरजेंसी मेडिसिन, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा ने कहा, मरीज को जब काफी नाजुक हालत में अस्पताल लाया गया था और उनके बचने की संभावना 5 प्रतिशत से भी कम थी। अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद, मेडिकल प्रोटोकॉल्स के मुताबिक उनका तत्काल उपचार शुरू किया गया। लेकिन उन्हें पुनर्जीवित करने के प्रयासों के बावजूद उनका ब्लड प्रेशर लगातार गिर रहा था और उनकी पल्स रेट अधिक बनी हुई थी जिसकी वजह से उनके पेट में आंतरिक रक्तस्राव की आशंका बढ़ गई थी। इस बीच, ब्लड प्रेशर इतना घट चुका था कि उसे रिकॉर्ड भी नहीं किया जा सका। तब हमने मरीज़ को तुरंत नली लगाकर खून चढ़ाना शुरू किया। उन्हें पेट की आंतरिक चोटों के लिए तत्काल सर्जरी की सलाह दी गई। डॉ नितिन झा, सीनियर कंसल्टैंट, जनरल सर्जरी, फोर्टिस अस्पताल नोएडा ने कहा, सर्जरी के दौरान पाया गया कि मरीज के पेट में काफी अधिक मात्रा में खून जमा हो चुका था, यह करीब 2 लीटर था और इसमें खून के थक्के भी थे।



# प्रशंसा पत्र व नकद इनाम देकर किया सम्मानित

**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान ने गौछी के रहने वाले मेघश्याम को उनके द्वारा ईमानदारी का परिचय देते हुए सराहनीय कार्य करने के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

मेघश्याम ने कुछ दिन पहले सेक्टर 16 में गुम हुआ 44 हजार रुपए कीमत का एक वनप्लस का मोबाइल तथा बदरपुर बॉर्डर पर मिले एक बटुए को जिसमें 34 हजार रुपये थे। उनके मालिक के पास सकुशल वापस पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मेघ श्याम ने ईमानदारी का परिचय देते हुए खोया हुआ सामान उनके मालिकों के पास वापस पहुंचाकर समाज के एक अच्छे नागरिक होने का कर्तव्य निभाया है। आज के समय में बहुत कम व्यक्ति हैं, जो इस प्रकार का ईमानदारी भरा कार्य करते हैं। यदि मेघ श्याम चाहते तो वह खोया हुआ पर्स, जिसमें 34 हजार रुपये थे अपने पास रख सकते थे परंतु उन्होंने ईमानदारी का परिचय देते हुए बटुए में रखे आधार कार्ड के माध्यम से इसके मालिक का पता लगाया।

# मोटे अनाज उत्पादन के लिए किसानों को किया जागरूक

### मोटे अनाज में पौष्टिक फाइबर प्रचुर मात्रा में होते हैं : डीसी

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि सभी लोग स्वस्थ जीवन शैली के लिए खाने में मोटे अनाज का इस्तेमाल करें। वहीं फरीदाबाद जिला में दो मोबाइल वैन द्वारा मोटे अनाज उत्पादन के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। डीसी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में ये मोबाइल वैन गांव-गांव जाकर किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन के लिए जागरूक कर रही हैं।

अन्तरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2022-2023 के तत्वावधान में डीसी विक्रम ने जानकारी देते हुए बताया की जिस प्रकार हमारे परिवारों में बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। उसको रोकने का एकमात्र उपाय मोटा अनाज है। जिसमें पौष्टिक फाइबर प्रचुर मात्रा में शरीर को प्राप्त होते हैं और बीमारियों से लड़ने की शक्ति शरीर को प्राप्त होती है। हमें चाहिए की धीरे-धीरे गेहूं तथा धान की फसल से निकलकर बाजरा, जौ, रागी व कनकी जैसी फसलों पर आना चाहिए। उन्होंने बताया कि विभिन्न माध्यमों से मिलेट्स को बढ़ावा देने को लेकर समय-समय पर लोगों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाना बेहद आवश्यक है साथ ही साथ मिलेट्स जागरूकता कार्यक्रम को अधिकांश शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाना चाहिए। जिससे जहाँ किसान की आमदनी बढ़ेगी और शहरी क्षेत्रों में पनप रही बीमारियों से भी निजात मिलेगी। डीसी ने किसानों को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2022-2023 के अंतर्गत अधिक से अधिक मोटे अनाज के उत्पादन का आह्वान किया और कहा की ज्वार, बाजरा, रागी जैसी फसलों के उत्पादन से फसल चक में भी विविधता आती है। इसका मुख्य लाभ यह होता है की मृदा के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पडता है। साथ ही इस मुहिम से आमजन के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा जिससे किसानों को आर्थिक स्तर पर भी लाभ होगा। फरीदाबाद जिला में मोटे अनाज अनाज की आवश्यकता के विषय में ज्ञान प्राप्त करके वे स्वयं भी अपने-अपने क्षेत्र के गांव में जाकर व किसानों को जागरूक कर रहे हैं।



कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. पवन शर्मा ने किसानो को आह्वान किया है कि समाज में फैल रही बीमारियों का मुख्य कारण हमारी आहार श्रृंखला में गेहूं एवं धान के नियमित सेवन रहा है। उन्होंने कहा कि आज से चालीस-पचास साल पूर्व विशेष मेहमानों के आने पर ही परिवार में गेहूं से निर्मित आहार प्राप्त होता था अन्यथा जौ, चना,ज्वार, बाजरा, बैजर की रोटियां लोगों के भोजन की थाली की शोभा बढ़ाती थीं।

### इंतकाल के केसों में बर्दाश्त नहीं होगी कोताही

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में इंतकाल से संबंधित केसों का निपटारा निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। जिस भी राजस्व विभाग के अधिकारी या कर्मचारी को जो दायित्व मिला है। वह दायित्व सरकार द्वारा जारी हिदायतों अनुसार पूरा करना सुनिश्चित करें।

डीसी विक्रम सिंह सोमवार को दोपहर बाद लघु सचिवालय की बैठक कक्ष में जिला फरीदाबाद की तहसील व उप तहसील वार इन्तकालों से संबंधित केसों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने समीक्षा कर एक-एक करके सभी तहसील व उप तहसील की समीक्षा करके संबंधित राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बैठक में राजस्व से से संबंधित कोर्ट केस, जमाबंदी ऑनलाइन और इंतकाल दर्ज करने आदि मामलों को लेकर समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी कोर्ट केस के फैंसलों और कार्यवाही को भी ऑनलाइन अपलोड करना सुनिश्चित करें।

# आम आदमी पार्टी से जुड़ने के लिए लोगों की लगी भीड़



**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक की देखरेख में पूरे हरियाणा में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उन्हीं के दिशा निर्देशों के अनुसार सोमवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में एनआईटी 86 के ग्रामीण आंचल में सदस्यता अभियान चलाया गया।

एनआईटी 86 में चलाए जा रहे इस सदस्यता अभियान की शुरुआत गांव धौज से की गई, जहां पर काफी लोगों ने पार्टी से जुडने़ की उत्सुकता दिखाई और पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व एवं उनकी नीतियों से सभी लोग खुश हैं और पार्टी से जुडऩा चाहते हैं। इस अवसर पर आप नेता धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि लोगों का मोह तेजी से आम आदमी पार्टी की तरफ हो रहा है और वो जानते हैं कि लोगों का कोई पार्टी भला कर सकती है, तो वह केवल आप पार्टी है। सोमवार को भी दर्जनो साथियों ने आप आदमी पार्टी का दामन थामा। उन्होंने कहा कि दिल्ली एमसीडी चुनावों में जीतने के बाद लोगों का मोह तेजी से आम आदमी पार्टी की तरफ बढ़ रहा है। भड़ाना ने कहा कि भाजपा सरकार डरी हुई और इसी डर के कारण नगर निगम चुनावों से भाग रही हैं क्योंकि इस बार जनता ने नेक नियत वाली आप को चुनने का फैसला कर लिया हैं। फरीदाबाद नगर निगम चुनावों को लेकर भड़ाना ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि मजबूत प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### सिद्ध पीठ श्रीमहाकाली मंदिर में नवरात्र की तैयारियां शुरू


नवरात्रों को सजा सिद्धपीट श्रीमहाकाली मंदिर।

**फरीदाबाद।** सिद्ध पीठ श्रीमहाकाली मंदिर संस्था प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 मार्च 2023 से नवरात्रों महा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के निर्वतमान प्रधान राकेश कुमार ने बताया कि 22 मार्च से 29 मार्च 2023 तक मंदिर प्रांगण में नवरात्र उत्सव मनाया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन माता की चौकी व तत्पश्चात भंडारे का आयोजन जाएगा। इसमें महामाई का गुणगान रोहित कपूर एंड पार्टी, पवन अरोड़ा, गौरव शर्मा, मार्च को सुशील चावला, 26 मार्च को मशहूर कलाकार जॉनी सूफी एंड पार्टी महामाई का गुणगान करेंगी। 27 मार्च को दिल्ली के मशहूर कलाकार हरबंस लाल बंसी जी एंड पार्टी महामाई का गुणगान करेंगी। रोजाना रात को चौकी समाप्त हो जाने के बाद भण्डारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### मिशन जागृति ने शुरू किया रद्दी से सेवा प्रोजेक्ट

**फरीदाबाद।** कहते है आपके पास कुछ भी है वो किसी न किसी रूप में किसी के काम आ सकता है फिर चाहे वो आपकी रद्दी हो या घर में रखा कबाड़ हो।



फरीदाबाद शहर से शुरू हुई सामाजिक संस्था मिशन जागृति ने एक फिर से नई पहल शुरू की है रद्दी से सेवा। इस प्रोजेक्ट के डायरेक्टर गुरनाम सिंह ने बताया कि मिशन जागृति को अपने सामाजिक कामों को करने के लिए लगातार धन की आवश्यकता होती है हालांकि हमारे वालंटियर और दानदाता हर माह दान देते रहते हैं इसके बावजूद भी हमारे बहुत सारे काम होते हैं जिसमें हमें और अधिक धन की आवश्यकता होती है । इस प्रोजैक्ट के सह निदेशक महेश आर्य ने कहा कि बहुत सारे नागरिक किसी न किसी रूप में मिशन जागृति के साथ जुड़ना चाहते है इसी को ध्यान में रखते हुए हमने इस प्रोजेक्ट को शुरू किया है। हम लोगों से आह्वान करते हैं यदि आपके घर में पुरानी रद्दी, किताबें कॉपियां या किसी भी प्रकार का कबाड़ हो वह हमें दें ताकि उसको बेच कर हम उस पैसे से बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा या कोई और दूसरा काम कर सकते हैं।

### कॉलेज में कार्यशाला का किया शुभारंभ



**बल्लभगढ़।** सुषमा स्वराज राजकीय कन्या महाविद्यालय, बल्लभगढ़ में, रोड सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य राजपाल ने किया। राजपाल ने इस अवसर पर, पंडित जवाहर लाल नेहरु राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमके गुप्ता, नेशनल सर्व मास्टर ट्रैनिंग, रेडक्रॉस/रोड साफ्टी, दर्शन भाटिया, गीता उप्रिती, गुलशन भाटिया, का स्वागत किया एवं सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया तथा सड़क सुरक्षा नियमो को पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी नोडल ऑफिसर डॉ सौरभ त्रिपाठी, एवं डॉ भावना कौशिक, शिवानी यादव ने रोड सेफ्टी क्लब के तत्वाधान में किया। कार्यशाला के पहले और दुसरे सत्र गीता उप्रिती, ने छात्राओं को गुड समारितन और रक्त दान के सन्दर्भ में जागरूक किया। तीसरे और चौथे सत्र में दर्शन भाटिया ने सड़क सुरक्षा नियम, सड़क पर लगे प्रतिक/ चिन्ह के बारे में छात्राओं को जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. सपना नागपाल, डॉ. सपना सचदेवा, रमनप्रीत, डॉ. ऋचा, चन्द्रसेखर एवं प्रेमराज एवं अन्य नान टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

### रावल स्कूल में एप्रिशिएशन और ग्रेजुएशन दिवस मनाया



**फरीदाबाद।** रावल पब्लिक स्कूल ने एप्रिशिएशन और ग्रेजुएशन दिवस मनाया। इस आयोजन का विषय तम-तारा-रम था। कार्यक्रम की आभा अपने चरम पर थी और सभी रावलियन्स उत्साह से प्रफुल्लित थे। बच्चों की प्यारी मुस्कान और माता-पिता की भारी उपस्थिति ने इस शानदार आयोजन को गर्मजोशी से भर दिया। स्कूल में उत्सव जैसा नजारा था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना से हुई। इस कार्यक्रम में रावल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन सीबी रावल, प्रो-चेयरमैन अनिल रावल, रावल इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. सीवी सिंह, डॉ. मधु पाराशर, प्रिंसिपल, राइजमैक्स कॉलेज, अनिल प्रताप, प्रशासक, रावल संस्थान उपस्थित थे। इस अवसर पर रावल समूह के प्रख्यात शिक्षाविद् और अग्रणी सीबी रावल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। द्वितीय चरण में द्वितीय व तृतीय और चतुर्थ कक्षा के विद्यार्थियों ने भी नृत्य प्रस्तुत किया। इस शानदार नृत्य को देख अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गए। अंत में सीबी रावल ने केजी कक्षा के सभी अचीवर्स को सम्मानित किया। बच्चों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा, ये प्रतिभाशाली बच्चे हमारे देश का भविष्य तय करेंगे, बच्चों द्वारा किए गए प्रयासों को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों के अथक प्रयास की सराहना की। प्रो चेयरमैन अनिल रावल भी इस मौके के साक्षी बने। बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम ग्रैंड फिनाले के बाद राष्ट्रगान के साथ इस भव्य कार्यक्रम का समापन हुआ।

### बिल को लेकर ग्रामीणों संग की बैठक

**फरीदाबाद।** ब्लॉक तिगांव के गांव ढकोला में सोमवार को गांव में पानी के बिलों के कलेक्शन को लेकर पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि योगेश कुमार के नेतृत्व में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में विभाग के जिला सलाहकार सत्यनारायण नेहरा ने ग्रामीणों को पानी के बिल को भरने के ऑनलाइन प्रोसेस के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं पानी के बिलों को भरने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने ग्रामीणों को अपने स्तर पर अपने नलों पर टैप लगाकर जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर ब्लॉक तिगांव की बीआरसी सुमनलता ने ग्रामीणों को स्न्हृद्म किट के बारे में बताकर ग्रामीणों को अपने स्तर पर पानी जांच के लिए जानकारी दी।



पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 21 मार्च, 2023



# हिंदी फिल्म

## नार्वे की आपत्ति

**नार्वे** के राजदूत ने उचित ही हिंदी फिल्म 'मिसेज़ चटर्जी वर्सेज नार्वे' पर आपत्ति की है। आमतौर से राजदूत हिंदी फिल्मों पर प्रतिक्रिया नहीं करते हैं, पर नार्वे के राजदूत ने ऐसा किया है। भारत में नार्वे के राजदूत हैंस जैकब फ्राइडेनलुंड ने पिछले सप्ताह रानी मुखर्जी की फिल्म 'मिसेज़ चटर्जी वर्सेस् नार्वे' पर आपत्ति करते हुए कहा कि इसमे 'तथ्यात्मक गलतियां' हैं तथा यह 'नार्वे को एक लापरवाह देश की तरह' पेश करती है। यह फिल्म 2011 की उस असली घटना पर आधारित है जब एक भारतीय आप्रवासी युगल के दो बच्चों को नार्वे की 'पालक व्यवस्था' ने अलग कर दिया था जिसका कारण संभवत: संस्कृति में अंतर था। फ्राइडेनलुंड ने स्पष्ट किया कि ऐसा उनके देश में नहीं होता है। उन्होंने 'स्पष्ट रूप से इनकार किया कि हाथों से खिलाने तथा एक ही बिस्तर में सोने के कारण ही बच्चों को वैकल्पिक देखभाल के लिए अलग नहीं किया गया था।' अखबार में प्रकाशित एक लेख में उन्होंने लिखा कि वे स्वयं अपने बच्चों को हाथों से खिलाते थे और उनको अपने ही बिस्तर में सुलाते थे। नार्वे दूतावास ने भी एक बयान में कहा, 'बच्चों को कभी सांस्कृतिक भिन्नताओं के कारण उनके परिवारों से अलग नहीं किया जाता है, जैसा कि बताया गया है। बच्चों को अपने हाथों से खिलाना या उनको अपने साथ बिस्तर में सुलाना बच्चों के लिए हानिकारक व्यवहार नहीं माने जाते हैं और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि चाहे जो हो यह नार्वे में असामान्य बात नहीं है।' मुख्य मुद्दा यह था कि क्या भारतीय पश्चिमी देशों और केवल पश्चिमी देशों से अत्यधिक व अतार्किक उम्मीदें रखते हैं? उदाहरणार्थ, गैर-मुसलमानों को सऊदी अरब में पूजा की अनुमति नहीं है, लेकिन क्या किसी फिल्म निर्माता ने इस पर प्रतिक्रिया की है? यहां कुछ बिंदुओं पर जोर देना जरूरी है। किसी भी देश को अपनी परंपराओं, प्रथाओं, व्यवहारों व संस्कृति को बनाए रखने का अधिकार है। कितने भारतीय प्रवासी नार्वेवासियों, जर्मनों, आदि को हरिद्वार, वाराणसी या ऋषिकेश में धूप सेंकते देख कर प्रसन्न होंगे? इसी प्रकार क्या पाकिस्तानी कराची के समुद्र तटों पर ऐसे दृश्य देखना पसंद करेंगे? यदि भारत और पाकिस्तान के अधिकारी समुद्र तटों पर खास 'ड्रेस कोड' लागू करते हैं तो उनको 'नस्लवादी' नहीं कहा जा सकता है। इसी प्रकार यदि यूरोपीय देश रात भर चलने वाले भगवती जागरणों, भजनों में लाउडस्पीकरों के प्रयोग से पूरी बस्ती की नींद हराम करने या लाउडस्पीकरों पर अजान को प्रतिबंधित करते हैं तो उनकी भी 'नस्लवादी', असहिष्णु या ईश्वर-विरोधी कह कर निन्दा नहीं की जानी चाहिए। दूसरा महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि हर सुविधा के लिए कुछ कीमत चुकानी पड़ती है। भारतीय अक्सर स्कैंडिनेवियन देशों की शानदार सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था की प्रशंसा करते हैं। उनको यह भी समझना चाहिए कि इसकी एक वित्तीय तथा अन्य प्रकार से कीमत होती है। अनेक प्रकार की खैरातों का अर्थ होता है कि लोगों पर भारी टैक्स लगाया जाता है तथा इसके साथ ही राज्य की भूमिका बढ़ जाती है। इसका नतीजा गतिरोध हो सकता है। स्वीडेन ने इसका सामना 1994 में किया और इसके बाद उसने अपनी आर्थिक नीति में आमूल परिवर्तन किया। इसके साथ ही अन्य प्रकार के खामियाजे भी भुगतने पड़ सकते हैं। 'बिग स्टेट' या राज्य की बढ़ती भूमिका का अर्थ न केवल अर्थव्यवस्था, बल्कि लोगों के जीवन में भी काफी हस्तक्षेप होता है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जेराल्ड फोर्ड ने कहा था, 'आपको आपकी इच्छानुसार सब कुछ देने वाली सरकार इतनी बड़ी होती है कि वह अपनी इच्छा से आपका सब कुछ छीन भी सकती है।' भारतीयों को ये तथ्य अनदेखे नहीं करने चाहिए।



# भारतीय बैंकों की स्थिति मजबूत

भारतीय फिल्म के लिए आस्कर तथा पिछले एक दशक में भारतीय बैंकों के शानदार प्रदर्शन से भारत की मजबूत स्थिति स्पष्ट होती है।



**विकास नारायण मिश्र**
(लेखक, पूर्व बैंकर हैं)



लगभग एक महीने पहले हिंडेनबर्ग रिपोर्ट के कारण अनेक लोगों ने भारतीय बैंकों व एक खास बिजनेस हाउस से उनके संबंधों को लेकर अपनी चिन्तायें व आशंकायें प्रकट की थीं। इस कारण भारत के मजबूत ढांचे तथा भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की हालिया उपलब्धियां स्वाभाविक रूप से प्रकाश में आईं। पहले कभी नियामक ने एक बयान जारी कर यह नहीं कहा था कि भारतीय बैंकिंग व्यवस्था का आकार तथा उसकी जीवन्तता इतनी विशाल व मजबूत है कि उस पर एक घटना का असर नहीं पड़ेगा। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने भी कहा है कि भारत का बैंकिंग क्षेत्र मजबूत है तथा उनके अनेक आयाम, जैसे पूंजी की उपलब्धता, परिसंपत्तियों की गुणवत्ता, तरलता, प्राविधानों की कवरेज व मुनाफा स्वस्थ स्थिति में हैं। पूरे देश ने राहत की सांस ली कि हमारे बैंक सुरक्षित हैं। लेकिन इस प्रकरण पर धूल ठीक से बैठी भी नहीं थी कि 8000 किलोमीटर दूर सिलिकान वैली में गंभीर गड़बड़ियों की खबर मिली। 40 साल पुराना तथा अमेरिका का 16वां सबसे बड़ा सिलिकान वैली बैंक-एसवीबी ध्वस्त हो गया। इसके बाद एक और सिंडीकेट बैंक-एसबी का भी पतन हो गया। जैसे इतना काफी न रहा हो, एक और संकट सामने आ गया। आजकल स्विटजरलैंड के ज्यूरिक में वैश्विक निवेश बैंक व वित्तीय सेवायें प्रदान करने वाला क्रेडिट स्विस खबरों में है। उसके शेयरों का मूल्य 15 मार्च को 30 प्रतिशत से अधिक गिर गया।

हमें इन घटनाओं को किस तरह देखना चाहिए? तथ्य यह है कि एसवीबी व एसबी का तेजी से पतन हुआ। अमेरिकी बैंकिंग इतिहास में तीन बड़े बैंकों में से इन दो के पतन के साथ ही 2008 में तीसरा पतन वाशिंगटन म्यूचुअल का हुआ था। बैंकों में 8 प्रकार के प्रमुख जोखिम हैं जिनमें क्रेडिट, ब्याज बाजार, तरलता, आपरेशनल, कंप्लायेंस, प्रशासन व साख शामिल हैं। एसवीबी की विफलता का कारण ब्याज व तरलता संकट था। थोड़े समय में ब्याज दरों में तेजी से वृद्धि से बैंक पर संकट आ सकता है, अमेरिका में मार्च, 2022 से यही हुआ है। फेडरल रिजर्व आक्रामक रूप से ब्याज दरें बढ़ा रहा है। उसने इसमें 4.5 प्रतिशत की वृद्धि की जो अब 4.75 प्रतिशत है और देश में मुद्रास्फीति घटाने के लिए जल्द ही 6 प्रतिशत पहुंच सकता है। इससे कर्ज पर आय बढ़ी है। सिक्यूरिटी पर आय बढ़ने से कीमतें नीचे आई हैं। एसवीबी ने अपनी परिसंपत्तियों का बहुत बड़ा 55 प्रतिशत निश्चित आय सिक्यूरिटीज़ में लगाया है। ब्याज दर बढ़ने से बाजार में बांडों की कीमतें घटती हैं, लेकिन यह यह उस समय तक चिन्ता का कारण नहीं बनता है जब तक स्वामी उसे परिपक्वता तक धारण-एचटीम कर सकता है। उस बिंदु पर वह बिना किसी नुकसान के मूल कीमत प्राप्त कर सकता है। होने वाला नुकसान बैंक की बैलेंसशीट में छिपा रहता है और समय बीतने के साथ गायब हो जाता है। लेकिन यदि स्वामी बाजार मूल्य कम होने पर सिक्यूरिटीज़ बेचता है तो यह वास्तविक नुकसान में बदल जाता है। एसवीबी को इस स्थिति का सामना करना पड़ा क्योंकि ग्राहक अपना पैसा निकालने पर जोर दे रहे थे। इस कारण एसवीबी को भारी घाटे पर अपने काफी बांड बेचने पड़े। इससे तरलता का संकट पैदा हुआ जो ब्याज दर जोखिम के बाद पड़ने वाला प्रभाव है।

तरलता संकट का अर्थ है कि बैंक आवश्यकता पड़ने पर बिना नुकसान के अपना दायित्व निभाने में विफल हो जाए। एसवीबी के ग्राहक तेजी से अपना पैसा निकाल रहे थे जिसका भुगतान सुरक्षित नकदी से नहीं हो सकता था। इसलिए बैंक ने 21 बिलियन डाल की सिक्यूरिटीज़ 1.8 बिलियन डालर के नुकसान पर बेचने का निर्णय किया। शेयर बाजार में गिरावट के कारण कर्जदाता को नई पूंजी के रूप में 2 बिलियन डालर एकत्र करना पड़ा। इससे शेयर बाजार में घबराहट फैली तथा बैंक की साख गिर गई। इससे और ज्यादा लोग पैसा निकालने लगे। इस प्रकार की स्थितियों में कोई स्वस्थ बैंक भी दीवालिया हो सकता है। भारत में भी यह एक-दो बार हो चुका है। डिजिटल युग में लोग अपने घरों से पैसा निकाल सकते हैं, इसलिए ऐसी घटना की संभावना बढ़ जाती है। सिग्नेचर बैंक को भी ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा। तरलता संकट के कारण लोग इस बैंक से भी पैसा निकालने लगे।

एसवीबी व एसबी की जमा 90 प्रतिशत तक बीमा के बाहर थी जो पूरे मुद्दे में एक और खतरनाक आयाम था। एसवीबी का बिजनेस माडल भारतीय बैंकों से अलग है क्योंकि इसका संसाधन कार्पोरेट क्षेत्र है, जबकि भारत में खुदरा व्यापारी व परिवार बैंकिंग व्यवस्था में ज्यादा जमा करते हैं जो लगभग 63 प्रतिशत है। उनकी जमा 6 महीने से पांच साल तक के लिए होती है तथा लोग सरकारी सिक्यूरिटी-जीसेक पसंद नहीं करते हैं। परिसंपत्तियों के मामले में गौर करें तो 65 प्रतिशत परिसंपत्तियां तथा 25 प्रतिशत निवेश होता है। निजी बैंकों-पीवीबी में 18 प्रतिशत तथा सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों-पीएसबी में 22 प्रतिशत जीसेक हैं। निवेश का पैटर्न भी अलग है। भारत में बैंकों में निवेश हर 100 रुपये में से 65 रुपये कर्ज में तथा 25 रुपये बांडों में व अन्य कर्ज में जाते हैं। एसवीबी का निवेश बांडों व दीर्घकालीन सिक्यूरिटीज़ में 55 प्रतिशत था।

15 मार्च को क्रेडिट स्विस के शेयर सबसे निचले स्तर पर आ गए जिससे दुनिया भर के बाजारों में काफी बेचैनी फैल गई। लेकिन स्विस नेशनल बैंक ने 54.5 बिलियन डालर की लाइफलाइन क्रेडिट स्विस को दे दी जिससे उसके शेयर फिर पुरानी स्थिति में आ गए। स्विस सेंट्रल बैंक का यह कदम अमेरिकी नियामकों द्वारा एसवीबी व एसबी का नियंत्रण अपने हाथ में लेने के कुछ ही दिन बाद सामने आया। एचएसबीसी ने एसवीबी की ब्रिटिश शाखा को नाममात्र के पैसे में अधिग्रहीत कर लिया। ये वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में उथलपुथल के संकेत हैं। वित्तीय व्यवस्थाओं में दरारें दिखने लगी हैं और ऐसे में यह सवाल है कि क्या वे उसी तरह व्यापक विस्फोट को जन्म देंगी जैसा 15 साल पहले हुआ था?

प्रख्यात अर्थशास्त्री नोरियल रूबिनी को उनकी आमतौर से निराशाजनक, लेकिन सटीक पूर्वानुमानों के लिए 'डा. डूम' कहा जाता है। उन्होंने कहा है कि क्रेडिट स्विस की दशा लेहमैन ब्रदर्स वाली हो सकती है। वह इतना बड़ा है कि उसे बचाया नहीं जा सकता है। दुनिया के सबसे बड़े परिसंपत्ति प्रबंधक 'ब्लैकराक' के संस्थापक लैरी फिंक ने कहा था कि हम 'धीरे-धीरे एक संकट की ओर बढ़ रहे हैं जहां सैकड़ों छोटे बैंक अमेरिका की तरह डूब जाएंगे जैसा कि 1980 के दशक में बचत व कर्ज संकट के दौरान दिखाई पड़ा था।' लेकिन एक चीज स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय नियामकों ने पिछले संकट से सबक सीखा है। इसके अनुसार गति मूल चीज है।

अमेरिकी फेडरल तथा बैंक आफ इंग्लैंड ने वास्तव में समाधान खोजने के लिए तेजी से काम किया है। बार-बार अस्थिरता की इन घटनाओं से स्पष्ट है कि जब आप लगभग 15 साल से जारी करीब शून्य ब्याज दर की व्यवस्था को उलटते हैं, जैसा कि अमेरिका व ब्रिटेन में हुआ है तो अचानक चीजें टूटमी हैं जो एसवीबी व एसबी के पतन से स्पष्ट है। लेकिन हमेशा सेंट्रल बैंक फौरन सहायता नहीं करते हैं, फिर चाहे वह पश्चिम में हो या पूरब में। एसवीबी का पतन परिसंपत्तियों व दायित्वों में असंतुलन का उदाहरण है जहां अल्पकालीन रूप से प्राप्त पैसे को दीर्घकालीन कर्ज में लगा दिया जाता है। आईएलएंडएफएस संकट के बाद भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग में यही हुआ था, जब विभिन्न दीर्घकालीन कर्ज योजनाओं में अल्पकालीन समय के लिए प्राप्त पैसा लगाया गया था। विफल ग्लोबल ट्रस्ट बैंक का 2004 में पीएसबी में विलय किया गया था जो शेयर बाजार में बहुत उत्साह से तथा नियामकों द्वारा निर्धारित सीमा से आगे बढ़ कर भाग ले रहा था।

वह 2001 के शेयर बाजार घोटाले में भी शामिल था। भारतीय बैंक आज आकर्षण का केन्द्र हैं और पिछले दशक में उनका सर्वोत्तम प्रदर्शन सामने आ रहा है। 2023 में हमारे गवर्नर को अंतराष्ट्रीय प्रकाशन सेंट्रल बैंकिंग द्वारा 'गवर्नर आफ द इयर' से सम्मानित किया गया है। ऐसे में समय आ गया है कि हम नियामकों की त्वरित कार्रवाई के साथ ही ज्यादा विनियमनों के साथ उदारीकरण की ओर आगे बढ़ें।

# आत्मविश्वास बढ़ाते हैं सामाजिक त्यौहार

"सामाजिक उत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने में काफी मददगार होते हैं।"

**पूजा हरलालका**
(लेखिका सामाजिक-भावात्मक लर्निंग से जुड़ी हैं)



सामाजिक त्यौहार और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास और पारस्परिक कौशल के निर्माण में सहायता करने के लिए अद्भुत अवसर प्रदान करते हैं। पारस्परिक कौशल में दूसरों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने और बातचीत करने की क्षमता शामिल है और आत्मविश्वास स्वयं और स्वयं की क्षमताओं में विश्वास है, जो दोनों दूसरों के साथ सकारात्मक संबंध बनाने के लिए आवश्यक हैं। इस लेख में, हम कुछ तरीकों पर गौर करेंगे कि ये आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और पारस्परिक कौशल को बनाने में कैसे मदद करते हैं।

सामाजिक त्योहारों और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अक्सर बच्चों के बीच टीम वर्क और सहयोग की आवश्यकता होती है। इन आयोजनों के दौरान, बच्चों को अपने स्वयं के और विभिन्न स्कूलों और पृष्ठभूमियों सहित कई लोगों और टीमों के साथ सहयोग करने की आवश्यकता होती है। घटनाओं के लिए योजना बनाते समय और फिर घटना के दौरान भी सहयोग अलग-अलग और समय की अवधि में होता है। एक सामान्य लक्ष्य के लिए एक साथ काम करके, बच्चे प्रभावी ढंग से संवाद करना, विचारों को साझा करना और रचनात्मक तरीके से संघर्षों को हल करना सीखते हैं। इन पारस्परिक कौशलों को विकसित करने से भी बच्चे सफल महसूस करते हैं और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है।

सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व और सामाजिक जागरूकता : सामाजिक त्योहार और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं के संपर्क में लाते हैं, जो उनके क्षितिज को व्यापक कर सकते हैं और उन्हें दूसरों के प्रति सहानुभूति और समझ विकसित करने में मदद कर सकते हैं। बच्चे नए दोस्त और संपर्क बना सकते हैं, जो उन्हें अपने समुदाय से अधिक जुड़ाव महसूस करने और अपनेपन की भावना विकसित करने में मदद कर सकते हैं। ये आयोजन इसे विकसित करने का एक शानदार तरीका है क्योंकि वे बहुत सारे बच्चों को एक साथ लाते हैं, विभिन्न स्कूलों और पृष्ठभूमि से मज़ेदार, संबंधित तरीके से, एक साथ काम करते हैं और इस तरह एकता और भाईचारे की भावना पैदा करते हैं। ये विशेष बातचीत और अनुभव बच्चों को विविधता और मतभेदों की अधिक सराहना करना और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के प्रति अधिक स्वीकार्य, सहिष्णु और समावेशी होना सिखाते हैं। ये आयोजन अपने साथ बच्चों को अपनी संस्कृति के प्रतिनिधि बनने, इसे दूसरों के साथ साझा करने और इसके बारे में सिखाने की क्षमता लाते हैं।



रचनात्मकता और कौशल- सामाजिक त्यौहार और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को अपनी दैनिक कक्षाओं से परे अपने कौशल और प्रतिभा का दोहन, विकास और प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। ये आम तौर पर रचनात्मक अभिव्यक्ति की विभिन्न श्रेणियों के व्यापक स्पेक्ट्रम पर और अधिक, सार्वजनिक बोलने, नृत्य, संगीत और ट्रिविया तक सीमित नहीं हैं, जो दर्शकों के सामने प्रदर्शित होते हैं। यह अनुभव बच्चों के लिए अविश्वसनीय रूप से सशक्त हो सकता है, क्योंकि इससे उन्हें अपनी क्षमताओं में गर्व और उपलब्धि की भावना विकसित करने में मदद मिलती है।

दूसरों के सामने प्रदर्शन करने के लिए भी साहस, आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान की आवश्यकता होती है। उनके प्रयास, कौशल और प्रतिभा के लिए पहचाने जाने से बच्चों को मूल्यवान और सराहना महसूस करने में मदद मिलेगी। सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करने से उनके आत्म-सम्मान को बढ़ावा मिल सकता है और उन्हें खुद पर और अपनी क्षमताओं में अधिक आत्मविश्वास महसूस करने में मदद मिल सकती है और साथ ही उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा सकता है। इन सामाजिक अंत:क्रियाओं में, बच्चे न केवल सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करने के महत्वपूर्ण कौशल सीखते हैं, बल्कि यह उनके लिए दूसरों की सराहना करने और सकारात्मक प्रतिक्रिया देने में सक्षम होने के लिए मंच भी तैयार करता है।

ये सामाजिक त्यौहार और इंटर-स्कूल सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को एक अनूठा मंच प्रदान करते हैं जहां उनके पास अपने स्कूल और विभिन्न स्कूलों के साथियों के साथ सहयोग करने, मिलने और सामूहीकरण करने, अपनी प्रतिभा दिखाने और विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के बारे में सिखाने और सीखने की क्षमता होती है। . स्कूलों और समुदायों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे इन आयोजनों में अधिक से अधिक भागीदारी को समर्थन और प्रोत्साहित करें, क्योंकि ये बच्चे के विकास और कल्याण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं।

ये कौशल हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा होते हैं और अक्सर हमारे जीवन के लगभग सभी पहलुओं के मूल में होते हैं। इसलिए, अपने बच्चों को आकार देने के लिए जगह बनाकर उन्हें सशक्त बनाना, उनके पूरे जीवन में उनकी अच्छी सेवा करेगा।

## आप की बात

### अमृतपाल पर शिकंजा

**अमृतपाल** ने पंजाब में खालिस्तान के नाम पर युवाओं का एक बहुत बड़ा गुट तैयार कर लिया है जिसके लिए उसे पाकिस्तान कनाडा सहित कई देशों में रहने वाले भारत-विरोधी तत्वों से धन, समर्थन व हथियार प्राप्त हो रहे हैं। खुशी की बात है कि केंद्र सरकार ने इस मामले में बिना देर किए योजना बनाकर तत्काल कार्यवाही को अंजाम दिया अन्यथा भिंडरावाले की तरह यह एक नया खालिस्तानी आतंकवादी न जाने देश को कितना नुकसान पहुंचा सकता था। लेकिन पुलिस की 20 टीमें लगने के बाद भी उसका छुपा रहना यह दर्शाता है कि स्थानीय स्तर पर उससे भयभीत लोग उसे चाहे अनचाहे पनाह दे रहे हैं। मगर उसका नेटवर्क तोड़ देने से अब अधिक दिन तक कानून के हाथों से बचकर नहीं रह पाएगा। केंद्र व राज्य सरकारों को देश के खिलाफ उठने वाली ऐसी हर आवाज को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्यवाही करनी चाहिए। हम बाहरी दुश्मनों से निपटने में सक्षम है मगर भीतरी दुश्मन स्थानीय जनता व कभी-कभी धर्मग्रंथों की आड़ लेकर खुद को बचाने में कामयाब हो रहे हैं। इन्हें समर्थन देने वालों को भी सख्त सजा मिलनी चाहिए। देश की जनता अमृतपाल जैसे देश-विरोधी तत्वों के खिलाफ हर प्रकार की कठोरतम कार्रवाई का समर्थन करती है।

**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### संस्थानों पर सवाल

**एक** साल से अधिक समय हो गया रुस-यूक्रेन युद्व के चलते। दोनों ओर के हजारों सैनिक और नागरिक शहीद हो गए। घर के घर क्या शहर के शहर वीरान हो गए। बहुतों ने पलायन कर दूसरे देशों में शरण पाकर जान बचाई। लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ कुछ भी नहीं कर पाया। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय न्यायलय ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेनी बच्चों के अपहरण, देशनिकाला और युद्व-अपराध के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया। चीन की वुहान लैब से दुनिया में फैले कोरोना वायरस से लाखों लोग शिकार हुए व करोड़ों बीमार साथ ही आम लोगों से लेकर दुनिया के देशों तक की अर्थव्यवस्था भी गड़बड़ाई किन्तु बारम्बार जाँच हेतु प्रतिनिधि भेजने के बाद भी अभी तक विश्व स्वास्थ संगठन चीन को दोषी प्रमाणित नहीं कर पाया। विश्व स्तर पर बड़ी-बड़ी घटनाएं हुई और हो रही है जिसके समाधान व रोकथाम के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थानों का गठन किया गया है किन्तु वे केवल बयान व उपदेश तक ही सीमित रह पा रही हैं। अंतराष्ट्रीय संस्थानों के पुनर्गठन तथा उनमें भारत समेत दुनिया के अन्य देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ाना जरूरी हो गया है।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर


### भारत-विरोधी तत्व

**ऑस्ट्रेलिया** स्थित भारतीय राजदूत नवदीप सूरी ने स्थिति का सटीक विवेचन कर इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया है कि ऑस्ट्रेलिया कनाडा या अन्य देशों में जो भारत विरोधी गतिविधियां चल रही हैं, हिंदू मंदिरों पर जो नारे लिखे जा रहे हैं, उनमें घुसपैठ की जा रही है, तोड़फोड़ की जा रही है या भारतीयों का आने से रोका जा रहा है, ऐसे मामले में विदेशों में रहने वाले आप्रवासी सिखों का एक बड़ा हिस्सा इन सब मामलों से दूर है। चंद सिख ही इन सब वारदातों में शामिल और सक्रिय हैं। इसके लिए भी उन्हें आईएसआई व अन्य भारत-विरोधी संस्थाओं से भरपूर पैसा व समर्थन मिल रहा है। खालिस्तानी आंदोलन की जड़ें काटने के लिए सबसे पहले इस सपोर्ट को खत्म करना होगा। देश के भीतर विशेष तौर से पंजाब की पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर अधिक सख्ती व गुप्तचरों का जाल बिछाना होगा। राज्य सरकारों तथा खासकर पंजाब सरकार व सभी राजनीतिक दलों को देश-विरोधी व खालिस्तान-समर्थक तत्वों का सफाया करने पर पूर्ण राजनीतिक सहमति विकसित करनी बहुत जरूरी है।

**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

## फरमाया




**भारत**-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी लोकतांत्रिक सिद्धांतों और कानून के अंतरराष्ट्रीय शासन के प्रति सम्मान पर आधारित है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**यह** टारगेट करने और परेशान करने की कोशिश है। वे डरा-धमकाकर हमें कमजोर करना चाहते हैं, लेकिन हम न डरेंगे और न कमजोर होंगे।

– **मल्लिकार्जुन खड़गे**
कांग्रेस अध्यक्ष



**नई** दिल्ली के साथ टोक्यो का आर्थिक सहयोग तेजी से बढ़ रहा है जो न केवल भारत के विकास में सहायक होगा बल्कि जापान के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक अवसर पैदा करेगा।

– **फ्यूमियो किशिदा**
जापान के पीएम

# गांवों में निर्मित करें खेल का बेहतर वातावरण: मुख्यमंत्री

- सीएम ने युवक व महिला मंगल दलों को वितरित की खेल प्रोत्साहन सामग्री
- अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रशिक्षकों को 1.5 लाख रुपए प्रतिमाह के मानदेय पर प्रदान किया नियुक्ति पत्र



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'खेलो इण्डिया एवं फिट इण्डिया' अभियान के माध्यम से देश में खेल एवं खेल भावना का विकास किया जा रहा है। आज सांसद खेल महाकुम्भ सभी संसदीय क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे हैं। इससे युवाओं को आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिल रहे हैं। देश में खेल के प्रति एक सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात सोमवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में युवक एवं महिला मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री वितरित करने के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि युवक एवं महिला मंगल दल अपनी ग्राम पंचायतों को आपसी सौहार्द व समन्वय का एक बेहतरीन केन्द्र बना सकते हैं। प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना' को साकार करते हुए युवक एवं महिला मंगल दल अपनी ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। सीएम ने कहा कि विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, ओलम्पिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड, वर्ल्ड चैम्पियनशिप इत्यादि में हमारे खिलाड़ी अधिक संख्या में प्रतिभाग कर रहे हैं और पदकों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। प्रदेश सरकार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को खेल प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त करते हुए उन्हें डेढ़ लाख रुपये मासिक मानदेय उपलब्ध कराने की कार्यवाही कर रही है। उन्होंने युवाओं से पठन-पाठन के साथ खेल व अन्य गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवक एवं महिला मंगल दल देश की नींव और समृद्धि का आधार हैं। युवक मंगल दल का गठन 1956 में तथा 1985-86 में महिला मंगल दल का गठन हुआ था। आज इन्हें और विस्तार देने की आवश्यकता है। राज्य सरकार ने विगत 5 वर्षों में युवक एवं महिला मंगल दलों को 65 हजार स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करायी हैं। आज लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में युवक एवं महिला मंगल दलों को 15 हजार स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करायी जा रही हैं। स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराने का कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। प्रदेश सरकार आगामी वर्ष तक सभी ग्राम पंचायतों के युवक एवं महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराने का सफल प्रयास करेगी। युवक एवं महिला मंगल दल उपलब्ध करायी जा रही स्पोर्ट्स किट को अपने गांव में खेल-कूद की गतिविधियों का आधार बनाएं। गांवों में खेल का एक बेहतर वातावरण निर्मित करें और विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन करें। यह मंगल दल युवाओं व बच्चों को नेतृत्व प्रदान करते हुए उन्हें खेल के प्रति प्रेरित करें। गांवों में खेल का मैदान खेल के साथ विभिन्न मांगलिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन स्थल का बेहतरीन माध्यम भी सिद्ध होगा। गांवों को सुन्दर, सुरक्षित, खुशहाल, आत्मनिर्भर व रचनात्मक गतिविधियों का केन्द्र बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। सभी गतिविधियों में हमारे गांव स्मार्ट विलेज के रूप में दिखेंए ऐसा हम सबका प्रयास होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, प्रशिक्षकों को 1.5 लाख रुपए प्रतिमाह के मानदेय पर खेल प्रशिक्षक का नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इनमें कॉमनवेल्थ गेम्स में प्रतिभाग कर चुके एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित एथलेटिक्स खिलाड़ी जसविन्दर सिंह भाटिया को आवासीय एथलेटिक्स छात्रावास वाराणसी का खेल प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। पूर्व ओलम्पियन एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित गोरखपुर की हॉकी खिलाड़ी प्रेम माया को वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर में तथा पूर्व ओलम्पियन एवं ध्यानचन्द पुरस्कार से सम्मानित हॉकी खिलाड़ी सैय्यद अली को गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ में खेल प्रशिक्षक नियुक्त किया गया। एशियन गेम्स में कांस्य पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी श्रीमती रंजना गुप्ता को आवासीय हॉकी बालिका छात्रावास लखनऊ में तथा पूर्व ओलम्पियन हॉकी खिलाड़ी श्री शकील अहमद खान को आवासीय हॉकी छात्रावास वाराणसी, वर्ल्ड कप एवं एशियन गेम्स में प्रतिभाग कर चुके लक्ष्मण पुरस्कार से सम्मानित हॉकी खिलाड़ी रजनीश कुमार मिश्रा को आवासीय हॉकी छात्रावास लखनऊ में और एशियन गेम्स में प्रतिभाग कर चुके फुटबॉल खिलाड़ी शम्सी रज़ा को आवासीय फुटबॉल छात्रावास वाराणसी में खेल प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। साथ ही, उन्होंने 26वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में लोक गीत विधा में प्रथम पुरस्कार विजेता जनपद महोबा की महिला मंगल दल की लोक कलाकारों को भी सम्मानित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों के युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दलों के स्टॉलों का अवलोकन किया। कार्यक्रम को खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण नवनीत सहगलए सचिव युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल सुहास एलवाई, खेल निदेशक आरपी सिंह सहित शासन.प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# नवनिर्मित पुलिस लाइन्स को मॉडल के रूप में विकसित किया जाए

- सीएम के समक्ष पुलिस-पीएसी की योजनाओं के संबंध में प्रस्तुतिकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के समक्ष सोमवार को उनके सरकारी आवास पर पुलिस एवं पीएसी की विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बनने वाली पुलिस लाइन्स को मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। इनमें उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्यों एवं उपलब्धियों के सम्बन्ध में एक म्युजियम बनाया जाए। इसके साथ हीए प्रत्येक पुलिस लाइन्स में शहीद स्मारक के निर्माण की कार्यवाही भी की जाए। पुलिस लाइन्स में सेफ सिटी परियोजना के लिए स्थान होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थापित हो रहे उत्तर प्रदेश स्टेट इन्स्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज के निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए इसे शीघ्र पूरा किया जाए। इसे विश्वस्तरीय संस्थान के रूप में विकसित किया जाए। इस वर्ष इसमें कुछ कोर्सेज की शुरुआत कर दी जाए। इनमें पोस्ट ग्रेजुएट तथा अण्डर ग्रेजुएट कोर्सेज के साथ पीजी डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट कोर्स भी शुरू किए जाएं। इनमें ड्रोन सिक्योरिटी, ड्रोन टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी, टॉक्सिकोलॉजी, डीएनए, जीनोम सिक्वेंसिंग सहित न्यू ऐज कोर्सेज संचालित किए जाने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएसी वाहिनियों में भी म्युजियम तथा शहीद स्मारक की स्थापना की जाए। समस्त पीएसी वाहिनियों में खेलकूद की गतिविधियां होनी चाहिए। पीएसी की विभिन्न वाहिनियों के मध्य स्पोर्ट्स मीट का आयोजन कराया जाए। पीएसी वाहिनियों में जवानों द्वारा श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता आदि से सम्बन्धित गतिविधियां की जानी चाहिए। उन्होंने जनपद गोरखपुरए लखनऊ तथा बदायूं में स्थापित हो रहीं पी0ए0सी0 महिला बटालियन के निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस एवं पीएसी द्वारा बिजनौर से वाराणसी तक नौकाओं से गंगा यात्रा का आयोजन किया जाए।

राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल के 01 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन प्रासंगिक होगा। इस यात्रा को नमामि गंगे परियोजना से जोड़ते हुए गंगा जी के तटवर्ती क्षेत्रों में साफसफाई के कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाए। प्रथम चैत्र नवरात्रि के दौरान 22 से 29 मार्चए 2023 के दौरान प्रदेश में महिला सशक्तिकरण रैली का आयोजन किया जाए। यह रैली पूर्व से पश्चिम विन्ध्याचल धाम से जनपद गौतमबुद्धनगर तथा उत्तर से दक्षिण ;देवीपाटन धाम से जनपद ललितपुर के मध्य 02 पहिया वाहनों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा निकाली जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि पीएसी के जवानों के बैरकों एवं आवासीय व्यवस्था में मूलभूत सुधार हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्राप्त 03 करोड़ 75 लाख रुपये की धनराशि के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 4 गुना अधिक 14 करोड़ 50 लाख 85 हजार रुपये का अनुदान दिया गया है। इससे पीएसी के जवानों की मूलभूत सुविधाओं में गुणात्मक सुधार हुआ है। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, पुलिस महानिदेशक डीएस चौहान, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना संजय प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने पर दें विशेष ध्यान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य सचिव** दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में नार्को की राज्य स्तरीय समिति की तृतीय बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि नशीले पदार्थों की अवैध खेती व तस्करी रोकने पर विशेष ध्यान दिया जाये। सीमा सुरक्षा बल से समन्वय कर सीमा क्षेत्रों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। नशीले पदार्थों व दवाओं के सेवन करने वाले व्यक्तियों को उपचार के लिए पुनर्वास व नशा मुक्ति केन्द्र भेजा जाये और समय-समय पर अधिकारियों द्वारा इन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जाये। प्रत्येक जनपद के अफीम पोस्त की फसल का प्रत्येक वर्ष अनिवार्य रुप से सैटेलाइट मैपिंग की जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से निरन्तर निगरानी रखी जाए।

नशीले दवाओं के सेवन एवं दुरुपयोग को रोकने के लिए 25 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक विशेष जागरूकता अभियान चलाने का सुझाव दिया। शिक्षण संस्थानों व विद्यालयों में नशीले दवाओं के सेवन एवं दुरुपयोग को रोकने के लिए 'जीवन को हां, ड्रग्स को ना' संबंधी ई-शपथ दिलायी जाये। नुक्कड़ सभाओं, समाचार पत्र, सिनेमा घरों व टेलीविजन आदि विभिन्न प्रचार माध्यमों से भी नशा विरोधी जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया जाए। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा गठन के पश्चात 14 प्रकरणों में 28 अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लगभग 15.63 करोड़ रुपए के मूल्य की कुल 966.100 किलो मादक पदार्थों की बरामदगी की गयी है। 2022 में पुलिस द्वारा 12194 अभियोग दर्ज कर 13466 अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा 87143 किलोग्राम मादक पदार्थों की बरामदगी की गयी। फसली वर्ष 2021-2022 की समाप्ति पर 1420 कृषको द्वारा 92.4252 हेक्टेयर क्षेत्रफल की भूमि पर विनष्टीकरण संयुक्त टीम की निगरानी में सम्पादित किया जा चुका है। एएनटीएफ व जिला पुलिस द्वारा 3 प्रकरणों में 168.5 किग्रा मादक पदार्थों की बरामदगी तथा एसीबी व एसटीएफद्वारा 7 प्रकरणों में 2938 किग्रा मादक पदार्थों की बरामदगी की गयी है। राज्य में लखनऊ क्षेत्र में 5, प्रयागराज क्षेत्र में 2, वाराणसी क्षेत्र में 5, मुरादाबाद क्षेत्र में 2, मेरठ क्षेत्र में 6, आगरा व गोरखपुर क्षेत्र में 1-1 कुल 22 पुनर्वास/ नशा मुक्ति केन्द्र क्रियाशील है। अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर. भूसरेड्डी, एडीजी अपराध एमके बशाल, सचिव गृह बीडी पॉलसन सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# त्वरित आर्थिक विकास योजना में मुरादाबाद व अयोध्या के लिए 594.95 लाख रुपए मंजूर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश सरकार** ने त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद एवं अयोध्या में 12 कार्यों के लिए कुल 594.95 लाख रुपए मंजूर किए हैं। मंजूर की गयी धनराशि सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारियों के निवर्तन पर रखी गयी है। इस सम्बन्ध में नियोजन विभाग ने आवश्यक आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार जनपद मुरादाबाद की विधानसभा मुरादाबाद नगर में तीन कार्यों के लिए 304.82 लाख रूपये तथा जनपद अयोध्या की विधानसभा क्षेत्र बीकापुर में 9 कार्यों के लिए 290.13 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

# प्रदेश सरकार ने लघु व सीमांत किसानों को दी राहत

- हर खेत को पानी देने के पुराने आदेश में कई संशोधन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी सरकार** ने लघु व सीमांत किसानों को राहत देते हुए लघु सिंचाई विभाग के तहत हर खेत को पानी देने के लिए पुराने आदेश में कई संशोधन किए हैं। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के क्रियान्वयन के तहत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के घटक 'हर खेत को पानी' अभियान के लिए मध्यम गहरे नलकूप व गहरे नलकूप से जुड़े प्रावधानों में सरकार ने बड़े बदलाव किए हैं। मध्यम गहरे नलकूपों में बोरिंग पर अब योगी सरकार 1.75 लाख रुपये प्रदान करेगी। पहले यह राशि महज 75 हजार रुपये थी। गहरे नलकूपों पर बोरिंग में भी यह राशि एक लाख से बढ़ाकर 2.65 लाख रुपये कर दी गई है। योगी सरकार के इस प्रयास से किसानों को आर्थिक रूप से संबल मिलेगा। मध्यम गहरे नलकूप के तहत बोरिंग के लिए अब 1.75 लाख आदेश में किए गए संशोधन के अनुसार योगी सरकार ने मध्यम गहरे नलकूप बोरिंग के तहत किसानों को राहत देने के लिए कई प्रावधानों में बदलाव किया है। इसमें पहले लघु-सीमांत किसानों को बोरिंग के लिए जहां 75 हजार रुपये दिए जाते थे वहीं अब इस राशि को बढ़ाकर 1.75 लाख रुपये कर दिया गया है। जल वितरण प्रणाली के लिए पहले 10 हजार दिये जाते थे जो अब 14 हजार रुपये कर दिया गया है।

नलकूपों पर अलग से विद्युतिकरण के लिए तय राशि अब भी 68 हजार रुपये ही रहेगी। सामान्य श्रेणी के किसानों को नलकूपों की स्थापना के लिए अब 2.57 लाख रुपये मिलेंगे। पहले यह राशि 1.53 लाख थी। अनु. जाति-जनजाति श्रेणी के किसानों का भी योगी सरकार ने पूरा ध्यान रखा है। इनके नलकूपों पर अनिवार्य रूप से पांच हार्सपावर के सौर ऊर्जा चालित पंप की स्थापना पर 3.85 लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। अनु. जाति के श्रेणी के किसानों को नलकूपों पर अधिकतम 5.74 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त होगा। पहले यह राशि 4.70 लाख रुपये थी। गहरे नलकूपों में बोरिंग के लिए 2.65 लाख गहरे नलकूपों में लघु-सीमांत कृषकों को बोरिंग के लिए अब 2.65 लाख रुपये दिए जाएंगे। विभागीय अधिकारी ने बताया कि पहले यह राशि एक लाख रुपये थी।

जल वितरण प्रणाली के लिए राशि 10 हजार से बढ़ाकर 14 हजार रुपये की गई है। सामान्य श्रेणी के किसानों के लिए नलकूपों पर विद्युतीकरण के लिए अनुदान राशि पूर्ववर्ती 68 हजार ही रहेगी। सामान्य श्रेणी के नलकूपों पर 3.47 लाख रुपये का अनुदान होगा। यह राशि पहले 1.78 लाख रुपये थी। अनु. जाति-जनजाति के किसानों के नलकूपों पर पांच हार्स पावर के सौर ऊर्जा चालित पंप की स्थापना की जाएगी। 3.85 लाख रुपये का अनुदान होगा। अनु. जाति के श्रेणी के किसानों के नलकूपों पर अधिकतम 6.64 लाख रुपये अनुदान प्राप्त होगा। यह राशि पहले 4.95 लाख रुपये थी। सोलर पंप की खरीदारी यूपी नेडा व पंजीकृत वेंडरों व जेम पोर्टल के जरिए किया जाएगा। योजना में महिला किसानों के चयन को वरीयता भी दी जाएगी।

# मत्स्य पालन मंत्री ने सीएम से मिलकर निषाद जयंती का दिया निमंत्रण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**निषाद पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मत्स्य पालन विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लोकभवन में मुलाकात की। मंत्री ने चैत्र शुक्ल पंचमी 26 मार्च को महाराजा गुहराज निषाद जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मत्स्य मंत्री ने महाराजा गुह्यराज निषाद जयंती के अवसर पर श्रृंगवेरपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को बतौर मुख्य अतिथि शिकरत करने का निमंत्रण भी दिया। इस दौरान प्रदेश सरकार में वरिष्ठ सहयोगी एवं कैबिनेट मंत्री (पर्यटन विभाग) जयवीर सिंह और संतकबीरनगर के सांसद ई. प्रवीण निषाद भी मौजूद रहे। निषाद ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा जयंती को विशाल एवं भव्य बनाने का निर्देश दिया गया है, जिसे पर्यटन विभाग और निषाद पार्टी एवं बीजेपी सफल बनाने में सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार मछुआ समुदाय के हित में जो भी बड़े कदम उठाने होंगे, वे जरूर उठाए जायेंगे, चाहे फि र वो प्रयास निषाद संस्कृति को बचाने के लिए हो या आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक हित के लिए हो। प्रदेश सरकार मछुआ समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है।

# सरकारी भवनों को दिव्यांगजन हितैषी व सुगम्य बनाएं सभी विभाग: मुख्य सचिव



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य सचिव** दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा है कि समस्त विभागों द्वारा अपने-अपने नियंत्रणाधीन भवनों को दिव्यांगजन हितैषी व सुगम्य बनाया जाए, साथ ही भविष्य में निर्मित होने वाले भवनों में भी दिव्यांगजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी सरकारी भवनों में दिव्यांगजनों के लिए शौचालय की भी व्यवस्था की जाए। मुख्य सचिव सोमवार को शासकीय भवनों को दिव्यांगजन हितैषी व सुगम्य बनाए जाने के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। दिव्यांगजनों को शासकीय भवनों में आवागमन में किसी भी प्रकार असुविधा नहीं होनी चाहिए। दिव्यांगजनों को सीढ़ियां चढ़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, इसलिए उनकी सुविधा के लिए सरकारी भवनों में रैंप बनवाए जाएं। लोनिवि के माध्यम से सभी निर्माण एजेंसियों को प्रशिक्षण दिलाकर सरकारी भवनों को दिव्यांगजन हितैषी व सुगम्य बनाने का कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जाये।

अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत द्वारा 1, औद्योगिक विकास द्वारा 104, श्रम द्वारा 78, खादी एवं ग्रामोद्योग द्वारा 18, पिछड़ा वर्ग कल्याण द्वारा 113, भाषा विभाग द्वारा 6, न्याय द्वारा 1, युवा कल्याण द्वारा 1 और नगर विकास विभाग द्वारा 664 भवनों को दिव्यांगजन हितैषी व बाधारहित बनाया जा चुका है। मुख्य सचिव ने कहा कि विभागों के अन्य अवशेष भवनों को भी दिव्यांगजन हितैषी व सुगम्य बनाने का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। अपर मुख्य सचिव दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग हेमन्त राव, विशेष सचिव दिव्यांगजन अजीत कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# जैविक खेती का हब बन रहा यूपी

- 2015-16 के सापेक्ष 2022-2023 में प्रदेश में जैविक खेती 13 गुना से ज्यादा बढ़ोतरी हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी सरकार** किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ मानव सेहत का भी ध्यान रख रही है। इसके लिए प्रदेश में जैविक कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि देश में उत्तर प्रदेश जैविक खेती का हब बन रहा है। आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2015-16 के सापेक्ष 2022-2023 में प्रदेश में जैविक खेती 13 गुना से ज्यादा बढ़ोतरी हुई हैं। यही नहीं 15 जनपदों में क्रियान्वित जैविक खेती कार्यक्रम अब 63 जिलों में संचालित हो रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति बेहद संजीदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जैविक खेती पर खासा जोर है। सरकार जैविक खेती को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार कर रही है।

किसानों को तकनीकि की जानकारी देने के साथ ही क्लस्टर्स बनाकर उन्हें जैविक खेती से जोड़ भी रही है। यही नहीं जैविक खेती करने को इच्छुक किसानों को सरकार प्रशिक्षण देने के साथ ही उन्हें गुणवत्तापूर्ण कृषि निवेश भी उपलब्ध करा रही है। जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए योगी सरकार का ज्यादा फोकस गंगा के किनारे के गांवों पर है। गंगा तटों पर स्थित 27 जनपदों में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ बुंदेलखंड के सभी सात जिलों में सरकार हो आधारित जैविक खेती को प्रोत्साहित कर रही है। इससे एक तरफ जहां निराश्रित गोवंश की समस्या का समाधान हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ किसानों की खेती में आने वाली लागत कम हो रही है। साथ ही रसायनिक खादों के इस्तेमाल से होने वाली बीमारियों से भी किसानों का बचाव हो रहा है। लोकभारती के गोपाल के अनुसार योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि उत्तर प्रदेश में परंपरागत कृषि विकास योजना के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार से अगर तुलना की जाए तो पिछले छह वर्ष में प्रदेश में जैविक खेती का दायरा काफी बढ़ा है।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के नाम पर हजारों की ठगी

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने अब मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के नाम पर भी ठगी शुरू कर दी है। महानगर के विवेकानंदपुरी स्थित कल्पना अपार्टमेंट में रहने वाली फरीन हुसैन से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में ग्रेनाइट का शिलापट्ट लगाने व अन्य कार्यों में खर्च करने के नाम पर ठगी की गई। पीड़िता ने केस दर्ज कराया है प्रभारी निरीक्षक महानगर प्रशांत मिश्रा के मुताबिक फरीन ने बताया कि प्रोग्रेसिव सेल्स के नाम से उनकी कंपनी है। इसके जरिए सरकारी कार्यक्रम के आयोजन व ग्रेनाइट पत्थर का काम करती हैं और रजिस्टर्ड ठेकेदार हैं। 18 मार्च को एक नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को सचिन कुमार बताया और कहा कि 19 मार्च को शिलान्यास कार्यक्रम है। इसमें मुख्यमंत्री शिलान्यास करेंगे। इसमें दो ग्रेनाइट पत्थरों की जरूरत है। यह कार्य आपकी फर्म को दिया गया है। इसका भुगतान तत्काल कर दिया जाएगा। दो पत्थरों को बताए समय पर तैयार कर लिया। आरोपी ने सिक्योरिटी मनी के नाम पर 86 हजार रुपये जमा करने को कहा। सचिन के बताये खाते में रुपये ट्रांसफर कर दिए। पीड़िता ने बताया कि कर्मचारियों के जरिए दोनों पत्थर महानगर थाने पहुंचा दिए। इसके बाद कॉल की तो सचिन ने कहा कि एक लाख रुपये और दो तब पत्थर लेंगे। धमकाया कि ऐसा नहीं किया तो रुपये भी नहीं लौटाएंगे और पत्थर भी रख लिया जाएगा।

# कार्यों में लापरवाही व शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी: ए.के. शर्मा

- ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं से की अपील, विद्युत समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए टोल फ्री नं. 1912 पर सूचित करें



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नगर विकास** एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने उपभोक्ता हित में निर्देश दिए हैं कि टोल फ्री नं. 1912 को पूरी क्षमता के साथ चौबीस घंटे व सातों दिन संचालित किया जाये। आने वाली शिकायतों का संज्ञान लेकर त्वरित समाधान के प्रयास किये जाएं। उपभोक्ताओं को विद्युत कर्मियों के कार्यों से संतुष्टि मिले इसकी पूरी कोशिश की जाए। विद्युत कर्मी जनमानस के हितों के दृष्टिगत अपनी कार्य पद्धति में बदलाव लाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। मौसम खराबी से कहीं पर भी विद्युत आपूर्ति बाधित होने की शिकायतें आयें, उसका शीघ्र निस्तारण करायें। सभी विद्युत कर्मी अपने कार्य स्थल पर रहकर मुस्तैदी के साथ निष्ठापूर्वक व इमानदारी से कार्य करें। कार्यों को पूर्ण करने में हीलाहवाली, लापरवाही एवं शिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सोमवार को ट्वीट कर बताया कि पूरे प्रदेश में विद्युत कर्मियों की हड़ताल से कहीं-कहीं पर विद्युत व्यवधान की समस्याएं थीं, जिसका समाधान हो चुका है। रात से ही विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित है। जहां कहीं पर भी आंधी-पानी के कारण विद्युत आपूर्ति में बाधा होने की शिकायतें मिली थीं उसे भी ठीक करा लिया गया है। फिर भी बेमौसम बरसात, आंधी-पानी से कहीं पर भी विद्युत व्यवधान हुआ हो, या लाइन व पोल क्षतिग्रस्त हुए हों, फाल्ट आएं हों, उसे भी शीघ्र ही ठीक किया जायेगा। उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि विद्युत समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु टोल फ्री नं. 1912 पर फोन कर सूचित करें, जिससे कि उन्हें शीघ्र राहत प्रदान की जा सके।

# प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में बढ़ेंगे 26346 बेड

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप मुख्यमंत्री** ब्रजेश पाठक ने कहा है कि रोगियों को बेड के लिए एक से दूसरे अस्पताल में भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए जिला अस्पताल से लेकर सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 26346 बड़े बढ़ाये जायेंगे। इसकी प्रक्रिया अंतिम दौर में है। कई अस्पतालों में अतिरिक्त बेड के लिए भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। पाठक सोमवार को अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने संबंधी बैठक कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रदेश के 41 जिला अस्पतालों में 1492 बेड बढ़ाये जायेंगे। इससे गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने की राह आसान होगी। ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए भी कदम उठाये गये हैं। अभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 30 बेड हैं। कई अस्पताल में 50 बेड की मेटरनिटी विंग अलग से बनाई जा रही है। जबकि दूसरे विभागों में भी बेड बढ़ाये जा रहे हैं। प्रदेश की 586 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 11720 बेड बढ़ाये जायेंगे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चार बेड का प्रावधान है। इसमें छह बेड और बढ़ाए जाएंगे।

कुल 10 बेड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में होंगे। 2184 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 13134 बेड बढ़ाए जायेंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि रोगियों को उच्चकोटि का उपचार उपलब्ध कराने में कोई कसर न छोड़े। रोगियों को निशुल्क दवाएं और जाँच की सुविधा उपलब्ध करायें। इसमें किसी भी तरह की कोताही बरदाश्त नहीं की जायेगी। डॉक्टर समय पर अस्पताल पहुंचे। नियमित ओपीडी में बैठें और समय-समय पर राउंड लें। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में गंभीर रोगियों को भर्ती करने में आनाकानी न करें। मरीज की सेहत का आंकलन कर उन्हें भर्ती करें।

# लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद ने जिले को दी पुल की सौगात

● शाहजहांपुर में 12 करोड़ रूपए की लागत से बनेगा



**शाहजहांपुर।** सोमवार को जिले के लोकनिर्माण निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने 12 करोड़ रुपए की लागत गर्रा नदी पर बनने वाले पुल की सौगात दी इस मौके पर लोकनिर्माण निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद व वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना के साथ भूमि पूजन और शिलान्यास किया। गर्रा नदी पर 12 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला 106 मीटर लंबा पुल दूसरे जिलों को इस जिले से जोड़ेगा। जितिन प्रसाद ने केंद्र व प्रदेश सरकार की विकासनिति का जिक्र करते हुए सरकार को सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास करने वाली सरकार बताया कि विभाग के अधिकारियों को सचेत किया कि, गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने गर्रा नदी पर 12 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 106 मीटर लंबा पुल दूसरे जिलों से जुड़ने पर विकास की धरा को एक सिरे से दूसरी ओर ले जाने वाली बताते हुए इसे जनता की लिए एक तोहफा करार दिया। प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि, 2019 में भी गठबंधन बने थे, तो उसका नतीजा क्या हुआ था। जनता स्थाई सरकार चाहती है। मोदी के कद के बराबर कोई नेता नहीं है। इस बात को स्वीकार कर लेना चाहिए। 2012 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाई गई थी। उनको बहुत बड़ा बहुमत मिला था। उसको वो संभाल नही पाए। जनता को सबकुछ याद है, अभी भूली नहीं है। सपा में जिस तरह से असामाजिक तत्वों को बढ़ावा दिया गया। पूरे प्रदेश में ही सपा के समय में असमाजिक तत्वों का शासन था। लोग उसी को याद कर लेते हैं। किसी तरह से जनता ऐसे लोगो के हाथ में सत्ता नहीं सौंप सकती।

## खेती में घाटे से परेशान किसान ने की आत्महत्या

**शाहजहांपुर।** तहसील पुवायां के खुटार में खेती में लगातार घाटा होने और बेटी की शादी को लेकर परेशान किसान ने आत्महत्या कर ली। बताया जाता है मृतक किसान छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली करने गया था। देर रात किसान का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। खुटार के गांव रजमना के एक किसान महानंद कुशवाहा (50) का शव खेत में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। मृतक के परिजनों ने बताया कि लगातार दो साल से खेती में घाटा हो रहा था। बेटी की शादी भी तय कर दी थी। रुपयों की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी। किसान पर ढाई लाख रुपये से अधिक बैंक का कर्ज भी था। इससे वह परेशान थे। इसी के चलते उन्होंने अपनी जान दे दी। महानंद रविवार रात खेत पर खड़ी गेहूं की फसल को छुट्टा पशुओं से रखवाली करने के लिए गए थे। देर रात तक उनके घर नहीं लौटने पर परिवार के लोगों को चिंता हुई। तलाश करने पर महानंद खेत से थोड़ी दूरी पर गांव ढकना मलिका संपर्क मार्ग के किनारे पेड़ से उसका शव फंदे से लटका मिला।

# एमओयू को धरातल पर लाने को उद्यमियों से मंत्रणा



**शाहजहांपुर।** सीडीओ एसबी सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में हस्ताक्षरित एमओयू को धरातल पर लाने हेतु उद्यमियों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। उद्यम स्थापित करने हेतु उद्यमियों को आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की गयी। सीडीओ एसबी सिंह ने कहा कि हस्ताक्षरित किये गये एमओयू को धरातल पर लाना शासन की उच्च प्राथमिकता में है, जिसके लिए उच्च स्तर से समीक्षा भी प्रारम्भ कर दी गयी है। आगामी 06 माह में शासन द्वारा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन भी किया जाना है। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुये कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण किया जाये। उद्यमियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने हेतु भी उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव को निर्देशित किया, उद्यमी अपनी समस्या को व्हाट्सएप ग्रुप में अवगत करा सके।

उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने जानकारी देते हुये बताया कि 14.03.2023 तक 192 एमओयू शासन स्तर से हस्ताक्षरित हुये है, 66386/- करोड़ का निवेश समाहित है। उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर समिट, लखनऊ में दिनांक 10-12 फरवरी 2023 तथा जनपद स्तरीय निवेश कुम्भ भी उक्त दिनांक में सम्पन्न हो चुका है। शासन द्वारा निवेशकों की सुविधा हेतु निवेश सारथी पोर्टल पर इच्छा पत्र आमंत्रित किये गये और एमओयू हस्ताक्षरित किये गये। अलग-अलग विभागों के एमओयू किये गये है एमएसएमई विभाग में धनराशि 1087.57 करोड़ के कुल 92 हस्ताक्षरित एमओयू है। नेडा विभाग में धनराशि 3563 करोड़ के कुल 13 हस्ताक्षरित एमओयू है। दुग्ध विकास विभाग में धनराशि 452 करोड के कुल 23 हस्ताक्षरित एमओयू है। उद्यान विभाग में धनराशि 182.62 करोड़ के कुल 16 हस्ताक्षरित एमओयू है। हाउसिंग विभाग (डूडा) में धनराशि 479.75 करोड़ के कुल 11 हस्ताक्षरित एमओयू है। वन विभाग में धनराशि 162 करोड़ कुल 11 हस्ताक्षरित एमओयू है। हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग विभाग के कुल 05 हस्ताक्षरित एमओयू जिसमें धनराशि 42.75 करोड़ समाहित है। पर्यटन विभाग के कुल 04 हस्ताक्षरित एमओयू जिसमें धनराशि 20.07 करोड़ समाहित है। पशु पालन विभाग के कुल 04 हस्ताक्षरित एमओयू जिसमें धनराशि 580 करोड़ समाहित है। कृषि विभाग के कुल 3 हस्ताक्षरित एमओयू धनराशि 12.2 करोड़ समाहित है। 11-स्वास्थ्य विभाग के कुल 02 हस्ताक्षरित एमओयू जिसमें धनराशि 13.99 करोड़ समाहित है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग (डिप्टी आरएमओ) के कुल 02 हस्ताक्षरित एमओयू जिसमें धनराशि 13 करोड़ समाहित है। बेसिक शिक्षा विभाग के कुल 02 हस्ताक्षरित एमओयू जिसमें धनराशि 13 करोड़ समाहित है। तकनीकी शिक्षा विभाग (राजकीय पॉलिटेक्निक) के कुल 02 हस्ताक्षरित एमओयू जिसमें धनराशि 3.7 करोड़ समाहित है। उच्च शिक्षा विभाग के कुल 02 हस्ताक्षरित एमओयू जिसमें धनराशि 58200 करोड़ समाहित है। सीडीओ एसबी सिंह ने उद्यमियों को आश्वासन देते हुये कहा कि उद्यम स्थापित करने में किसी भी प्रकार की समस्या नही आयेगी। जिन उद्यमियों द्वारा जनपद में उद्यम स्थापित करने हेतु एमओयू हस्ताक्षरित किये गये उन्हे जल्द धरातल पर लाकर इकाइयों को स्थापित किया जायेगा। एलडीएम दीपक चन्द्रा, आईआईए के चेप्टर चेयरमैन सहित उद्यमि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया



**शाहजहांपुर।** पुलिस ने मोटर साईकिल गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर आधा दर्जन चोरी की बाईकें, फर्जी नंबर प्लेट और असलहा बरामद किए पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त राह चलते ग्राहकों को फोटो दिखाकर बाइके बेचने का काम को अंजाम देते थे। एसपी सिटी सुधीर जायसवाल ने बताया थाना रौजा और एसओजी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर रोजा क्षेत्र के पुल के पास से बीती रात दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकडे गए अभियुक्त सलमान व कल्लू दोनों युवक आपस में दोस्त हैं और एक ही मकान में रहते हैं।

पुलिस ने उनकी निशानदेही से एक मकान से चोरी की आधा दर्जन बाइकें बरामद की हैं। साथ ही पुलिस ने उनके पास असलहा और कारतूस भी बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि, दोनों लोग सिंधौली थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव के रहने वाले हैं। दोनों लोग मिलकर पहले शराब पीते हैं। उसके बाद भीड़भाड़ वाले इलाकों से बाईकें चोरी करते हैं। आरोपी सुधीर के घर कोई रहता नही हैं। इसलिए सुधीर और सुलेमान मिलकर बाइक चोरी कर सुधीर के मकान में खड़ी कर देते हैं। उसके बाद बेचने के लिए एक सूनसान जगह पर ले आते हैं। उसके फोटो खींचकर राह चलते ग्राहकों को ढूंढकर फोटो दिखाकर बेचने की कोशिश करते हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

## दवा लेने जा रहे ग्रामीण को ट्रक ने कुचला

**बरेली।** साइकिल से दवा लेने के लिए जा रहे एक ग्रामीण को तेजी सारे ट्रक ने कुचल दिया उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जरेल मबई निवासी 60 वर्षीय श्यामाचरण पुत्र बालक राम की आज दोपहर घर से कुछ ही दूरी पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के परिजनों ने बताया कि श्यामाचरण आज दोपहर साइकिल से गांव से कुछ दूरी पर स्थित डॉक्टर के क्लीनिक पर दवा लेने के लिए जा रहे थे लेकिन कुछ दूर चलने के बाद पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक और उसके चालक को पकड़कर घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक 4 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम नेमबती है ।

# रमजान के पर्वो के दृष्टिगत महत्वपूर्ण बैठक संपन्न स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएः जिलाधिकारी



**शाहजहांपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी नवरात्रि एवं रमजान के पर्वो के दृष्टिगत महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि समय से सभी समस्त तैयारियां पूर्ण करा ली जाए। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा नवरात्रि के दृष्टिगत मंदिरों के आसपास की सफाई चूना छिड़काव इत्यादि का प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन रास्तों से जुलूस अथवा शोभायात्रा निकाली जानी है, उन मार्गो पर स्थित ट्रांसफार्मर के आसपास बैरीकेटिंग कराया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संबंधित सड़को को ठीक करा लिया जाए तथा सड़कों पर किसी प्रकार से गड्ढे ना हो। सभी नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी विद्युत विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण अवश्य करें। जुलूस अथवा शोभायात्रा निकालते समय विद्युत टीम को अवश्य साथ में रखा जाए। मंदिरों को जाने वाले रास्तों में किसी प्रकार का अतिक्रमण ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। रमजान के दृष्टिगत डीएम ने आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

डीएम ने शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में दिनांक 22 मार्च से 30 मार्च 2023 तक चौत्र नवरात्रि/ राम नवमी के अवसर पर देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में कार्यक्रम आयोजित कराने हेतु भी निर्देशित किया। सभी कार्यक्रम शासनादेश में दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए पूरी भव्यता एवं गरिमा के साथ आयोजित कराये जाए। पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत मंदिरों के आसपास एवं भीड़भाड़ वाले स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा। सोशल मीडिया की निरन्तर निगरानी की जायेगी एवं पुलिस की टीमें निरन्तर भ्रमणशील रहेगी जिससे गड़बड़ी फैलाने का प्रयास करने वालों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही की जा सके।

## क्विक न्यूज

### जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**निघासन.खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश साहा द्वारा जिले में संचालित वारंटी वांछित तथा संदिग्ध व्यक्तियों के गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार के पर्यवेक्षण तथा नवागत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली निघासन प्रभातेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम में निरुद्ध एक जिला बदर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इस अभियुक्त के समाज विरोधी क्रिया कलापों को संज्ञान में लेते हुए गत 30 जनवरी को न्यायालय ने 6 महीने के लिए जिला बदर कर दिया था। नवागत प्रभारी निरीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा अभियुक्त नसीम पुत्र रहीमुल्लाह निवासी सोठियाना को माननीय न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### मेडिकल कॉलेज के आईसीयू चार्ज ने फांसी लगाकर दी जान

**बरेली।** एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के आईसीयू चार्ज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। फरीदपुर थाना क्षेत्र मे स्थित एक मेडिकल कॉलेज के आईसीयू चार्ज बदायूं के गुन्नौर थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर निवासी 24 वर्षीय मुनीश यादव पुत्र मनोहर सिंह यादव ने बीती रात कॉलेज परिसर में स्थित अपने कमरे की छत से लटक कर फांसी लगा ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मनीष यादव का विवाह 2 साल पूर्व हुआ था और वह लगभग 3 सालों से मेडिकल कॉलेज में आईसीयू चार्ज के पद पर तैनात था वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान रहता था उसकी पत्नी के कोई भी बच्चा नहीं था बताया जाता है इसी के चलते वह तनावग्रस्त रहता था और आज उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पर्सनल तरह साथी कर्मचारियों नहीं उसको फांसी पर लटका देखा और घटना की जानकारी कॉलेज प्रबंधन को दी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतक के घर वालों को सूचना दे दी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस मामले की जांच कर रहे हैं।

### बंद मकान में लगी आग से लाखों का नुकसान

**बरेली।** एक बंद मकान में लगी आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक मकान में रखा सामान जलकर राख हो चुका था। सीबीगंज क्षेत्र के गांव मथुरापुर नई बस्ती निवासी मोहम्मद आसिक मंसूरी पुत्र मोहम्मद सदीक ने बताया कि उनके बेटे आरिस की कई दिनों से तबीयत खराब है और वह महानगर स्थित एक अस्पताल में भर्ती है वह सपरिवार अस्पताल गए हुए थे बाकी परिजन अलग अलग कमरों में सो हो रहे थे और कमरा बंद था इसी दौरान घर में लगे बिजली के बोर्ड में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और घर में रखे फ्रिज, पंखा, फर्नीचर, सोने चांदी के आभूषण शादी में मिले दहेज का सारा सामान जलकर राख हो गया बताया जाता है कि कमरा बंद होने के कारण मकान की छत व दीवारों में दरार पड़ गई है घर से उठती लपटें देख पड़ोस में रह रहे कपिल अहमद ने घरवालों को सूचित किया तो घर में अफरा-तफरी का माहौल हो गया ग्रामीणों की मदद से आग पर पानी डालकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### कार की टक्कर से घायल वृद्ध की जान गई

**बरेली।** सड़क पर जा रहे एक वृद्ध को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बहेड़ी थाना क्षेत्र की केसर कॉलोनी निवासी 73 वर्षीय राजकुमार सक्सेना की बीती रात एक निजी अस्पताल से जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के दामाद विकास सक्सेना ने बताया कि वह होली के बाद 8 मार्च को केसर कॉलोनी स्थित अपनी ससुराल गया था जहां से वापस लौटते समय उसके ससुर राजकुमार उसके साथ सड़क तक आए थे लेकिन इसी दौरान तेजी से आ रही कार ने राजकुमार को टक्कर मार दी कार का चालक नशे की हालत में था टक्कर के बाद राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वालों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से कल रात को उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए लेकिन उनकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी ।

### घायल अवस्था में मिले युवक की मौत

**बरेली।** सड़क किनारे घायल अवस्था में मिले एक युवक की इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय मौत हो गई। रामपुर के मिलक थाना क्षेत्र के गांव कजियापुर निवासी वीरेंद्र कुमार के 20 वर्षीय बेटे दिलीप कि बीती रात नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद दिलीप के घर वालों ने बताया कि वह नवाबगंज थाने के गांव गरेंम निवासी अपने मौसा कृष्ण कुमार के साथ रहता था।

# पति ने कर दी पत्नी की हत्या

**बरेली।** जायदाद के लालची अधेड़ पति ने पत्नी की सिर कुचलकर हत्या कर दी घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आरोपियों पर कार्रवाई शुरू कर दी। थाना कैंट के ठिरिया निजावत खां निवासी शराफत अली ने पहली पत्नी शाहिदा बानों के बच्चे न होने पर 20 साल पहले नगीना नाम की महिला से शादी कर ली थी नगीना से उसके तीन बच्चे हुए मृतका के भाई मतलूब अली ने बताया शराफत अली को शक था कि उसकी पहली पत्नी शाहिदा बानों उसकी मौत के बाद उसकी संपत्ति अपने मायके वालों के नाम कर देगी जिसके चलते बुधवार की रात उसने शाहिदा बानों का सिर पत्थर से कुचल कर उसे घायल कर दिया पता चलने पर मायके वालों ने उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आज उपचार के दौरान शाहिदा बानों की मौत हो गई घटना की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया वहीं आरोपी पति व उसके परिवार के लोग मौका पाकर फरार हो गए। मृतका शाहिदा बानों के भाई मतलूब अली ने शराफत अली, नगीना (दूसरी पत्नी), रियासत अली जेठ व कल्लू और राशीद के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी

### एसएसपी ने किक मारकर फुटबॉल मैच का किया उद्घाटन

**बरेली।** पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड पर 71वी उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक फुटवाल प्रतियोगिता का सोमवार को आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फुटबॉल को किक मार कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसमें पुरुष वर्ग में 11 टीम व महिला वर्ग में 8 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। प्रतियोगिता का पहला मैच पुरुष वर्ग में पी ए सी पश्चिमी जोन व मेरठ जोन के मध्य खेला जा रहा है। यहां पर पुलिस अधीक्षक नगर राहुल भाटी, पुलिस अधीक्षक यातायात राम मोहन सिंह एवं क्षेत्राधिकार गण ,पृतिसार निरीक्षक नरोत्तम सिंह के अलावा जोनों से आए टीम मैनेजर, उपनिरीक्षक, सशस्त्र पुलिस, पीटीआई प्रदीप कसाना, उद्घोषक जगदीश सिंह पाटनी मौजूद रहे।

# हमारा आँगन-हमारे बच्चे व पोषण पखवारा



**लखीमपुर.खीरी।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्राथमिक स्तर के अध्यापकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की क्षमता संवर्धन एवं उन्मुखीकरण के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग व महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को जीआईसी ग्राउंड में जनपदीय हमारा आँगन.हमारे बच्चे, समारोह, पोषण पखवारा का कार्यक्रम का आगाज हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सदर योगेश वर्मा, विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने माँ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण व उनके सम्मुख दीप जलाकर कर किया। विधायक, डीएम, सीडीओ ने बाल वाटिका संबंधी निपुण तालिका व विद्याप्रवेश मॉड्यूल का लांचिंग करते हुए विमोचन किया। कार्यक्रम में पोषण पखवाड़े से सम्बंधित गोदभराई व अन्नप्राशन संस्कार भी हुए। विभिन्न ब्लाकों से आये शिक्षको, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने वेस्ट मटेरियल से बनी रोचक शिक्षण सामग्री व शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन कियाए जिसे काफी सराहना मिली।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक योगेश वर्मा ने समारोह के आयोजन के लिए बीएसए और डीपीओ को बधाई दी और सरकार की योजनाओ को पूर्ण ईमानदारी के साथ धरातल पर उतारने की अपील की। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने पोषण और शिक्षा को बच्चो के लिये अपरिहार्य बताते हुए शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि वह समूची ऊर्जा के साथ नौनिहालों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करें। बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने विभाग द्वारा चलाये जा रहे स्कूल रेडीनेस प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी और बताया कि यह बच्चों को औपचारिक शिक्षा से जोड़ने के लिए यह कार्यक्रम कितना आवश्यक है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य समिति की बैठक, दिशा-निर्देश जारी

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार की देर शाम को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुईए जिसमें मुख्य रुप से सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता मौजूद रहे। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बैठक के एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति बताई। विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संकेतको की अद्यतन स्थितिए प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा हुई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि पूरे स्वास्थ्य महकमे को फील्ड में एक्टिवेट करें व स्वास्थ्य संकेतको में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं। सभी अधीक्षक लीडरशिप रोल लेते हुए अपने.अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए डेली मॉनिटरिंग करें। मरीज व उनके तीमारदारों से चिकित्सक बेहतर व्यवहार करें। मरीजों को दिया जाने वाला भोजन की गुणवत्ता एमओआईसी स्वयं चेक करें। सीएचसी व पीएचसी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाए। अनडाइट फंड का नियमानुसार सदुपयोग करेंए जहां इस फंड का इस्तेमाल नहीं हुआ तो संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। सभी पोर्टल्स पर फीलि्डंग को अपडेट रखा जाए, वही आपरेटर का समयबद्ध भुगतान भी सुनिश्चित कराया जाए। जन्म मृत्यु पंजीकरण, आरसीएच सहित अन्य पोर्टल पर डाटा एंट्री ससमय शत.शत सुनिश्चित की जाए। ब्लॉकवार आयुष्मान गोल्डन कार्ड की समीक्षा की, प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। डीएम ने ओपीडी प्रगति, आयुष्मान भारत.पीएम जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरण, उसके सापेक्ष उपचारित लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति, जन्म पंजीकरण, स्टिलबर्थ रेश्यो, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग, न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, ईसंजीवनी आईपीडी, ओपीडी, संचारी रोग, कवच एप्लीकेशन से परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की।

# पेज एक का शेष

## भारत ने जताया...

**घटना** पर प्रतिक्रिया देते हुए लंदन के मेयर सादिक खान ने कहा कि वह हिंसक अव्यवस्था और तोड़फोड़ की निंदा करते हैं। उन्होंने ट्वीट किया, हमारे शहर में इस तरह के बर्ताव के लिए कोई जगह नहीं है। भारत में ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने इस घटना को शर्मनाक और पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। मेट्रोपोलिटन पुलिस के मुख्यालय स्कॉटलैंड यार्ड ने कहा कि उसे रविवार दोपहर को हिंसा की खबरें मिलीं तथा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। मेट्रोपोलिटन पुलिस ने एक बयान में कहा, उच्चायोग की इमारत की खिड़कियां तोड़ी गईं। बयान में कहा, अधिकारी वहां पहुंचे। पुलिस के पहुंचने के पहले ही वहां मौजूद अधिकतर लोग जा चुके थे। मामले की जांच शुरू की गई है और हिंसा के संबंध में थोड़ी देर बाद नजदीकी स्थान से एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया। ब्रिटेन के प्रवासी समूहों ने भी घटना पर रोष व्यक्त किया। कई सिख नेताओं ने भी घटना की निंदा की। ब्रिटिश सिख समुदाय के नेताओं ने एक संयुक्त बयान में कहा, हर किसी को शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार है, लेकिन भारतीय उच्चायोग के कर्मचारियों के खिलाफ हिंसा या धमकी देना तथा भारतीय ध्वज को हटाने की कोशिश करना स्वीकार्य नहीं है और हम इन कृत्यों की निंदा करते हैं। बयान में कहा गया, इस तरह की हरकतों से ब्रिटेन और भारत के संबंधों और हमारे सामुदायिक सामंजस्य को नुकसान पहुंचाने के अलावा कुछ भी हासिल नहीं हो सकती हैं। श्री गुरु रविदास सभा बेडफोर्ड के अध्यक्ष जसविंदर कुमार और रामगढ़िया सिख सोसाइटी बेडफोर्ड के उपाध्यक्ष गुरमेल सिंह भी घटना की निंदा करने वालों में शामिल थे। इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आईएनएसए) ब्रिटेन ने भी गहरी चिंता जताते हुए इस घटना की संप्रभुता और गरिमा पर हमले के रूप में निंदा की और कहा कि हिंसा का यह कृत्य हमारे राजनयिकों और कर्मचारियों को खतरे में डालता है।

## अमृतपाल से जुड़े...

**गिल** ने संकेत दिया कि वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल को भी एनएसए के तहत हिरासत में लिया जा सकता है। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, गिरफ्तारी के बाद उसके खिलाफ रासुका लगाया जा सकता है और बाकी तथ्य आपको स्पष्ट कर दिए जाएंगे। आईजी ने कहा कि पुलिस को इस मामले में आईएसआई पहलू और विदेशी वित्तपोषण का संदेह है और आगे की जांच चल रही है। सिंह की तलाश सोमवार को तीसरे दिन भी जारी है और राज्य की पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस के अनुसार, अमृतपाल के चाचा हरजीत सिंह और चालक हरप्रीत सिंह ने रविवार देर रात जालंधर के मेहतपुर इलाके में एक गुरुद्वारे के पास आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के समय पुलिस उप महानिरीक्षक (सीमा क्षेत्र) नरिंदर भार्गव और अन्य पुलिस अधिकारी भी वहां मौजूद थे। आत्मसमर्पण के दौरान बनाए गए एक वीडियो में, हरजीत को अपनी लाइसेंसी .32 बोर पिस्तौल और एक-सवा लाख रुपए नकदी दिखाते हुए देखा जा सकता है, जिसे वह मर्सिडीज कार में ले जा रहा था। बाद में पुलिस ने उसे जब्त कर लिया। अधिकारियों ने कहा कि हरजीत और हरप्रीत को अमृतसर (देहात) पुलिस अपने साथ ले गई। उन्होंने कहा कि हरजीत ने गायक-कार्यकर्ता दीप सिद्धू द्वारा स्थापित संगठन वारिस पंजाब दे के खातों को संभालने में अमृतपाल की मदद की।

## सैन फ्रांसिस्को..

जहां कुछ कट्टरपंथी अलगाववादियों ने भारत के राजनयिक मिशन पर हमला किया। खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने शहर की पुलिस द्वारा बनाए गए अस्थाई सुरक्षा अवरोधकों को तोड़ दिया और वाणिज्य दूतावास परिसर के अंदर दो तथाकथित खालिस्तानी झंडे लगा दिए। वाणिज्य दूतावास के कर्मियों ने जल्द ही इन झंडों को हटा दिया। इसके तुरंत बाद, गुस्साए प्रदर्शनकारियों का एक समूह भारतीय वाणिज्य दूतावास परिसर में घुस गया और दरवाजे तथा खिड़कियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना पर सैन फ्रांसिस्को पुलिस की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

## कनाडा में...

रिपोर्टमें कहा गया है कि स्थानीय पुलिस भीड़ को रोकने में विफल रही। लिहाजा पुलिस ने उच्चायुक्त को कार्यक्रम में भाग न लेने की सलाह दी। वहीं शुक्रवार की रात सिख छात्र पर हमले की संदर्भ स्थानीय रिपोर्टों में कहा गया है कि घर जाते समय गगनदीप सिंह पर कुछ अज्ञात लोगों ने हमला किया। आरोप है कि उन्होंने सड़क के किनारे उसका बाल पकड़कर खींचा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि छात्र की पगड़ी फाड़ दी गई।

## भारत-जापान का...

अधिकारियों ने कहा कि वार्ता के दौरान मोदी ने किशिदा को बताया कि भारत और जापान के बीच बहुत मजबूत सहयोग के क्षेत्रों में से एक रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में सह-नवाचार, सह-डिजाइन व सह-निर्माण हो सकता है। यूक्रेन युद्ध को लेकर वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की सैन्य मुखरता को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच जापानी प्रधानमंत्री किशिदा केवल 27 घंटे के लिए एक संक्षिप्त दौरे पर सोमवार सुबह दिल्ली पहुंचे। किशिदा ने कहा कि उन्होंने मई में हिरोशिमा में जी-7 शिखर सम्मेलन में मोदी को आमंत्रित किया और उन्होंने प्रस्ताव तुरंत स्वीकार कर लिया। वार्ता के इतर दोनों पक्षों के बीच एक नोट का आदान-प्रदान हुआ जो मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल के लिए 300 अरब येन (लगभग 18,000 करोड़ रुपए) के जापानी ऋण की चौथी किस्त के प्रावधान के संबंध में था। मोदी ने अपने मीडिया बयान में कहा कि भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी हमारे साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में कानून के शासन के प्रति सम्मान पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी को मजबूत करना न केवल हमारे दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, समृद्धि और स्थिरता को भी बढ़ावा देता है। आज की हमारी बातचीत में हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की। मोदी ने कहा कि उन्होंने और किशिदा ने रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी सहयोग, व्यापार, स्वास्थ्य और डिजिटल साझेदारी पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर और अन्य महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व पर भी उपयोगी चर्चा हुई। मोदी ने कहा कि पिछले साल, हमने अगले पांच वर्षों में भारत में पांच हजार अरब येन यानी 3,20,000 करोड़ रुपए के जापानी निवेश का लक्ष्य रखा था। यह संतोष की बात है कि इस दिशा में अच्छी प्रगति हुई है। किशिदा ने अपनी टिप्पणी में कहा कि नई दिल्ली के साथ तोक्यो का आर्थिक सहयोग तेजी से बढ़ रहा है और यह न केवल भारत के आगे विकास का समर्थन करेगा बल्कि जापान के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक अवसर भी उत्पन्न करेगा।

## दिल्ली का बजट...

सूत्रों ने इन आरोपों को झूठ बताया और दावा किया कि कुल बजट 78,800 करोड़ रुपए का है, जिसमें से 22,000 करोड़ रुपए बुनियादी ढांचे पर खर्च के लिए हैं और सिर्फ 550 करोड़ रुपए विज्ञापनों के लिए निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञापन के लिए आवंटन राशि पिछले साल के बजट के समान ही है। उपराज्यपाल (एलजी) के कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, एलजी ने 2023-2024 के वार्षिक वित्तीय विवरण को नौ मार्च को कुछ टिप्पणियों के साथ मंजूरी दी और फाइल मुख्यमंत्री को भेजी थी। इसके बाद दिल्ली सरकार ने गृह मंत्रालय को एक पत्र भेजकर राष्ट्रपति की स्वीकृति मांगी थी, जो कानून के तहत जरूरी है। गृह मंत्रालय ने 17 मार्च को दिल्ली सरकार को अपनी टिप्पणियों से अवगत कराया। एलजी कार्यालय मुख्यमंत्री की ओर से फाइल भेजे जाने का इंतजार कर रहा है।

## अगले साल 28...

यह मूल रूप से निष्पक्ष न्याय दिए जाने की बुनियादी प्रक्रिया के विपरीत है। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से सीलबंद लिफाफे में जवाब दिए जाने के खिलाफ हूं। अदालत में पारदर्शिता होनी चाहिए। यह आदेशों को अमल में लाने को लेकर है। इसमें गोपनीय क्या हो सकता है। उच्चतम न्यायालय ओआरओपी बकाए के भुगतान को लेकर इंडियन एक्स-सर्विसमैन मूवमेंट (आईईएसएम) की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। उच्चतम न्यायालय ने ओआरओपी के बकाए का चार किश्तों में भुगतान करने का एकतरफा फैसला करने के लिए 13 मार्च को सरकार को फटकार लगाई थी।

# आंगनबाड़ी केंद्रों का हर हाल में 15 अप्रैल तक कराएं निर्माण

●रुर्बन मिशन के कार्यों की जिलाधिकारी ने की प्रगति समीक्षा

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने रूर्बन मिशन के तहत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में पर्यटन विकास कार्य, मल्टीपरपज ऑडिटोरियम, पर्यटन सुविधा केन्द्र, टीएचआर, बारात घर का निर्माण, सामुदायिक भवन, यात्री सुविधा केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण व मऊ एवं कसहाई क्लस्टर के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदाई संस्थाओं से कहा कि शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण तेजी से कार्य कराये जायें। किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने राजकीय निर्माण निगम के परियोजना प्रबंधक से कहा कि शासन से निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य करायें। एक्सईएन आरईएस से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण 15 अप्रैल तक हर दशा में पूरा हो जाये। जननी सुरक्षा वार्ड मऊ का कार्य पूरा होने पर उसे हैंडओवर करायें। एक्सईएन लोनिवि सत्येंद्रनाथ से कहा कि उद्यमिता विकास केंद्र खोह व जिन सड़कों का निर्माण पूरा हो गया है, उन्हें हैंडओवर करायें। परियोजना निदेशक से कहा कि दोनों क्लस्टर के कार्यों की बचत निकालकर बतायें कि जो कार्य पूरे हो गये हैं, उनका अंतिम भुगतान भी समय से करायें। सीडीओ से कहा कि रूर्बन मिशन के कसहाई व मऊ क्लस्टर के कार्यो का निरीक्षण कर जो कार्य पूरे हो गए हैं, उनकी गुणवत्ता की जांच करायें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, एक्सईएन लोनिवि सत्येंद्रनाथ, लोनिवि निर्माण खंड कृष्ण कुमार, परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम, अधिशासी अभियंता आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### तबाह हुई फसलों का सरकार दे मुआवजाः अनिल प्रधान

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र समेत चित्रकूट में ओलावृष्टि एवं बारिश तथा तेज हवा से किसानों की फसलें चौपट हुई हैं। उन्होंने आंकलन कराकर किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। सोमवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि किसानों की अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि है। किसान सरकार की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। बुन्देलखण्ड समेत जिले में ओलावृष्टि, बारिश व तेज हवा से किसानों की 80 फीसदी फसलें नष्ट हो गई हैं। आधी कटी फसल ओला पडने एवं बारिश से भीगने से खराब हो गई हैं।

# सेन्ट्रल जेल में विचाराधीन बंदी ने दी जेलर को धमकी, मुकदमा दर्ज

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**तलाशी** लेने पर गुस्साए शातिर बंदी ने जेलर को देख लेने की धमकी दे डाली। भयभीत जेलर ने इस मामले में मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। दरअसल केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़ के जेलर बद्री प्रसाद नें मुकदमा दर्ज कराया कि सेन्ट्रल जेल में विचाराधीन बंदी दिलीप मिश्रा पुत्र रामगोपाल मिश्रा निवासी मोहगा लवायन कला थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज उच्च सुरक्षा बैरक द्वितीय में निरुद्ध है। बीते 18 अप्रैल 2023 को बंदी दिलीप न्यायालय विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट प्रयागराज के समक्ष पेशी पर गया था। समय रात्रि लगभग 22.25 बजे पेशी से वापस लौटने पर गेट कीपर मोहित तिवारी द्वारा मुझे अवगत कराते हुए दूरभाष पर सूचित किया गया कि विचाराधीन बन्दी दिलीप मिश्रा की पेशी से वापस आ गया है। सूचना प्राप्त होने पर मेरे द्वारा चीफहेड वार्डर सतेन्द्र सिंह तथा हवलदार शिव कुमार मौर्य हेड जेलवार्डर को बुलाकर अपने समक्ष तृतीय गेट पर सीसीटीवी कैमरे के सामने बन्दी दिलीप मिश्रा की तलाशी करायी गई। जेलर नें बताया की बन्दी दिलीप मिश्रा तलाशी का विरोध करते हुए उन लोगों से अभद्रता करने लगा। तलाशी कराकर बन्दी दिलीप मिश्रा को अन्दर भेज दिया गया। कारागार के नियंत्रण कक्ष पर पुनः उक्त बन्दी की तलाशी की गई जहां वह तलाशी पर तैनात सुरक्षा कर्मी विकास कुमार जेलवार्डर एवं दोनों हेडवार्डरों से अभद्रता करते हुए जोर.जोर से चिल्लाने लगा। मैंने वहां पहुंचकर उसको समझाकर नियमानुसार उसकी तलाशी करायी तथा बंदी को समझाकर नियंत्रण कक्ष से उच्च सुरक्षा बैरक की ओर भेज दिया। उच्च सुरक्षा बैरक की ओर जाते समय बंदी दिलीप मिश्रा ने चिगाते हुए कहा कि मैं तुमको छोडूंगा नहीं मैं सब जानता हू कि तेरे दो बच्चे हैं और वह कहां रहते हैं। बंदी द्वारा यह भी कहा गया कि मैं तुम्हारे ऊपर झूठा आरोप लगाकर हाईकोर्ट में खिचवा लूंगा। तुमने मेरे साथ ठीक नहीं किया है। कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस नें मामले में 332, 353, 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। जांच सेंट्रल जेल चौकी इंचार्ज जगदीश वर्मा को दी गयी है।

# मुठभेड़ में दो बदमाश हुए घायल पांच को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता।** उरई, जालौन



●सर्विलांस सेल व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम को मिली सफलता

**कोतवाली** पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान डकैती की योजना बनाते 5 अंतंरजनपदीय बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। संयुक्त टीम व बदमाशों के बीच हुई कई राउंड फायरिंग में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। जबकि पुलिस ने मौके से तमंचा व चोरी के सामान के अलावा कुछ नगदी भी बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक ईरज राजा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी गिरजाशंकर के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी शिव कुमार सिंह एवं एसओजी प्रभारी योगेश पाठक सहित सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम क्षेत्र में चोर, लुटेरे, वांछित, वारंटियो के अलावा नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले लोगों की खोज में लगी हुई थी। इसी दौरान संयुक्त टीम को मुखबिर द्वारा लूट की योजना बना रहे अंतर्जनपदीय 8 बदमाशों की भनक लगी। भनक लगते ही संयुक्त टीम ने मुखबिर के बताए ठिकाने पर दबिश डाल दी और झांसी कानपुर हाईवे करमेर रोड ओवर ब्रिज के पास घेराबंदी कर डाली। तभी पुलिस बल देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद संयुक्त टीम ने पुलिसिया रुख दिखाते हुए बदमाशों से मुठभेड़ कर जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस व बदमाशों में हुई मुठभेड़ के दौरान इकराम व सलाम गुर्जर पुत्र शहाबुद्दीन, अनवर पुत्र इकबाल, शहजाद पुत्र कल्लू निवासीगण दलेलनगर अजीतमल औरैया व शहजाद पुत्र रियाज निवासी मूसानगर कानपुर देहात को गिरफ्तार कर लिया। जबकि मौके से तीन बदमाश भागने में सफल हो गए। पुलिस टीम व बदमाशों के बीच कई राउंड हुई फायरिंग में शातिर बदमाश सलाम गुर्जर व अनवार के अलावा एक पुलिस का जवान भी गोली लगने से घायल हुआ है। इस दौरान पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से तमंचा कारतूस, 3 छुरी, 5 जोड़ी पायल, 5 अंगूठी, 2 मोबाइल फोन व 11 हजार 250 रुपए बरामद किए। वहीं मौके से भागे तीन बदमाशों की पुलिस ने धरपकड़ तेज कर दी है। पकड़ने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी व एसओजी प्रभारी के अलावा समस्त टीम मौजूद रही।

## प्रभु श्रीकृष्ण की कथाएं सुन श्रोता हुए विभोर



**फतेहपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के छठें दिन अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं. शिवाकान्त महाराज ने महारास का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण वृंदावन में यमुना के तट पर महारास करने जा रहे थे। उसी समय कामदेव आ गये और कहा कि प्रभु आपकी परीक्षा लेंगे। परीक्षा में यदि आप सफ्ल हो गए तो वह आपके पुत्र बन करके आएंगे और यदि मैं सफ्ल हो गया तो आप मेरे पुत्र बन करके आओगे। भगवान श्री कृष्ण की परीक्षा लेने के बाद कामदेव पराजित हो गया और यही कामदेव भगवान श्री कृष्ण का प्रद्युम्न नाम का पुत्र बन करके आया। कंस वध की कथा में व्यास जी ने कहा कि मथुरा के राजा कंस ने सनातन धर्म को नुकसान पहुंचाने के लिए ब्राह्मण गाय संतों पर अत्याचार एवं वेद पुराण शास्त्रों को जलाने का काम किया। इसलिए भगवान श्री कृष्ण को अवतरित होकर कंस एवं कंस जैसे स्वभाव के जितने आततायी थे उन सब का विनाश किया। आज भी सनातन धर्म को नुकसान पहुंचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साजिश हो रही हैं। ब्राह्मण गाय संत एवं वेद पुराणों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वह समय दूर नहीं जब भगवान किसी न किसी रूप में अवतरित होकर सनातन धर्म के खिलाफ कर रहे साजिशकर्ताओं का सर्वनाश करेंगे। सनातन धर्म को और अधिक मजबूत करेंगे। पूरे पंडाल का वातावरण भक्तिमय रहा।

## जिलाधिकारी ने दस पात्रों को बांटे पट्टा प्रमाण पत्र

**मौदहा,** हमीरपुर। तहसील कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद डीएम ने दस पात्र गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों को भूमि पट्टा आवंटित कर उनके प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डीएम डॉ चंद्र भूषण त्रिपाठी ने आज मौदहा तहसील परिसर पहुंच वहां अभिलेखों को चेक कर जो खामियां थी उनको दुरुस्त कराने के लिए आदेश दिया। वही मौजूद मौदहा विकासखंड के किसवाही गांव निवासी 10 पात्र लोगों को आवासीय भूमि पट्टा आवंटित करा उन्हें चिन्हित कर कब्जा दिलाने के मकसद से भूमि के अभिलेख भी वितरित किए पट्टा मिलने वालों में मुन्नी, सुमित्रा, राजकुमारी, श्वेता, ललिता, माया, उर्मिला, कमतू, राजरानी व माया वर्मा आदि लोगों को 80 वर्ग मीटर आवासीय भूमि प्रदान की गई। तो वही भूमि पर कबजा मिलने से पात्रों के चेहरे खिल गए।

## औद्योगिक विकास कर सरकार दे रही युवाओं को रोजगार : तोमर



**संवाददाता।** चित्रकूट

●भुजौली गांव में हुई भाजपा शक्ति केंद्र की बैठक

**भाजपा** के गनीवा मंडल के शक्ति केंद्र गौहानी कला की बैठक भुजौली गांव में मंडल अध्यक्ष सुशील द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई। बतौर मुख्य अतिथि शक्ति केंद्र प्रभारी शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर कार्य कर रही है, राजनीति के माध्यम से भाजपा सेवा करना चाहती है। सोमवार को चित्रकूट के विकास की चर्चा करते हुए शक्तिप्रताप सिंह तोमर ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस चित्रकूट के विकास का द्वार है। इन्वेस्टर समिट मे 11000 करोड़ रुपए से 93 से अधिक व्यवसायी चित्रकूट में फैक्ट्री लगाएंगे, इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। किसानों की आमदनी दोगुना करने व उन्हें बीज तथा कृषि यंत्र अनुदान में देने के कार्य भी सरकार कर रही है। सामूहिक विवाह में प्रत्येक वर्ष लक्ष्य निर्धारण के बाद सरल प्रक्रिया से सामूहिक विवाह हो रहे हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भारत के वैज्ञानिकों ने वैक्सीन बनाकर 80 से ज्यादा देशों में निर्यात किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने का कार्य हो रहा है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष सुशील द्विवेदी ने संगठनात्मक बूथ सशक्तिकरण अभियान को बढ़ाते हुए प्रत्येक बूथ पर ग्यारह की टीम पन्ना प्रमुख, युवा प्रमुख, मन की बात प्रमुख समेत सेक्टर की हर ग्राम पंचायत मे 2024 के लिए संगठन के कार्य तेज करने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। द्विवेदी ने कहा कि सांसद आरके सिंह पटेल के प्रयासों से चित्रकूट में बाईपास बनेगा।

## क्विक न्यूज

### दलजीत सिंह बने पाराचांद साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष



**घाटमपुर।** विकास खण्ड घाटमपुर की पाराचांद (बेंदा) साधन सहकारी समिति के चुनाव में दलजीत सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये, भाजपा कानपुर ग्रामीण के मंत्री दलजीत सिंह इसी समिति के अंर्तगत आने वाले रावा गांव के निवासी है उनके निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा कानपुर ग्रामीण के पूर्व जिला मंत्री, बरीपाल मंडल के महामंत्री पुष्पेंद्र सिंह, राजा सिंह, योगेन्द्र सिंह छुछुवा और समिति के सदस्य जसवंत सिंह ने बधाई दी है।

### पशु चिकित्सा अधिकारी ने अपने अधीनस्थ को जड़े थप्पड़

**उरई, जालौन।** इस समय कुठौंद का पशु चिकित्सालय पशुओं का इलाज न कर अपनों का ही थप्पड़ मार इलाज करने में जुटा हुआ है। सोमवार को प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष राजपाल ने अपने अधीनस्थ पशुधन प्रसार अधिकारी को थप्पड़ जड़ दिए। पीड़ित कर्मचारी ने थाना पुलिस को तथा उच्च अधिकारियों को अवगत करा कर कार्यवाही किए जाने की मांग की। थाना पुलिस को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में पीड़ित पशुधन प्रसार अधिकारी दुष्यंत कुमार यादव पुत्र अमर सिंह यादव निवासी मिहोना ने बताया कि वह अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु अस्थाई गौशाला बस्तेपुर में गौवंशों का इलाज करने हेतु तैयार होकर जाने वाला था कि तभी ग्राम पंचायत हाजीपुर से सूचना आई एक गाय गंभीर रूप से बीमार है। जिस पर पशुधन प्रसार अधिकारी ने पशु चिकित्सा अधिकारी से कहा कि साहब आप किसी कर्मचारी को ले जाकर उक्त गौशाला को देख ले मैं बस्तेपुर गौशाला देखने जा रहा हूं। वह इसी बात पर आग बबूला होकर दीवारों से गहरा नाता रखने वाले चर्चित पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष राजपाल ने आव देखा न ताव देखा और अपने अधीनस्थ के गाल पर एक के बाद एक कई थप्पड़ जड़ दिए।

### वर्मी कंपोस्ट बनाकर स्वावलंबी बने महिलाएंः श्रुति

**फतेहपुर।** थरियांव स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन हेतु वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण एवं संचालन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का जिलाधिकारी श्रुति ने दीप प्रज्जवलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण की प्रक्रिया को अच्छी तरह से समझ ले और वर्मी कम्पोस्ट बनाकर आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बने। उन्होने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग से मृदा भी स्वस्थ रहेगी और उससे पैदा होने वाला अन्न स्वस्थ होगा। जिससे हमारी पीढ़ी को बीमारियों से जूझना नहीं पड़ेगा। कीटनाशक के प्रयोग से हमारी पैदावार बढ़ी जरूर है परंतु गुणवत्ता में कमी आयी है जिससे अनेक बीमारियां फैलती हैं। इसके लगातार प्रयोग से मृदा भी बंजर हो रही है उसके बचाव के लिए वर्मी कम्पोस्ट का प्रयोग जरूरी है। हम सबको पुरानी पद्धति को वापस लाना है।

### बच्चों को स्कूल भेजकर घर में फांसी पर झूल गयी युवती

**माधौगढ़,** जालौन। रामहेतपुरा गांव निवासी 32 वर्षीय महिला ने फाइुसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली शव को लटकता देख परिजनों में कोहराम मचा और पुलिस को दी गई सूचना सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी थी। मिली जानकारी के अनुसार 2007 में शेखपुरा अहीर की रहने वाली नीरू की शादी रामहेतपुरा में प्रेम सिंह से हुई थी जिसकी शादी को लगभग 14-15 साल हो चुके हैं और दोनों का जीवन अच्छे से गुजर रहा था लेकिन बीच में कुछ कारणों के चलते पति-पत्नी में झगड़ा होने लगा। परिणामतः नीरू ने आज फांसी लगा कर जान दे दी। नीरू के तीन लड़के हैं रितिक, सचिन और लोकेंद्र हैं। इसके बाद उसके पति प्रेम सिंह ने अपनी बहन की लड़की आकांक्षा को भी गोद ले रखा था।

### मांगों को लेकर भाकियू लोकशक्ति ने पीएम को भेजा ज्ञापन

**फतेहपुर।** किसानों समेत आमजन की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर उप जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को छह सूत्रीय ज्ञापन भेजा। जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह पटेल की अगुवाई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट आये और प्रधानमंत्री को भेजे गये ज्ञापन में मांग किया कि आवारा जानवरों से छुटकारा पाने के लिए कृषि सुरक्षा दल का गठन किया जाये, किसानों की वृद्धा पेंशन दस रुपये की जाये, किसानों के आलू कोल्ड स्टोरेज में भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

# तीन शातिर बाइक चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, चार वाहन बरामद



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर राजापुर थाना पुलिस ने तीन लोगों को दबोचकर चोरी की चार मोटरबाइक बरामद की है। सोमवार को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पत्रकारों को बताया कि मुखबिर की सूचना पर राजापुर थाने के दरोगा रामवीर सिंह की टीम भंभेट गांव के बन्द पडे ईंटभट्ठा के कमरे से राजा उर्फ राजबहादुर रैदास पुत्र बुद्धूलाल, कामता प्रसाद पुत्र बिहारीलाल व विष्णू पुत्र स्व पंचा रैदास निवासी सिकरी अमान को दबोचकर चोरी की चार मोटरबाइकें बरामद की। पूंछताछ में राजा रैदास ने बताया कि वह चोरी की गाडियां बेंचता है। साढे 15 हजार रुपये गाडी खरीदने को दिये थे। पांच हजार रुपये कागज देने की बात हुई थी। चोरों ने पुलिस को बताया कि चारों मोटरबाइकें कौशाम्बी, फतेहपुर व बांदा से चोरी की हैं। चोरी की गाडियां बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। पुलिस ने चारों के खिलाफ उचित धाराओं में मामला दर्जकर जेल भेजा है। पुलिस टीम में थाने के वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह, दीवान संतोष त्रिपाठी, सिपाही उमेन्द्र त्रिपाठी, उज्जवल पाण्डेय, मनोज कुमार शामिल रहे। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि कोई भी मोटरबाइक अधिकृत विक्रेता से ही खरीदें। पुरानी बाइक खरीदने के पहले एआरटीओ कार्यालय में पड़ताल के बाद ही खरीदें।

# एबीवीपी छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आक्रोशित छात्र -छात्राओं ने आज जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देकर जमकर नारेबाजी की। उन्होंने डीएम से भेंटकर वजीफा से वंचित करने वाले दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री अनुज पांडे ने डीएम को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि प्रदेश में पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रति भूत के 273489 आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। जिन्हें विश्वविद्यालयों का एपीलियेटिंग एजेंसी द्वारा निर्धारित समय पर 31 जनवरी तक पोर्टल पर लाक नहीं किया गया था। इसी कारण योजना से तमाम डिग्री कॉलेज के छात्र- छात्राएं समय से आवेदन करने पर भी वंचित रह गए। शिकायती पत्र में डीएम के माध्यम से प्रदेश सरकार को अवगत कराया गया कि आज भी ऐसे बहुत से विद्यार्थी हैं। जो अपनी पढ़ाई छात्रवृत्ति के सारे ही पूर्ण कर पाते हैं और ऐसे छात्र देश के गौरव के लिए भी बहुत कुछ कर पाते हैं।

### 23 वर्ष की उम्र में सिविल जज बनी बांदा की दूतिका उपाध्याय



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा की एक मध्यम वर्गीय परिवार की बेटी सोशल मीडिया में छा रही है। बांदा की बेटी मध्यप्रदेश की सिविल जज परीक्षा में 47वी रैंक पाकर बांदा सैंटमैरी स्कूल का नाम रोशन किया। सुप्रीम कोर्ट में वकील दूतिका उपाध्याय मात्र 23 वर्ष की उम्र में सिविल जज बन गईं है। मां और पिता शिक्षक है, सोशल मीडिया में आजकल हजारों लोग बधाई दे चुके सैकड़ों कमेंट आ चुके है। दैनिक पायनियर लखनऊ पहुंचा दूतिका के ननिहाल इंदिरा नगर बांदा में नाना के यहां ही रहकर पढ़ाई की है। आपको बताते चलें कि दूतिका ने कम उम्र में पहले अटेंप्ट में सिविल जज परीक्षा में 47 वां स्थान प्राप्त करके मध्यप्रदेश में टॉप किया। एक मध्यम वर्गीय परिवार जिसकी फाइनैंशल स्थित बहुत अच्छी ना हो अच्छे संसाधन ना हो शिक्षा का बहुत अच्छा माहौल ना हो लेकिन गरीबी मेहनत और लगन उसे अपनी मंजिल पाने में रोक नहीं पाती है। कोई ना कोई उसे सहारा जरूर देता है।

# ट्रैक्टर ट्राली पलटने से बालिका की मौत, मां और भाई घायल



**सुमेरपुर,** हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे से सरिया लाद कर इंगोहटा जा रहे ट्रैक्टर और ट्राली के पलटने से उसमे सवार एक बालिका की मौत हो गई जबकि उसकी मां और भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, दोनों की हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मां के साथ पुत्र और पुत्री फसल की कटाई के लिए खेत जा रहे थे। सोमवार को ट्रैक्टर चालक सरिया लादकर इंगोहटा की तरफजा रहा था। तभी तपोभूमि चौराहा के पास इमिलिया थोक निवासी मीरा (45) पत्नी छेदीलाल कुशवाहा उसकी पुत्री अनीता व पुत्र राकेश ट्रैक्टर में बैठ गए थे। जब ट्रैक्टर हंस फैक्ट्री के पास पहुंचा। तभी एक ट्रक ने ओवरटेक करते हुए ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर ट्रॉली सहित पलट गया। जिससे ट्रैक्टर में बैठी अनीता की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मीरा व राकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पूर्व मंत्री हाजी याकूब की 31 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति कुर्क होगी

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी पर पुलिस और प्रशासन का शिंकजा कसता जा रहा है। मेरठ पुलिस ने हाजी याकूब कुरैशी की 31.70 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी की है। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने पिछले वर्ष थाना खरखौदा में मीट फैक्टरी के भीतर अवैध रूप से मीट पैकेजिंग के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस द्वारा कंपनी के निदेशक और सदस्य के खिलाफ कार्वाई की थी। जांच में पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी द्वारा अवैध कमाई से खरीदी गई लगभग 31 करोड़ 70 लाख रुपए मूल्य की संपत्ति का पता चला, जिसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई। सजवाण ने बताया कि जिलाधिकारी ने कुरैशी की इन चल और अचल संपत्तियों की कुर्की की कार्वाई का आदेश पारित किया है और जल्द ही कुर्की की कार्वाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चिह्नित संपत्तियों में जमीन और भवन दोनों शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही इनमें 32 के करीब दोपहिया और चार पहिया वाहन तथा कुरैशी और उनके परिजनों के नाम पर खरीदे गए सात भवन भी शामिल हैं।

# कुलाधिपति ने किया सीसीएसयू विवि का पैदल भ्रमण

### अलसुबह कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के साथ भ्रमण पर निकलीं राज्यपाल आनंदीबेन

### पर्यावरण को देख कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने की प्रशंसा

**संवाददाता।** मेरठ




**राज्यपाल** व कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल सोमवार को प्रातः कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के साथ चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के भ्रमण पर पैदल ही निकल पड़ी। सबसे पहले वह चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंची उसके बाद वह पैदल चलते हुए मंदिर पर पहुंची। मंदिर में भगवान के दर्शन करने के पश्चात वह तपोवन की ओर पहुंची तपोवन देखने के बाद वह खेल मैदान पर पहुंची। वहां से होते हुए वह डिग्गी की ओर जाने वाले रास्ते की ओर गई और वहां पर हॉस्टलों को देखा। उसके पश्चात वह वापस अतिथि गृह पहुंची। इस दौरान उन्होंने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के पर्यावरण को देख प्रशंसा की और कहा कि यह अच्छी बात है कि विश्वविद्यालय ने प्रत्येक पेड़ पर बारकोडिंग व उसके वैज्ञानिक नाम को भी लिख रखा है। इससे लोगों की जानकारी तो बढ़ेगी ही साथ ही कौन सा पेड़ किस चीज का है उसका नाम क्या है तथा उसका वैज्ञानिक नाम क्या है यह पता चलेगा। भ्रमण के दौरान चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कुलाधिपति को बताया कि विश्वविद्यालय का 80 प्रतिशत भूभाग में ग्रीनरी है। बताया कि विश्वविद्यालय में छात्रों के छह तथा छात्राओं के दो छात्रावास है सभी छात्रावासों के कमरे के बाहर एक एक पौधा लगा हुआ है यह पौधे छात्रों के द्वारा ही खरीदे गए हैं। गमलों पर छात्रों ने अपना नाम लिख रखा है उसकी देखभाल भी छात्र छात्राओं के द्वारा ही की जाती है। कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल को बताया कि पर्यावरण के संरक्षण को लेकर विश्वविद्यालय में समय.समय पर अभियान चलाया जाता है। पॉलिथीन बैन को लेकर भी विश्वविद्यालय में हर वर्ष अभियान चलाया जाता है। यह सभी अभियान छात्र में छात्राओं के द्वारा ही किए जाते हैं विश्वविद्यालय में एक इको क्लब भी बना हुआ है जिनके द्वारा लोगों को पॉलिथीन का कम से कम उपयोग करने के लिए जागरूक किया जाता है।

# गायत्री मन्त्र सभी विद्याओं में शिरोमणिः पंडित श्याम बिहारी



**गाजीपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन सुबह से ही यज्ञ हवन करने के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ यज्ञ स्थल रामलीला मैदान पर पहुंचने लगी। अचानक करवट लिए मौसम में भी श्रद्धालुओं ने पूरे उल्लास पूर्वक अपने सुख समृद्धि की कामना लिए यज्ञ में आहुतियां समर्पित की। झमाझम बारिश के बीच यज्ञ के दौरान विभिन्न संस्कार भी संपन्न कराए गए। इस दौरान 250 लोगों ने गायत्री परिवार से दीक्षा भी ली। एवं 200 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराया गयाए तथा 10 बहनों का पुंसवन संस्कार एवं 15 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। दीक्षा संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रकांड विद्वान एवं अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित श्याम बिहारी दुबे ने बताया कि ष्गायत्री सब मंत्रों तथा सभी विद्याओं में शिरोमणि है। उससे इंद्रियों की साधना होती हैद्य गायत्री कामधेनु के समान मनोकामना को पूर्ण करती हैद्य दुर्भाग्यए दरिद्रता आदि कष्टों को दूर करती है, पुण्य को बढ़ाती हैए पाप का नाश करती है। मुख्य अतिथि देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के प्रति कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ष्भारत के झंडे में तीन रंग. केसरियाए सफेदए और हरा है। यह क्रमशः बलिदान एशांति एवं समृद्धि के प्रतीक हैं। राष्ट्रीय कर्तव्य को पूरा करने के लिए आज ही युवाओं की भावनाओं को भी इन तीन रंगों में रंगना होगा। युवाओं की बलिदानी भावना से ही राष्ट्र में शांति स्थापित होगी और तभी देश समृद्धि होगा। प्रत्येक युवा को अपने राष्ट्रीय कर्तव्य के लिए स्वयं प्रेरित होकर दूसरों को भी प्रेरित करना होगा। इसके बाद 10ए000 दीपक से उत्कर्ष दीप महायज्ञ का आयोजन भी हुआ।

### जनजागरूकता कार्यक्रम में कवियों ने बिखेरे रंग

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ के तत्वाधान में गांधी पार्क आमघाट में अपराध निरोधक जन जागरूकता कार्यक्रम के तहतए भव्य कवि सम्मेलन सम्मान समारोह रविवार की देर शाम संपन्न हुआ। समिति के चेयरमैन डॉ उमेश शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय छपरा बिहार के पूर्व कुलपति प्रोण् हरिकेश सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेंद्र नाथ सिंह तथा नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने साइबर अपराध से बचाव की जानकारी देते हुए लोगों से सतर्क रहने का आह्वान किया और आवश्यकता पड़ने पर शासन द्वारा जारी फोन नम्बरों की जानकारी दी। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मंचासीन कवियों ने कार्यक्रम में ऐसी शमां बांधी कि श्रोता देर रात तक उनकी कविताओं और गीतों पर झूमते रहे।

# पुतिन ने चिनफिंग का किया स्वागत

भाषा। मॉस्को



**रूस के राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को तीन-दिवसीय दौरे पर मॉस्को पहुंचे चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग का क्रेमलिन में स्वागत किया। चिनफिंग का स्वागत करने के साथ ही पुतिन ने कहा कि वह यूक्रेन में जारी संकट के समाधान की चीनी राष्ट्रपति की योजना का भी स्वागत करते हैं।

रूस-यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच चिनफिंग-पुतिन के बीच होने वाली बैठक को अहम माना जा रहा है। यूक्रेन पर हमले के बाद रूस को अलग-थलग करने के पश्चिमी देशों के प्रयासों के बीच चिनफिंग की उपस्थिति को पुतिन के लिए एक कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा रहा है।पुतिन ने यह भी कहा कि बैठक ने अमेरिका को संदेश दिया है कि दोनों देश उन्हें कमजोर करने के प्रयासों को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं।उन्होंने कहा, रूस और चीन को भयभीत करने की अमेरिकी नीति लगातार उग्र और अधिक आक्रामक होती जा रही है। साथ ही उन सभी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया जा रहा है, जो अमेरिकी फरमान के आगे नहीं झुकते हैं। वहीं, चीन और रूस ने चिनफिंग की यात्रा को दोनों देशों की मित्रता को और प्रगाढ़ करने के प्रयासों के हिस्से के रूप में वर्णित किया है। क्रेमलिन ने यूक्रेन के लिए चीन की शांति योजना का स्वागत किया है और कहा है कि इसपर पुतिन और चिनफिंग के बीच वार्ता के दौरान चर्चा की जाएगी। दोनों राष्ट्रपतियों के बीच सोमवार को रात्रिभोज के बाद बैठक शुरू होगी। गौरतलब है कि चिनफिंग की रूस यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय द्वारा शुक्रवार को युद्ध अपराध के आरोपों में पुतिन की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया था। रूस ने इस वारंट को निष्प्रभावी करार दिया है। चीन अपनी ऊर्जा आधारित अर्थव्यवस्था के लिए रूस को तेल और गैस के स्रोत के रूप में देखता है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि सोमवार की बैठक के दौरान चिनफिंग और पुतिन यूक्रेन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति मौजूदा हालात पर मॉस्को के दृष्टिकोण को लेकर भी विस्तृत विवरण दे सकते हैं। पेस्कोव ने कहा कि मंगलवार को दोनों देशों के अधिकारियों के बीच विभिन्न विषयों पर व्यापक बातचीत होगी। वहीं, बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रपति चिनफिंग का रूस दौरा मित्रता, सहयोग एवं शांति की यात्रा है।उन्होंने कहा, चीन, यूक्रेन संकट पर अपनी निष्पक्ष स्थिति को बनाए रखेगा और शांति वार्ता को बढ़ावा देने में रचनात्मक भूमिका निभाएगा।

## हाल का बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण द.कोरिया पर परमाणु हमले की नकल था : उ.कोरिया

भाषा। सियोल



**उत्तर कोरिया ने** सोमवार को कहा कि उसने सप्ताहांत में एक बैलिस्टिक मिसाइल छोड़कर दक्षिण कोरिया पर परमाणु हमले की नकल की। यह अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच हाल के वर्षों में सबसे बड़े संयुक्त सैन्य अभ्यास के विरोध में इस महीने उत्तर कोरिया का पांचवां मिसाइल परीक्षण था। सरकारी मीडिया के अनुसार, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अपने शत्रुओं द्वारा आक्रामकता दिखाए जाने के कारण अपने परमाणु बलों को युद्ध संबंधी तैयारियों को तेज करने के लिए सेना को और अभ्यास करने का निर्देश दिया है। दक्षिण कोरिया और जापान की सेना ने बताया कि उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तट पर रविवार को कम दूरी की एक मिसाइल का परीक्षण किया। यह कदम तब उठाया गया जब एक घंटे से भी कम समय पहले अमेरिका ने दक्षिण कोरिया के युद्धक विमानों के साथ प्रशिक्षण के लिए लंबी दूरी के बी-बी बमवर्षक विमानों को भेजा था। उत्तर कोरिया का कहना है कि अमेरिका-दक्षिण कोरिया के बीच अभ्यास उस पर हमला करने का पूर्वाभ्यास है जबकि दोनों देश इसे रक्षात्मक अभ्यास बताते हैं। प्योंगयांग की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि मिसाइल ने करीब ८०० किलोमीटर की दूरी तय की।

## ईयू यूक्रेन को तोप के गोलों की आपूर्ति समझौते के प्रयास में

भाषा। ब्रसेल्स

**यूरोपीय** संघ के मंत्री यूक्रेन को अत्यधिक जरूरी तोप के गोलों की आपूर्ति करने की योजना को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। रूस द्वारा यूक्रेन के पूर्वी औद्योगिक हिस्से पर हमलों को लेकर लगातार योजना बनाने के बीच यूरोपीय संघ के मंत्री सोमवार को बैठक कर अपने राष्ट्रीय भंडारों को पुन: भरने तथा यूरोप के रक्षा उद्योग को मजबूत करने की योजना भी बना रहे हैं। यूरोपीय संघ के 27 देशों के विदेश और रक्षा मंत्री ब्रसेल्स में एक संयुक्त सत्र में अपनी योजना पर चर्चा करने वाले हैं।

Form No. 3
[See Regulation-15 (1)(a)]/16(3)
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL CHANDIGARH (DRT 2)
1st Floor, SCO 33-34-35, Sector-17A, Chandigarh
(Additional space allotted on 3rd & 4th Floor also)
Case No.: OA/644/2020
Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993
Exh. No. 12460
ICICI BANK LIMITED
Vs.
SAJIT NATH MENON

TO,
(1) SAJIT NATH MENON D/W/S/O- MR. BHASKARAN KARUTHE DATH MR. SAJIT MENON S/O. MR. BHASKARAN KARUTHE DATH, R/O. FLAT NO. 1203, TOWER NO.2, OMAXE THE NILE, SECTOR- 49, SOHNA ROAD, GURGAON- 122001 HARYANA GURGAON, HARYANA
(2) MRS. SWATI MENON W/O. MR. SAJIT NATH MENON R/O. FLAT NO. 1203, TOWER O.2, OMAXE THE NILE, SECTOR- 49, SOHNA ROAD, GURGAON-122001 HARYANA
ALSO AT.
2ND ADDRESS OF RESPONDENT NO. 1 & 2 R/O. FLAT NO. G-03, GROUND FLOOR, TOWER-E RESIOZONE RESIDENCY, MAYUR VIHAR, SAHASTRADHARA, DEHRADURN- 248001
(3) M/S. RESIZONE BUILDWELL PVT. LTD., R/O H.-157, 2ND FLOOR, SECTOR-63, NOIDA-201301 THROUGH ITS AUTHORIZED OFFICER

SUMMONS
WHEREAS, **OA/644/2020** was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on **05/09/2022.**
WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of **Rs.8029801/-** (application along with copies of documents etc. annexed).
In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under:-
(i) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
(ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application;
(iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
(iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/ or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal;
(v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before **Registrar** on **22/03/2023** at **10:30 A.M.** failing which the application shall be heard and decided in your absence.
**Given under my hand and the seal of this Tribunal on this date: 08/09/2022.**
Signature of the Officer Authorised to issue summons

## ईयू ने तुर्किए, सीरिया में भूकंप के बाद धन जमा करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ और उसके अंतरराष्ट्रीय साझेदार सोमवार को ब्रसेल्स में जमा हुए है और तुर्किए तथा सीरिया में पिछले महीने भूकंप के बाद उनके लिए धन जमा करने का प्रयास कर रहे है। गत छह फरवरी को तुर्किए में आए 7.8 तीव्रता के भयावह भूकंप के कारण 52,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। वही, दो लाख से अधिक इमारते या तो गिर गई या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मानवीय आपदाओं में सहायता करने वाली इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी (आईआरसी) ने कहा कि क्षेत्र में हालात अब भी गंभीर बने हुए हैं। उसने दानदाताओं से अपील की कि तुर्किए और सीरिया के लिए क्रमशः एक अरब डॉलर और 39.7 लाख डॉलर जुटाने की संयुक्त राष्ट्र की अपील के अनुसार धन जमा किया जाए।

## सोमालिया में पिछले साल सूखे से 43 हजार लोगों की मौत होने का अनुमान

**नैरोबी।** सोमालिया मे पिछले साल सबसे लंबे समय तक चले सूखे के कारण 43 हजार लोगों की मौत होने का अनुमान है, जिनमें ज्यादातर बच्चे थे। एक नई रिपोर्ट मे यह जानकारी सामने आई है। सोमालिया के ज्यादातर हिस्सों मे सूखे के कारण होने वाली मौतो के बारे मे पहली बार आधिकारिक घोषणा की गई है। पिछले साल के शुरुआती छह महीने में कम से कम 18 हजार लोगों की मौत होने का अनुमान है।

## अमेरिका में काउंटी कमिश्नर पद की दौड़ में भारतीय मूल के वकील शामिल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राज्य अलबामा मे काउंटी आयुक्त पद की दौड़ मे भारतीय मूल के एक वकील और शिक्षक शामिल हैं। एक खबर में यह जानकारी दी गई है। फिलाडेल्फिया इन्क्वायरर अखबार की पिछले हफ्ते प्रकाशित खबर के मुताबिक, 36 वर्षीय नील मखीजा एक डेमोक्रेट, एक नागरिक अधिकार वकील और पेन्सिल्वेनिया विश्वविद्यालय में व्याख्याता है तथा मॉन्टगोमरी काउंटी बोर्ड ऑफ कमिश्नर पद की दौड़ मे शामिल है। खबर के मुताबिक मखीजा ने एक बयान मे कहा योग्य लोगों को चुनने में मदद करना मेरे जीवन का मिशन रहा है।

## पाकिस्तान पुलिस ने इमरान खान के भतीजे, समर्थकों को गिरफ्तार किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पुलिस ने सप्ताहांत में यहां एक अदालत के बाहर सुरक्षाकर्मियों पर हुए हमलों में संलिप्तता के आरोप मे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के भतीजे और उनके कई समर्थकों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। सुरक्षाकर्मियों पर यह कथित हमला उस समय किया गया था, जब खान भ्रष्टाचार के एक मामले में एक अदालत के समक्ष पेश होने के लिए लाहौर से यहां पहुंचे थे। सोमवार की गिरफ्तारी के बाद इस्लामाबाद मे गिरफ्तार किए गए खान के समर्थकों की कुल संख्या शनिवार से अब तक 198 हो गई है। गिरफ्तार लोगो मे खान का भतीजा हसन नियाजी भी शामिल है।

# संरा जलवायु रिपोर्ट में चेतावनी, बस एक मौका

### बर्फ की पतली चादर पर है दुनिया

भाषा। बर्लिन



**संयुक्त राष्ट्र के** वैज्ञानिकों की एक शीर्ष समिति ने सोमवार को कहा कि मानवता के पास जलवायु परिवर्तन के भविष्य के सबसे गंभीर नुकसान को रोकने के लिए अब भी एक मौका है जो, आखिरी के करीब है। जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी समिति ने कहा कि हालांकि ऐसा करने के लिए 2035 तक कार्बन प्रदूषण और जीवाश्म ईंधन के उपयोग को लगभग दो-तिहाई तक कम करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इसे और अधिक स्पष्ट करते हुए नए जीवाश्म ईंधन की खोज पर रोक और अमीर देशों को 2040 तक कोयला, तेल और गैस का उपयोग छोड़ने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा, मानवता बर्फ की पतली चादर पर है और यह बर्फ तेजी से पिघल रही है। हमारी दुनिया को सभी मोर्चों पर जलवायु कार्वाई की जरूरत है - सब कुछ, हर जगह, एक साथ। गुतारेस ने जीवाश्म ईंधन पर कार्वाई का अपना आह्वान तेज करते हुए न केवल नो न्यू कोलै (यानी अब कोयला ईंधन चालित किसी भी नए ऊर्जा संयंत्र का विकास नहीं किया जाए) बल्कि 2030 तक अमीर देशों और 2040 तक गरीब देशों द्वारा इसके उपयोग को समाप्त करने का भी आह्वान किया। उन्होंने 2035 तक दुनिया के विकसित देशों में कार्बन उत्सर्जन मुक्त बिजली उत्पादन का आग्रह किया, जिसका अर्थ है गैस से चलने वाला कोई बिजली संयंत्र भी नहीं हो। यह तिथि महत्वपूर्ण है क्योंकि देशों को जल्द ही पेरिस जलवायु समझौते के अनुसार, 2035 तक प्रदूषण में कमी के लक्ष्यों को पेश करना होगा। चर्चा के बाद, संयुक्त राष्ट्र की विज्ञान समिति ने गणना की और बताया कि पेरिस में निर्धारित तापमान की सीमा के तहत रहने के लिए, दुनिया को 2019 की तुलना में 2035 तक अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 60 प्रतिशत की कटौती करने की आवश्यकता है। उसने साथ ही यह भी कहा कि 2018 से जारी छह रिपोर्ट में नए लक्ष्य का उल्लेख नहीं किया गया था। रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन का मानव कल्याण और ग्रह के स्वास्थ्य के लिए खतरा बताते हुए कहा गया है, इस दशक में लागू किए गए विकल्पों और कार्यों का प्रभाव हजारों वर्षों तक रहेगा। रिपोर्ट की सह-लेखिका और जल वैज्ञानिक अदिति मुखर्जी ने कहा, हम सही रास्ते पर नहीं हैं, लेकिन अभी भी देर नहीं हुई है। हमारा इरादा वास्तव में आशा का संदेश है, न कि कयामत के दिन का। ऐसे में जब दुनिया तापमान को पूर्व-औद्योगिक समय से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के विश्व स्तर पर स्वीकृत लक्ष्य से कुछ ही दूर है, वैज्ञानिकों ने तात्कालिकता की भावना पर बल दिया। लक्ष्य को 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के हिस्से के रूप में स्वीकार किया गया था और दुनिया पहले ही 1.1 डिग्री सेल्सियस गर्म हो चुकी है। रिपोर्ट लिखने वाले सहित कई वैज्ञानिकों ने कहा कि यह नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित वैज्ञानिकों की 1.5 डिग्री के बारे में संभवत: अंतिम चेतावनी है क्योंकि उनकी अगली रिपोर्ट संभवत: तब आएगी जब पृथ्वी इस निशान को पार कर चुकी होगी या जल्द ही इसे पार कर जाएगी। रिपोर्ट के सह-लेखक फ्रांसिस एक्स ने कहा कि 1.5 डिग्री के बाद "जोखिम बढ़ने लगेंगे। रिपोर्ट में उस तापमान के आसपास प्रजातियों के विलुप्त होने का उल्लेख किया गया है। जिसमें प्रवाल भित्तियां, बर्फ

## थाईलैंड की संसद भंग, आम चुनाव मई में होंगे

भाषा। बैंकाक

**थाईलैंड** में एक सरकारी फरमान से सोमवार को संसद भंग कर दी गई और इसके साथ ही मई में आम चुनाव का मार्ग प्रशस्त हो गया है। संसद भंग किए जाने को राजनीति में सेना के प्रभाव को कम करने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है। प्रतिनिधि सभा के चार साल के कार्यकाल की समाप्ति से कुछ दिन पहले संसद भंग करने की पहल प्रधानमंत्री प्रयुथ चान-ओचा द्वारा की गई, जो सात या 14 मई को होने वाले संभावित चुनाव में एक नए जनादेश की मांग कर रहे हैं। चुनाव की तारीख की घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी। अरबपति थाकसिन शिनावात्रा द्वारा समर्थित विपक्षी फ्यू थाईलैंड पार्टी, रूढ़िवादी प्रतिष्ठान का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टियों के खिलाफ सेना से निकटता से जुड़ी हुई है।

## शीर्ष अफगान तालिबान नेता ने भाई-भतीजावाद के खिलाफ फरमान जारी किया

**इस्लामाबाद।** तालिबान के सर्वोच्च नेता ने भाई-भतीजावाद के खिलाफ एक फरमान जारी कर अफगानिस्तान के तालिबान प्रशासन में अधिकारियों को सरकारी पदों पर अपने रिश्तेदारों की भर्ती करने से रोक दिया है। तालिबान नेता मुल्ला हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने सभी तालिबानी अधिकारियों को उनके प्रशासन में पहले से ही काम कर रहे अपने बेटों तथा अन्य रिश्तेदारों को बर्खास्त करने का भी आदेश दिया है। यह फरमान तालिबान सरकार के ट्विटर अकाउंट पर शनिवार देर रात को पोस्ट किया गया। फरमान में कहा गया है, मंत्रालयों, विभागों में सभी अधिकारियों और स्वतंत्र प्राधिकारियों को आदेश दिया जाता है कि किसी को भी सरकारी पदों पर परिवार के

सार्वजनिक सूचना
श्री चंद्रभान सैनी पुत्र स्वर्गीय राम दयाल निवासी मकान नंबर 429/2, चंदर क्वार्टर, राम पुरा उत्तर पश्चिम दिल्ली-110035 एतदद्वारा घोषणा करते हैं कि वे चंदर क्वार्टर, राम पुरा, दिल्ली-110035 के नाम से जानी जाने वाली कॉलोनी ग्राम चौकरी मुबारकबाद में स्थित प्लॉट नंबर 429, एरिया परिमाप 30.9 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 222/1 का हिस्सा, के पूर्ण मालिक है, इसके बाद श्रीमती कुसुमलता, श्री मनोज सैनी और श्री शुरिन्द्र के द्वारा निष्पादित त्याग विलेख के माध्यम से दस्तावेज सं. 1114, खंड सं. 11458, पृष्ठ 55 से 60, पुस्तक 1, दिनांक 24.01.2023, उप-पंजीयक-VIA, नई दिल्ली में विधिवत पंजीकृत के माध्यम से "उक्त संपत्ति" के रुप में संदर्भित किया गया है। जबकि वे श्री राम दयाल की विरासत के माध्यम से उक्त संपत्ति के मालिक थे और श्री राम दयाल, वसीयत दस्तावेज सं. 500, खंड सं. 176, पृष्ठ 160 से 162, बुक सं. 4 दिनांक 14.02.1980 श्री नारायण दास द्वारा निष्पादित के माध्यम से उक्त संपत्ति की पहले का मालिक था उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार, शुल्क, बंधक आदि से मुक्त है और मेरे पास संपत्ति का स्पष्ट विपणन योग्य शीर्षक और कब्जा है और श्री चंद्रभान सैनी पुत्र स्वर्गीय राम दयाल एतदद्वारा घोषणा करते है कि उक्त वसीयत उक्त संपत्ति के संबंध में अंतिम वसीयत है, जबकि श्री नारायण दास के अन्य कानूनी उत्तराधिकारियों को उक्त वसीयत पर कोई आपत्ति नहीं है। वह उक्त संपत्ति पर हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से ऋण ले रहें हैं, अगर किसी को कोई आपत्ति है तो कृपया 7 दिनों के भीतर 9050571075 पर संपर्क करें (अधिवक्ता ललित कुमार कौशिक)
आर.के. लॉ कंसल्टेंट्स

PUBLIC NOTICE
It is to inform to the public at large of **Mr. Ramesh Kumar** who is purchasing the **DESCRIPTION:- RESIDENTIAL HOUSE NO. 130 PART OF PLOT NO.-B114 AREA MEASURING 50 SQ. YARDS OUT OF KHASRA NO. 352, BLOCK-B, SITUATED AT VILLAGE KHORA COLONY SECTOR-1, VANDANA VIHAR TEHSIL & DISTT. GHAZIABAD (U.P.)** from **Mrs. Bala Devi** W/o **Mr. Prem Prakash** who had owner through GPA (Husband to Wife) Dated 21.09.2022 (as Doc. No. 6042), and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.
**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector - 2, Noida, UP-201301; Contact # 0120 - 4269379

# रामसहाय ने नेपाल के उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की



भाषा। काठमांडू

**नेपाल के** मधेस क्षेत्र के वरिष्ठ नेता रामसहाय प्रसाद यादव ने सोमवार को देश के तीसरे उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति के कार्यालय शीतल निवास में आयोजित एक विशेष समारोह में नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने 52 वर्षीय यादव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) के उम्मीदवार रामसहाय प्रसाद यादव ने 17 मार्च को नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (सीपीएन-यूएमएल) की अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी अष्ट लक्ष्मी शाक्य को हराकर उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीता था। वह भारत की सीमा से लगे मधेस क्षेत्र के पहले नेता हैं, जो इस पद पर पहुंचे हैं। नेपाल की राष्ट्रीय पोशाक पहनकर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए यादव ने नेपाली भाषा में शपथ ग्रहण की। इस समारोह में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड, प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष देवराज घिमिरे, पूर्व प्रधानमंत्रियों, मंत्रियों और सांसदों समेत कई गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं। यादव को उनकी अपनी पार्टी के अलावा, नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-माओइस्ट सेंटर और सीपीएन-यूनीफाइड सोशलिस्ट के साथ-साथ अन्य दलों का समर्थन प्राप्त था। नेपाल ने वर्ष 2008 में संघीय लोकतांत्रिक गणतंत्र व्यवस्था को अंगीकार किया, जिसके बाद से उपराष्ट्रपति पद के लिए यह तीसरा चुनाव है। यादव को जीत से प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की अगुवाई वाली सरकार को मजबूती मिलेगी। पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए पौडेल का समर्थन करने को लेकर मतभेद के बाद उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया था।

## नेपाली पीएम प्रचंड ने विश्वास मत हासिल किया



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने सोमवार को संसद मे विश्वास मत हासिल कर लिया। उन्होंने नई सरकार के गठन के बाद सदन मे पिछले तीन महीने में दूसरी बार विश्वास मत हासिल किया। प्रचंड को 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा में 172 मत मिले जबकि 89 सांसदो ने उनके खिलाफ मतदान किया, वही एक सदस्य ने मतदान में भाग नही लिया। नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-माओवादी सेंटर, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, जनता समाजवादी पार्टी नेपाल, सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी नेपाल, जनमत पार्टी, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी, राष्ट्रीय जनमोर्चा और आम जनता पार्टी ने प्रचंड के पक्ष मे मतदान किया। वही राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और सीपीएन-यूएमएल ने उनके खिलाफ मतदान किया। गौरतलब है कि सात दलो के गठबंधन में से दो दलो राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और सीपीएन-यूएमएल के सरकार से समर्थन वापस लेने के कारण प्रचंड (68) को विश्वास मत का सामना करने की जरूरत पड़ी। ए दल राष्ट्रपति पद के लिए नेपाली कांग्रेस के नेता रामचंद्र पौडेल को समर्थन करने के प्रचंड के प्रस्ताव के खिलाफ थे। प्रचंड ने पिछले साल दिसंबर में देश के प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला था।

NOTICE
I Ashish Srivastava S/o Satish Srivastava R/o Chawk Bazar Madhapur Gaureganj Amethi Sultanpur hereby informed that the original Allotment letter, Possession latter of my Flat no-403 Tulip Tower block No-C, Omexe Residence Lucknow have actually been lost . I am taking housing Loan from SBI Jankipuram branch if any one have objection or found my paper kindly contact to branch or this no-8931817512.

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार आनंद कुमार, संपत्ति नंबर- आरजेड- बी-75,(तीन मंजिल) उत्तरी साइड एरिया 100 वर्ग गज खसरा नंबर-31/4 गांव डाबरी दिल्ली राज्य के क्षेत्र में स्थित है।, को सत्यवीर सिंह से खरीदने जा रहे है तथा आदित्या बिरला फाइनान्स लिमिटेड के बंधक साथ रख रहे है, तथा सत्यवीर सिंह के पास ओरिजिनल प्रोबेटर ऑफ विल सत्यवीर सिंह के पक्ष में नहीं है अगर किसी व्यक्ति को संपत्ति के संबंध में, कोई आपत्ति है, दावा है या बंधक से कोई आपत्ति है तो वह इस प्रकाशन के 8 दिनों के भीतर नीचे लिखे न. पर संपर्क कर अपने दावा और आपत्ति की जानकारी दे दे.
एडरेम लिगल सल्यूशन
चैंबर न. ९६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०, द्वारका,नई देल्ही-७५. म. ९८९९०१३९१८

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Ajit Kumar Tyagi is the owner of Property No. 0228, Plot No. 11-12, area measuring 435 Sq., yds., Out of Khasra No.05/22/2, 23, Situated in the area of Village Bhoot Colony, Gali No. 03, Ballabgarh District Faridabad, vide GPA, ATS & Will dated 30.04.1997. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/ mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

सार्वजनिक सूचना
एतदद्वारा जनता को यह सूचना दी जाती है कि मेरे क्लाइंट **एक्सिस बैंक लिमिटेड**, जिसकी एक शाखा 23, हिमालय हाउस, पहली मंजिल, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली -110001 में है, श्री धीरज खरबंदा को ऋण सुविधा प्रदान करने का इरादा रखता है। छत के अधिकार के बिना पूरी दूसरी मंजिल की सुरक्षा के खिलाफ भूमि में अविभाजित आनुपातिक स्वामित्व अधिकारों के साथ-साथ मार्ग, सुगमता और लाभ के अधिकार (इसके बाद **"सैड पोरशन"** के रूप में संदर्भित)। निर्मित संपत्ति असर संख्या 315, छत के अधिकार के साथ , जिसका क्षेत्रफल 125 वर्ग मीटर है। दिल्ली सैनिक को. ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसाइटी के लेऑउट प्लान में, जिसे सैनिक विहार, पीतमपुरा, नई दिल्ली -110034 मे स्थित, के रूप में जाना जाता है, (इसके बाद **सैड पोरशन"** के रूप में संदर्भित) ।
श्रीमती सत्य गुप्ता पत्नी श्री प्रेम सागर गुप्ता दिनांक 05.07.1994 के रिकॉर्ड किए गए कन्वेयन्स डीड के आधार पर कथित संपत्ति के मालिक थे, जिन्हें दस्तावेज संख्या 6274 के रूप में दिनांक 08.07.1994 को विधिवत पंजीकृत किया गया था। इसके बाद, श्रीमती सत्य गुप्ता पत्नी श्री प्रेम सागर गुप्ता की 20.08.2013 को निर्वसीयत मृत्यु हो गई और उनके पति श्री प्रेम सागर गुप्ता पहले ही 18.11.2006 को मृत्यु हो चुकी थी, केवल एक कानूनी उत्तराधिकारी यानी श्री जीवन ज्योति गुप्ता को पीछे छोड़ दिया। जिन्होंने दिनांक 16.09.2014 को एक क्षतिपूर्ति बांड निष्पादित किया, जो दस्तावेज संख्या 865 के रूप में दिनांक 16.09.2014 विधिवत पंजीकृत है। जिसने हिंदू उत्तराधिकार कानून के आधार पर कथित संपत्ति का एकमात्र और पूर्ण मालिक होने का दावा किया।
यदि किसी भी व्यक्ति (व्यक्तियों) को उपर्युक्त संपत्ति में किसी भी तरह से अधिकार, शीर्षक या हित/दावे के संबंध में कोई आपत्ति या दावे हैं, तो अपने दावों/आपत्तियों के संबंध में सभी सहायक दस्तावेजों के साथ लिखित में अधोहस्ताक्षरी से तत्काल संपर्क करें। यदि इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से **7 दिनों** की अवधि के भीतर उनके ऐसा कोई दावा प्राप्त नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि उपरोक्त संपत्ति में किसी का भी कोई अधिकार, शीर्षक या हित नहीं है और भले ही किसी के पास कोई दावा/आपत्ति हो, उसने इसे छोड़ दिया है।
**हिमांशु आहूजा** (अधिवक्ता)
संपर्क नंबर: 9810310373, 011-41830049
ई-मेल पता: alolegals@gmail.com

# 21वीं सदी में तेजी से बदल रहा विज्ञान

भाषा। मेलबर्न

### आभासी पृथ्वी के आकार के टेलीस्कोप का उपयोग से लगा अनुमान

**2019 में,** इवेंट होराइजन टेलीस्कोप (ईएचटी) सहयोग ने ब्लैक होल की अब तक की पहली छवि दिखाई, जिसने दुनिया को चौंका दिया। अब वैज्ञानिक इसे और आगे ले जा रहे हैं। अगली पीढ़ी के इवेंट होराइजन टेलीस्कोप (एनजी ईएचटी) सहयोग का उद्देश्य ब्लैक होल के उच्च-गुणवत्ता वाले वीडियो बनाना है। लेकिन यह अगली पीढ़ी का सहयोग अन्य तरीकों से भी अभूतपूर्व है। यह प्राकृतिक विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और मानविकी के दृष्टिकोणों को एक साथ लाने वाला पहला बड़ा भौतिकी सहयोग है। ग्रह पर फैली एक आभासी दूरबीन टेलीस्कोप जितना बड़ा होता है, वह दूर से छोटी दिखने वाली चीजों को बड़ा करके देखने में उतना ही बेहतर होता है। ब्लैक होल छवियों का उत्पादन करने के लिए, हमें लगभग पृथ्वी के आकार के एक टेलीस्कोप की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि ईएचटी एक एकल, आभासी पृथ्वी के आकार का टेलीस्कोप बनाने के लिए दुनिया भर में फैले कई टेलीस्कोप और टेलीस्कोप सरणियों का उपयोग करता है। इसे बहुत लंबी बेसलाइन इंटरफेरोमेट्री के रूप में जाना जाता है। ईएचटी के संस्थापक निदेशक, हार्वर्ड एस्ट्रोफिजिसिस्ट शेप डोलमैन ने इस तरह के खगोल विज्ञान की तुलना एक टूटे हुए दर्पण के उपयोग से की है। एक दर्पण को चकनाचूर करने और दुनिया भर में उसके टुकड़े बिखेरने की कल्पना करें। फिर आप समय का ट्रैक



रखते हुए इनमें से प्रत्येक टुकड़े द्वारा पकड़े गए प्रकाश को रिकॉर्ड करते हैं, और उस डेटा को एक सुपरकंप्यूटर में एकत्रित करते हैं ताकि पृथ्वी के आकार के डिटेक्टर को फिर से बनाया जा सके। ब्लैक होल की 2019 की पहली छवि छह स्थलों पर मौजूद दूरबीनों को उधार लेकर बनाई गई थी। अब, टूटे हुए दर्पण के अंतराल को बेहतर ढंग से भरने के लिए नए स्थलों पर नई दूरबीनों का निर्माण किया जा रहा है। सहयोग वर्तमान में साइटों की संख्या को लगभग 20 तक बढ़ाने के लिए, दुनिया भर में इष्टतम स्थानों का चयन करने की प्रक्रिया में है। इस महत्वाकांक्षी प्रयास के लिए तीन तकनीकी कार्य समूहों और आठ विज्ञान कार्य समूहों में संगठित 300 से अधिक विशेषज्ञों की आवश्यकता है। इतिहास, दर्शन और संस्कृति कार्य समूह ने हाल ही में एक ऐतिहासिक रिपोर्ट प्रकाशित की है जिसमें बताया गया है कि कैसे मानविकी और सामाजिक विज्ञान के विद्वान किसी परियोजना के पहले चरण से खगोल भौतिकीविदों और इंजीनियरों के साथ काम कर सकते हैं। रिपोर्ट में चार फोकस क्षेत्र हैं: सहयोगी ज्ञान निर्माण, दार्शनिक नींव, एल्गोरिदम और विजुअलाइज़ेशन, और ज़िम्मेदार टेलीस्कोप साइटिंग।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME
I, Aftab Ahmed, S/o Mohd Abid, R/o C-278/3, 4 th floor, Shaheen Bagh, Abul Fazal Enclave, Part-2, Jamia Nagar, New Delhi-110025, Changed my name to Aftab Ayubi for all future purposes.
Pd(90302)A

सार्वजनिक सूचना
ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बॉडी ड्रेंच इंडिया प्रा. लि., पंकज अरोड़ा, 1/15, दि प्रेसिडेंसी नंबर 2, प्रथम तल, सेंट मार्क्स रोड, बेंगलुरू खाता नंबर :- 000205003505 | 1103 एवं 1104, 11वां तल, एसएएस टावर, टावर -बी, सेक्टर-38, गुरूग्राम, हरियाणा के सम्पत्ति दस्तावेज | 02-03-2023 रू. 2,03,72,487/- | 15-12-2022 |
| 2. | आर्टवॉक बिल्डकॉन प्रा. लि., कपिल अरोड़ा, अमित कुमार, नीतू, एएफ 17 शिवा एन्क्लेव, पश्चिम विहार, नई दिल्ली खाता नंबर :- 015505007007 | फ्लैट नंबर सीएफ-16, प्रथम तल, शिवा एन्क्लेव, ब्लॉक ए-4, पश्चिम विहार, दिल्ली एवं फ्लैट नंबर सीएस-16, द्वितीय तल, शिवा एन्क्लेव, ब्लॉक ए-4, पश्चिम विहार एवं डीडीए एसएचओ नंबर 32, भू तल, सीएससी, सीआईई इम्प्लाई सीजीएचएस ब्लॉक ए-4, पश्चिम विहार, दिल्ली | 08-03-2023 रू. 66,92,850/- | 08-11-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।
तिथि : 21 मार्च, 2023
स्थान : दिल्ली एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# महाराष्ट्र में सरकारी कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त की

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से पूरी हुई वार्ता

**भाषा।** मुंबइ

**पुरानी पेंशन** योजना (ओपीएस) की बहाली की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे महाराष्ट्र सरकार के कर्मचारियों ने यहां अपने प्रतिनिधियों और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच हुई बैठक के बाद सोमवार को सप्ताह भर से जारी हड़ताल वापस ले ली। कर्मचारी यूनियन के एक नेता ने यह जानकारी दी। हड़ताल में शामिल यूनियन की समन्वय समिति के संयोजक विश्वास काटकर ने दावा किया कि राज्य सरकार नई पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का हिस्सा रहे



कर्मचारियों को ओपीएस के बराबर आर्थिक लाभ देने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गई है। हालांकि, उन्होंने इस बाबत विस्तृत ब्योरा नहीं दिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे ने हड़ताल वापस लेने के फैसले का स्वागत किया, जिससे सरकारी कार्यालयों और सरकारी अस्पतालों में कामकाज प्रभावित हुआ था। सरकारी कर्मचारी ओपीएस की बहाली की मांग को लेकर 14 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे, जिसे राज्य में 2005 में बंद कर दिया गया था। विधानसभा में शिंदे ने कहा, मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय और राज्य सरकार के कर्मचारियों की विभिन्न यूनियन के प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई। आज (सोमवार) मैंने कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, जिन्होंने मेरी अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और अपनी हड़ताल को वापस लेने का फैसला किया। मुख्यमंत्री ने ओपीएस बहाली की प्रमुख मांग का जिक्र किए बिना कहा कि सरकार उनकी मांगों के प्रति सकारात्मक है। उन्होंने कहा, मैं राज्य सरकार के सामने चुनौतियों के बीच हड़ताल वापस लेने के फैसले का स्वागत करता हूं। राज्य सरकार उनकी मांगों को लेकर पूरी तरह से सकारात्मक है। उनकी मांगों के समाधान के लिए पहले ही एक समिति का गठन किया जा चुका है। समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद उचित निर्णय लिया जाएगा।

वहीं, नागपुर में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हड़ताल वापस लेने के लिए राज्य के कर्मचारियों का आभार जताया और कहा कि सरकार उनकी सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें बेहतर सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने पर काम करेगी।

### भाजपा एमएलसी ने ओपीएस की मांग के समर्थन में पेंशन स्वीकार नही करने का फैसला किया

**मुंबइ।** महाराष्ट्र विधान परिषद के एक नए सदस्य (एमएलसी) ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल करने की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे शिक्षकों और राज्य सरकार के अन्य कर्मचारियों का समर्थन करते हुए सोमवार को उप सभापति से विधायक के रूप में उन्हें पेंशन नही देने का अनुरोध किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से संबंध रखने वाले ज्ञानेश्वर म्हात्रे पहली बार उच्च सदन के सदस्य बने है। वो कोंकण क्षेत्र के शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते है। म्हात्रे ने उप सभापति नीलम गोरहे को लिखे गए पत्र में कहा,मै महाराष्ट्र में शिक्षकों और गैर-शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन योजना का लगातार समर्थक रहा हूं। मै भविष्य में एमएलसी के रूप में मुझे दी जाने वाली किसी भी पेंशन को स्वीकार करने से इनकार करता हूं।

## न तो नीतीश प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं और न मैं मुख्यमंत्री : तेजस्वी

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ काम करके बहुत खुश है। राजद नेता ने सड़क निर्माण विभाग के लिए बजटीय आवंटन पर बहस का जवाब देते हुए विधानसभा में यह बयान दिया। नीतीश कुमार के पिछले साल राजग से बाहर होने का जिक्र करते हुए यादव ने कहा, मैं यह निर्णय करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने कहा, उन्होंने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरना चाहता हूं। न तो वह प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं और न ही मैं मुख्यमंत्री बनना चाहता हूं। हम जहां हैं, वहीं खुश हैं। विपक्ष हमारे बीच दूरी की कल्पना कर सकता है।



श्रीहरिकोटा से इसरो एलवीएम-3 36 सैटेलाइट लांच पैड तैयार

## झारखंड में पांच लाख के इनामी माओवादी नेता ने आत्मसमर्पण किया

**लातेहार (झारखंड)।** झारखंड के लातेहार जिले में प्रतिबंधित माओवादी संगठन तृतीय सम्मलेन प्रस्तुति समिति (टीएसपीसी) के एक उप-जोनल कमांडर ने सोमवार को सुरक्षा बलो के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उस पर पांच लाख रुपए का इनाम था। पुलिस ने यह जानकारी दी।माओवादी हमलो से संबंधित 60 मामलो मे वांछित दशरथ उरांव उर्फ रोशन जी ने यहां पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे महानिरीक्षक (पलामू) राजकुमार लकड़ा, लातेहार के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन और सीआरपीएफ कमांडेंट के.डी. जोशी की उपस्थिति मे आत्मसमर्पण कर दिया।लकड़ा ने बताया, ए 60 मामले बालूमाथ, लातेहार, चंदवा, हेरहंज, मनिका, टंडवा और कुंडा थानो मे दर्ज है। उरांव ने आत्मसमर्पण के बाद मीडियाकर्मियों से कहा कि वह पिछले 19 वर्षो से भाकपा (माओवादी) और टीएसपीसी की गतिविधियो से जुड़ा था। उरांव ने कहा, मै 2016 तक भाकपा (माओवादी) के साथ था और फिर टीएसपीसी मे चला गया।

## उच्च शिक्षा के लिए अभिभावकों की चिंता दूर होगी

**मुंबई।** उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय तैयारी को लेकर अभिभावकों की चिंताओं को ध्यान में रखकर कई कंपनियां योजनाएं ला रहीं है। इसी के तहत हाल में ही पीएनबी मेटलाइफ जीनियस प्लान लॉन्च किया गया है, जो एक व्यक्तिगत, नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेट, सेविंग, जीवन बीमा योजना है। इससे जहां जीवन बीमा का लाभ मिलता है, वहीं अभिभावकों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप का भी अवसर देता है। इसमें सेवानिवृत्ति, सुरक्षा, बच्चे और लंबी अवधि की बचत सहित जीवन के सभी दौर में ग्राहकों को सेवा प्रदान करने वाले उत्पाद और समाधान मौजूद हैं। इसी के अनुरूप ग्राहकों की चिंताओं और सवालों के उत्तर देने के लिए पीएनबी सर्कल कार्यालय के सहयोग से कानपुर सर्कल में ''ग्राहक सेवा शिविर'' आयोजित किए गए हैं।


## गृह मंत्रालय ने हर्ष मंदर के एनजीओ के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान (विनियमन) कानून का कथित रूप से उल्लंघन करने के लिए लेखक और मानवाधिकार कार्यकर्ता हर्ष मंदर द्वारा स्थापित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) अमन बिरादरी के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच की सिफारिश की है। अधिकारियो ने सोमवार को यह जानकारी दी।संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सोनिया गांधी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य रहे मंदर ने अमन बिरादरी की स्थापना की थी।अधिकारियो ने बताया कि विदेशी अंशदान (विनियमन) कानून के कई प्रावधानो के उल्लंघन को लेकर एनजीओ के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की गई है। विदेशी फंड लेने वाले सभी एनजीओ के लिए जरूरी है कि वे एफसीआरए के तहत गृह मंत्रालय मे पंजीकरण कराएं।

## विहिप ने अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब में कार्रवाई की सराहना की

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने खालिस्तान समर्थक एवं कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब मे पुलिस कार्वाई की सराहना की। विहिप ने कहा कि केंद्र के साथ मिलकर राज्य सरकार की कार्वाई से भारत की सम्प्रभुता को चुनौती देने वाली ताकतो से निपटने का देश का संकल्प प्रदर्शित होता है। विहिप के कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने संवाददाताओ से बातचीत मे कहा कि ऐसे तत्वो के खिलाफ कार्वाई करने से पंजाब सरकार की इच्छा शक्ति और प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। उन्होने कहा कि सभी को राजनीति से उपर उठना चाहिए और यह संदेश देना चाहिए कि देश किसी को फिर से पंजाब को आतंकवाद की आग मे झुलसाने नही दे सकता है। कुमार ने कहा कि पिछले दो दिनो मे जिस प्रकार से राज्य सरकार और केंद्र साथ आए है।

# कोविड-19 के 918 नए मामले, चार की मौत



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत में एक दिन** में कोविड-19 के 918 नए मामले पाए गए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 6,350 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सोमवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में 24 घंटे के भीतर संक्रमण के कुल 918 नए मामले सामने आए, जबकि चार और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,30,806 हो गई। देश में कोरोना वायरस से राजस्थान में दो और कर्नाटक में एक मरीज की मौत हुई। वहीं, केरल में कोविड-19 से मौत के आंकड़ों का पुनर्मिलान करते हुए एक मामला जोड़ा गया है। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 4,46,96,338 हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.8 प्रतिशत है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, कोरोना वायरस संक्रमण से उबर चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,41,59,182 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत दर्ज की गई है। वेबसाइट के मुताबिक, देशव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.65 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

### जीवाणु संक्रमण के संदेह के बिना कोविड में एंटीबायोटिक का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए : केंद्र के दिशानिर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्र की ओर से कोरोना वायरस के वयस्क रोगियों के उपचार के लिए जारी संशोधित दिशानिर्देश में कहा गया है कि जब तक जीवाणु संक्रमण का नैदानिक संदेह न हो, तब तक एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। कोरोना वायरस के मामलों में तेजी के बीच रविवार को जारी संशोधित दिशानिर्देशों में कहा गया है कि भारत में कोविड-19 के वयस्क रोगियों के इलाज के लिए लोपिनेविर-रिटोनेविर , हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन आइवरमेक्टिन , मोल्नूपिराविर , फेविपिराविर , एजिथ्रोमाइसिन और डॉक्सीसाइक्लिन जैसी दवाओं का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। क्लीनिकल गाइडेंस प्रोटोकॉल को संशोधित करने के लिए एम्साआईसीएमआर-कोविड-19 राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) की पांच जनवरी को बैठक हुई। इसमें चिकित्सकों को प्लाज्मा थेरेपी का उपयोग नहीं करने की भी सलाह दी

# महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को योगी मॉडल अपनाना चाहिए : टी राजा

**भाषा।** औरंगाबाद

**तेलंगाना में** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निलंबित नेता एवं विधायक टी. राजा सिंह ने कहा है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को उत्तर प्रदेश के अपने समकक्ष योगी आदित्यनाथ का अनुकरण करना चाहिए और सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

छत्रपति संभाजी नगर (पूर्व में औरंगाबाद) में रविवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि शिंदे को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों से अतिक्रमण हटाया जाए और वह बुलडोजर शिंदे के रूप में जाने जाएं। उन्होंने छत्रपति संभाजी नगर में सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित एक मोर्चा को संबोधित करते हुए लव जिहाद के खिलाफ कानून की मांग की। हैदराबाद से विधायक सिंह ने कहा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नक्शेकदम पर चलना चाहिए। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की पहचान की जानी चाहिए और 100 बुलडोजर खरीद कर इनकी मदद से अतिक्रमण हटा देना चाहिए। सिंह ने कहा कि महाराष्ट्र में सतारा जिले के प्रतापगढ़ किले में अफजल खान के मकबरे से जिस तरह से अतिक्रमण हटाया गया उसी तरह से छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों से अतिक्रमणों को भी हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, शिंदे को अपनी पहचान बुलडोजर एकनाथ शिंदे के रूप में बनानी चाहिए। शिवसेना का शिंदे गुट महाराष्ट्र में भाजपा के साथ सत्ता में है। महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर का हाल में नाम बदले जाने को लेकर कुछ लोगों द्वारा विरोध किए जाने पर सिंह ने कहा, धर्मनिरपेक्ष लोग कहते हैं कि मुस्लिम शिवाजी महाराज की सेना में शामिल थे।

## क्विक न्यूज

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर से बिजली बिल ढाई प्रतिशत तक कम होगा: आरके सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री आर के सिंह ने सोमवार को बिजली उपभोक्ताओं से स्मार्ट प्रीपेड मीटर का उपयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इससे बिजली बिल में 2.5 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है।बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री सिंह ने यहां स्मार्ट मीटर पर रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने से बिजली आपूर्तिकर्ताओं के लिए परिचालन और वित्तीय लागत कम हो जाती है क्योंकि उपभोक्ता अपने खाते में अग्रिम राशि जमा कर देते हैं। सिंह ने कहा, अगर आपके पास स्मार्ट प्रीपेड मीटर है, बिजली की लागत दो से ढाई प्रतिशत तक कम होगी और इससे उपभोक्ताओं को लाभ होगा। मंत्री ने कहा कि स्मार्ट मीटर के उपयोग से व्यवस्था डिजिटल और स्वचालित बनेगी तथा कुल मिलाकर इससे दक्षता बढ़ेगी।

### टीपू सुल्तान विवादः वोक्कालिगा समुदाय के संत ने समझाया, नहीं बनेगी फिल्म

**मांड्या ( कर्नाटक )।** वोक्कालिगा समुदाय के सरदारों उरी गौड़ा और नांजे गौड़ा को लेकर उठे विवाद के बीच समुदाय के एक प्रमुख संत ने इस संबंध में ऐतिहासिक साक्ष्यों की कमी का हवाला देते हुए सोमवार को इस मुद्दे को समाप्त करने की अपील की। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ नेता समेत एक वर्ग का दावा है कि इन दोनों वोक्कालिगा सरदारों ने पूर्ववर्ती मैसुरू के शासक टीपू सुल्तान की हत्या की थी। वोक्कालिगा समुदाय से जुड़े श्री आदि चुनचुनगिरि महासंस्थान मठ के प्रमुख संत निर्मलानंदनाथ महास्वामीजी ने किसी निर्णय पर पहुंचने से पहले दोनों के बारे में सूचनाएं, ऐतिहासिक रिकॉर्ड एकत्रित करने की जरूरत बताई है। उन्होंने सोमवार को फिल्म निर्माता और राज्य के मंत्री मुनिरत्न को उरी गौड़ा और नांजे गौड़ा पर कोई फिल्म नहीं बनाने को कहा। मुनिरत्न के स्टूडियो ने उन पर एक फिल्म बनाने की योजना बनाई थी। हालांकि, अब उन्होंने निर्मलानंदनाथ महास्वामीजी के निर्देश का पालन किया है।

### छावनी बोर्ड ने अतिक्रमणकारियों को हटाने के लिए मतदाता सूची में संशोधन कियाः अजय भट्ट

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को राज्यसभा में बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद छावनी बोर्डों ने रक्षा भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के नाम हटाकर अपनी मतदाता सूची में संशोधन किया है। संसद के उच्च सदन के एक सदस्य ने पूछा था कि क्या मंत्रालय को इस बात की जानकारी है कि छावनी क्षेत्रों में रहने वाले कई लोगों को मतदान के अधिकार से बाहर रखा गया है और क्या सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के आधार पर छावनी बोर्ड चुनाव कराने की कोई योजना है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने एक लिखित जवाब में कहा कि 27 सितंबर 2016 के उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में छावनी बोर्डों ने रक्षा भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के नाम हटाकर अपनी मतदाता सूची में संशोधन किया है। मंत्री ने कहा कि छावनी अधिनियम, 2006 के तहत, प्रत्एक व्यक्ति, जो केंद्र सरकार द्वारा आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा तय किया जाता ह।

### तिलहन उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प

**नई दिल्ली।** वर्ष 2025 तक सरसों का उत्पादन 200 लाख टन तक बढ़ाने और तिलहन उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से देश के शीर्ष खाद्य तेल उद्योग निकाय द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं सॉलिडेरिडाड संस्था द्वारा सरसो मॉडल फार्म प्रोजेक्ट् का क्रियान्वयन किया जा रहा है। सरसों उत्पादन से संबंधित प्राप्त प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसारए प्रोजेक्ट क्रियान्वयन क्षेत्र में सरसों के उत्पादन में वृद्धि अनुमानित है। परियोजना के तहत मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पंजाब में अभी तक 2100 से अधिक मॉडल फार्म विकसित किए गए है। जिससे 73500 से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। प्रोजेक्ट क्रियान्वयन क्षेत्रों में किसानों द्वारा व्यापक रूप में कृषि के वैज्ञानिक तरीके और उन्नत तकनीकों को अपनाया गया हैए जिससे उत्पादन में वृद्धि संभव हो सकी है। भारत विश्व में खाद्य तेलों के सबसे बड़े आयातकर्ता के रूप में सामने आया है। खाद्य तेलों की घरेलू खपत लगभग 240 लाख टन है। बढ़ती जनसंख्या और प्रति व्यक्ति आय के साथ खाद्य तेलों की खपत और बढ़ने की संभावना है। वर्तमान मेंएभारत में लगभग 100 लाख टन खाद्य तेल का उत्पादन हो रहा है। खाद्य तेलों की मांग और आपूर्ति के बीच का अंतर लगभग 140 लाख टन है और इस अंतर कोआयात के द्वारा पूरा किया जा रहा है। द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय झुनझुनवाला ने कहा कि इस परियोजना के सफल और सकारात्मक परिणाम हमें इस परियोजना को देशव्यापी स्तर पर क्रियान्वित करने की ओर अग्रसर कर रहे हैं ताकि वर्ष 2025 तक सरसों के उत्पादन को 200 लाख टन तक बढ़ाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

# पश्चिम बंगाल भारत का मार्गदर्शन करेगा : ममता



**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) जीतने के लिए मोहन बागान को सम्मानित करते हुए सोमवार को कहा, अबार खेला होबे (हम फिर से खेल खेलेंगे)। साथ ही उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल देश को राह दिखाता रहेगा।बनर्जी ने कोलकाता के प्रसिद्ध मैदान में अपने हस्ताक्षर वाली फुटबॉल समर्थकों पर फेंकते हुए यह टिप्पणियां कीं। उनकी 2021 के विधानसभा चुनाव के लिए टीएमसी के नारे से जुड़ी इस टिप्पणी को 2024 के लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने याचिका में प्रधान न्यायाधीश को पक्षकार बनाने को लेकर आपत्ति जताई

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने वकीलों को वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका में भारत के प्रधान न्यायाधीश को पक्षकार बनाने पर सोमवार को आपत्ति जताई।न्यायमूर्ति एस.के. कौल, न्यायमूर्ति ए. अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने अन्य लोगों के साथ याचिका दायर करने वाले वकील मैथ्यूज जे. नेदुमपारा से पूछा कि कैसे उन्होंने भारत के प्रधान न्यायाधीश और शीर्ष अदालत के सभी न्यायाधीशों को सेक्रेटरी जनरल के माध्यम से प्रतिवादी पक्षकार के रूप में पेश किया है। पीठ ने कहा, पक्षकारों की सूची



देखिए। आप 40 साल का अनुभव रखने वाले वकील हैं। आप प्रतिवादी संख्या दो (प्रधान न्यायाधीश) और तीन (पूर्ण अदालत) को पक्षकारों के रूप में कैसे शामिल कर सकते हैं? आप पहले पक्षकारों के मेमो में संशोधन करें। पीठ ने कहा कि वह शीर्ष अदालत के लिए इस तरह के रवैए को स्वीकार नहीं करेगी। अदालत ने नेदुमपारा से कहा कि जिस समय शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री ने इस पर आपत्ति जताई थी, याचिकाकर्ताओं को इसमें संशोधन करना चाहिए था।पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत को रजिस्ट्रार के जरिए पक्षकार बनाया जा सकता है। पीठ ने नेदुमपारा से पक्षकारों के मेमो में संशोधन करने को कहा। पीठ ने कहा कि याचिका उसके बाद ही सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की जाएगी।नेदुमपारा ने कहा कि वह उन्हें पक्षकारों की सूची से हटा देंगे और एक दिन के भीतर संशोधन करेंगे। पीठ ने कहा कि अगर ऐसा किया जाता है, तो याचिका को 24 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। इस मुद्दे पर तीन न्यायाधीशों की पीठ पूर्व में फैसला दे चुकी है और याचिकाकर्ताओं को अदालत को आश्वस्त करना होगा।

# केरल में वामपंथी, कांग्रेस नेता भारत के पक्ष में बयान देने वाले ईसाई नेताओं पर निशाना साध रहेः भाजपा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने सोमवार को आरोप लगाया कि केरल में सत्तासीन वाम दल और विपक्षी कांग्रेस राज्य के ईसाइयों को वोट बैंक की तरह देखते हैं और यदि समुदाय के लोग केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के पक्ष में बोलते हैं तो उन्हें स्वतंत्रता से विचार नहीं रखने दिया जाता। केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने संवाददाता सम्मेलन में केरल के एक वरिष्ठ पादरी के इस बयान का स्वागत किया कि यदि



भाजपा किसानों की समस्याओं पर ध्यान दे तो उनका समुदाय पार्टी की सहायता कर सकता है। हालांकि, उन्होंने वाम दल और कांग्रेस पर, भाजपा का समर्थन करने वाले बयान देने पर ईसाई समुदाय के धार्मिक नेताओं पर निशाना साधने का आरोप लगाया।प्रभावशाली सिरो-मालाबार कैथलिक चर्च के थालासेरी आर्क बिशप मार जोसफ पैम्प्लानी ने कहा कि यदि केंद्र सरकार रबर खरीद के दाम बढ़ाकर 300 रुपए प्रति किलोग्राम करने का वादा करे तो इस दक्षिणी राज्य में भाजपा का कोई सांसद होने की संभावना पर ध्यान दिया जाएगा। इस मौके पर मुरलीधरन के साथ भाजपा प्रवक्ता टॉम वडक्कन और पूर्व केंद्रीय मंत्री के जे अल्फोंस भी थे।

# भूजल संसाधन प्रबंधन को मिले सर्वोच्च प्राथमिकता, जल के विवेकपूर्ण इस्तेमाल के लिए ठोस कदम उठाएं

**भाषा।** नई दिल्ली

**संसद की एक** समिति ने देश के कई प्रदेशों में भूजल स्तर की गंभीर स्थिति को रेखांकित करते हुए कहा है कि भूजल संसाधनों के प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा भूजल संरक्षण एवं जल के विवेकपूर्ण इस्तेमाल के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। लोकसभा में पेश भारतीय जनता पार्टी सांसद परबतभाई सवाभाई पटेल की अध्यक्षता वाली भूजल : एक मूल्यवान किन्तु घटता हुआ संसाधन विषय पर जल संसाधन संबंधी स्थाई समिति की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का भूजल संसाधन देश की पेयजल और सिंचाई जरूरतों को पूरा करने का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन चुका है, जिसमें 80 प्रतिशत ग्रामीण पेयजल, 50 प्रतिशत शहरी पेयजल और दो तिहाई सिंचाई जल की आवश्यकता भूजल से पूरी होती है।

# ईडी ने पुणे के शिक्षण समूह की 98 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन निदेशालय** ने सोमवार को कहा कि उसने धन शोधन रोधी कानून के तहत पुणे स्थित शिक्षण समूह के प्रवर्तकों की जमीन और एक स्कूल के भवन समेत चार संपत्ति कुर्क की है। एक स्थानीय सहकारी बैंक के खिलाफ कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी के मामले में जांच के तहत यह कार्वाई की गई है। जांच एजेंसी ने बताया कि ए संपत्ति रोजरी एजुकेशन ग्रुप और इसके मुख्य सहयोगियों विनय अरन्हा और विवेक अरन्हा से संबंधित हैं। धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चार संपत्ति को कुर्क करने का अनंतिम आदेश जारी किया गया है। बयान में कहा गया है, कुर्क संपत्ति की मौजूदा बाजार कीमत करीब 98.20 करोड़ रुपए बताई जा रही है। विनय अरन्हा को ईडी ने 10 मार्च को गिरफ्तार किया था।विनय अरन्हा और विवेक अरन्हा के खिलाफ कॉस्मस बैंक के शिवाजी विट्ठल काले द्वारा की गई शिकायत के आधार पर पुणे पुलिस की प्राथमिकी के बाद धन शोधन का मामला आया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने संपत्ति के फर्जी दस्तावेज जमा कर बैंक से 20.44 करोड़ रुपए का कर्ज लिया।

# कश्मीर जैसा हो गया ओलावृष्टि से निमाड़ का इलाका

**भाषा।** खरगोन

**मध्यप्रदेश के** खरगोन जिले में झिरन्या तहसील के पहाड़ी इलाके में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से बर्फ की सफेद चादर बिछ गई जिससे यहां कश्मीर जैसा नजारा दिखाई दिया और बच्चों व लोगों को बर्फ से खेलने का मौका मिला। कोठारा गांव के सरपंच रमेश वास्कले ने कहा कि रविवार को बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने निमाड़ इलाके को पूरी तरह से बर्फ से ढक दिया।उन्होंने कहा कि आमतौर पर मार्च के महीने में क्षेत्र का तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है लेकिन बेमौसम बारिश और



ओलावृष्टि ने वातावरण को ठंडा कर दिया है, जिससे लोगों और बच्चों को कश्मीर की तरह यहां बर्फ से खेलने का मौका मिल गया।जिला पंचायत सदस्य एवं कोठारा गांव के निवासी सिकता भाई सोलंकी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आजादी के बाद पहली बार हमने क्षेत्र में ऐसी ओलावृष्टि देखी है जिसने पूरे इलाके को बर्फ से ढक दिया है।सोलंकी ने बताया कि इस आपदा में कुछ किसानों की कुछ फसलों को नुकसान भी हुआ है। उन्होंने कहा कि चूंकि ए क्षेत्र वन गांवों में आते हैं इसलिए फसलों को अधिक नुकसान नहीं हुआ है। एक स्थानीय किसान म्यान सिंह ने बताया कि जिन फसलों को काटा नहीं गया है, उन्हें नुकसान हुआ है और नुकसान का आकलन करने के लिए प्रशासन से एक सर्वेक्षण कराने की मांग की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि बच्चों और लोगों को बर्फ से खेलते और बर्तनों में ओले भरते हुए देखा गया। लोगों ने अपने मोबाइल फोन पर बर्फ से खेलने और बर्फ से ढके पहाड़ों व खेतों के वीडियो भी शूट किए और उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर भी किया। इस बीच, खरगोन के जिला कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा ने कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से ज्यादा नुकसान की सूचना नहीं है क्योंकि अधिकतर किसान फसल काट चुके हैं।

## पंजाब सरकार निर्दोष सिख युवकों की गिरफ्तारी करना बंद करे : एसजीपीसी प्रमुख

**अमृतसर।** कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगियों के खिलाफ पुलिस की कार्वाई के बीच शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने सोमवार को पंजाब सरकार से कहा कि वह निर्दोष सिख युवकों को गिरफ्तार करना बंद करे।शीर्ष गुरुद्वारा निकाय ने पिछले कुछ दिनों से राज्य में सिख युवकों के खिलाफ पुलिस द्वारा किए जा रहे अत्याचारों की भी कड़ी निंदा की। पुलिस ने अमृतपाल के खिलाफ बड़ी कार्वाई शुरू की थी और उसके नेतृत्व वाले संगठन वारिस पंजाब दे के सदस्यों सहित 112 लोगों को अब तक गिरफ्तार किया है।

# यूपी वारियर्स ने प्लेऑफ का टिकट पक्का किया

● ग्रेस हैरिस की दमदार पारी से जाइंट्स को हराया

**भाषा।** मुंबई



**ग्रेस हैरिस की** 41 गेंद में 72 रन की आक्रामक पारी के अलावा तहलिया मैकग्रा (38 गेंद में 57 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 78 और सोफी एकलस्टन (13 गेंद में नाबाद 19) के साथ छठे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी कर यूपी वारियर्स को सोमवार को यहां महिला प्रीमियर लीग मैच में गुजरात जाइंट्स पर एक गेंद शेष रहते तीन विकेट की रोमांचक जीत दिला दी। वारियर्स की इस जीत से जाइंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम खिताब की दौड़ से बाहर हो गई। वारियर्स के साथ मुंबई इंडियन्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीमों ने प्लेऑफ में जगह पक्की की। जाइंट्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 178 रन बनाए। वारियर्स ने 19.5 ओवर में तीन विकेट पर 181 रन बनाकर मैच के साथ प्लेऑफ का टिकट भी अपने नाम किया। ग्रेस ने अपनी पारी में सात चौके और चार छक्के जड़ मैच का रूख मोड़ दिया। वह किम गार्थ की गेंद पर हरलीन देओल को कैच देकर जब पवेलियन लौट रही थी तब टीम का स्कोर 172 रन था। आखिरी ओवर में वारियर्स को सात रन चाहिए थे और सिमरन शेख के रन आउट होने से आखिरी दो गेंद में दो रन की जरूरत थी। एकलस्टन ने स्नेह राणा (47 रन पर एक विकेट) की गेंद पर चौका जड़ गुजरात को खिताब की दौड़ से बाहर कर दिया। यूपी वारियर्स की टीम ने पांचवें ओवर में 39 रन पर तीन विकेट गंवा दिया था। मैकग्रा ने इसके बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए ग्रेस पर दबाव नहीं बनने दिया। उन्होंने 38 गेंद की पारी में 11 चौके जड़े कर टीम को मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला। लक्ष्य का बचाव करते हुए मोनिका पटेल (27 रन पर एक विकेट) ने दूसरे ओवर में ही वारियर्स की कप्तान अलिसा हीली (12) का विकेट चटकाकर जाइंट्स को अच्छी शुरुआत दिलाई। किम गार्थ (29 रन पर दो विकेट) ने इसके बाद किरण नवगिरे (चार) और तनुजा कंवर (32 रन पर एक विकेट) ने देविका वैद्य (सात) को पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद जाइंट्स के खिलाड़ी मैच पर पकड़ बनाए रखने में विफल रहे और हैरिस ने मैकग्रा के साथ शानदार साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। इससे पहले डी हेमलता (33 गेंदों पर 57 रन) और एशले गार्डनर (39 गेंदों पर 60 रन) के बीच 93 रन की शानदार साझेदारी से गुजरात जाइंट्स ने बड़ा स्कोर खड़ा किया। हेमलता ने 33 गेंद की पारी में छह चौके और तीन छक्के जड़े। गार्डनर ने भी अपनी आक्रामक पारी में इतने ही चौके और छक्के लगाए। इस साझेदारी को पार्श्वी चोपड़ा ने हेमलता को आउट कर तोड़ा। पार्श्वी ने इसके बाद गार्डनर को भी एलिसा हीली के हाथों स्टंप करवाया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ट और सोफिया डंकली ने शुरुआती चार ओवरों में 41 रन की साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। वोल्वार्ट ने पारी की तीसरी गेंद पर ही अंजली सरवानी के खिलाफ चौका जड़ा दिया। उन्होंने राजेश्वरी गायकवाड़ के खिलाफ छक्का जड़कर आक्रामक तेवर दिखाए। इसके बाद डंकली ने कुछ आकर्षक चौके लगाए। अंजली ने पांचवें ओवर की पहली गेंद पर वुलवार्डट को बोल्डकर टीम को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में राजेश्वरी ने डंकली और हरलीन देओल (चार रन) को आउट कर वारियर्स को दोहरी सफलता दिलाई। टीम ने नौ रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए जिससे पावरप्ले में के बाद स्कोर तीन विकेट पर 50 रन हो गया। इन विकटों का हालांकि जाइंट्स की रन गति पर कोई असर नहीं पड़ा। हेमलता और गार्डनर की आक्रामक बल्लेबाजी से टीम ने 11वें ओवर में रनों का सैकड़ा पूरा किया। वारियर्स ने हालांकि आखिरी चार ओवर में हेमलता, गार्डनर और अश्वनी कुमारी के विकेट लेकर टीम को 180 रन के अंदर रोक दिया। वारियर्स की तरफ की राजेश्वरी गायकवाड़ और पार्श्वी चोपड़ा ने दो-दो विकेट चटकाए। अंजली और एकलस्टन को एक-एक सफलता मिली।

### स्कोरबोर्ड

**गुजरात जाइंट्स पारी:** डंकली का अंजली बो राजेश्वरी 23, वुलवार्डटबो अंजली 17, देओल का सिमरन बो राजेश्वरी 04,हेमलताका मैक्ग्रा बो पार्शवी 57,गार्डनर स्ट. हीली बो पार्शवी 60,सुषमा नाबाद 08,अश्वनीपगबाधा एक्लस्टन 05, गार्थ, नाबाद 01,अतिरिक्तः (लेगबाईः 02, वाइडः 01) 03,कुल योगः (20 ओवर में छह विकेट पर) 178 रन, **विकेट पतन:** I-41, 2-45, 3-50 , 4-143, 5-166 , 6-177, **गेंदबाजी:** अंजली 3-0-21-I,राजेश्वरी 4-0-39-2, एक्लस्टन4-0-27-I, दीप्ति 4-0-49-0, पार्शवी 4-0-29-2,हैरिस I-0-11-0

**यूपी वारियर्स पारी:** वैद्य का सुषमा बो तनुजा 07, हीली का हरलीन बो मोनिका 12, किरण का वुलवार्डटबो गार्थ 04, मैक्ग्रा का राणा बो गार्डनर 57,हैरिस का हरलीन बो गार्थ 72, शर्मा का गार्डनर बो राणा 06, एक्लस्टननाबाद 19, शेखरन आउट 01, सरवानी नाबाद 00, अतिरिक्तः (वाइडः 03) 03, **कुल योग:** (19.5 ओवर में सात विकेट पर) 181 रन , **विकेट पतन** : I-14, 2-19, 3-39, 4-117, 5-130 , 6-172 , 7-177 ,**गेंदबाजी:** गार्थ 4-0-29-2, मोनिका 3-0-27-I, गार्डनर 4-0-29-I, तनुजा 4-0-32-I,राणा 3.5-0-47-I, हरलीन I-0-17-0

# हिमा और सोजान ने आईजीपी में स्वर्ण जीता




**भाषा।** तिरुवनंतपुरम,

●कई स्पर्धाओ मे बमुश्किल तीन प्रतियोगियो ने भाग लिया

**स्टार फर्राटा** धाविका हिमा दास ने सोमवार को यहां इंडियन ग्रां प्री-एक एथलेटिक्स स्पर्धा के 200 मीटर में 23.79 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि लंबी कूद में एंसी सोजान ने 6.49 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से सुर्खियां बटोरीं। असम की हिमा ने यहां लक्ष्मीबाई नेशनल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन में महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में महाराष्ट्र की ऐश्वर्या कैलाश मिश्रा (24.81) और केरल की वीके विस्मया (24.82) को हराकर स्वर्ण जीता। इस बीच, सोजन ने छह मीटर से लंबी छलांग लगाई और 6.49 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ जीत हासिल की, जो एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग मानक 6.45 मीटर से अधिक है। इस आयोजन में हालांकि बहुत कम शीर्ष एथलीटों भाग ले रहे है। कई स्पर्धाओं में सिर्फ तीन एथलीट ही चुनौती पेश कर रहे थे। महिलाओं की ऊंची कूद और पुरुषों की त्रिकूद में केवल दो प्रतियोगी थे, पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में चार, महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में तीन खिलाड़ियों ने ही हिस्सा लिया। महिलाओं की गोला फेंक में तीन, 800 मीटर महिला में तीन और महिलाओं की 5000 मीटर में तीन प्रतिभागियों ने भाग लिया। हरियाणा के कृष्ण कुमार पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में शीर्ष पर रहे। उन्होंने एक मिनट 47.26 सेकंड का समय लिया। सेना के इस धावक ने एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग मानक एक मिनट 49.05 सेकंड से काफी कम समय लिया।

## जेहान दारूवाला ने दोनों रेस में पोडियम पर जगह बनाई

**जेद्दा।** भारत के जेहान दारूवाला ने फार्मूला 2 चैम्पियनशिप के सऊदी अरब राउंड में दोनो रेस मे शीर्ष तीन मे जगह बनाई। डच टीम एमपी मोटरस्पोर्ट के ड्राइवर जेहान शनिवार को स्प्रिंट रेस मे पांचवे से तीसरे स्थान पर पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने फीचर रेस मे भी पोडियम पर जगह बनाई। वह दोनो रेस मे शीर्ष तीन मे रहने वाले अकेले ड्राइवर रहे। अब फार्मूला 2 चैम्पियनशिप 31 मार्च से दो अप्रैल तक आस्ट्रेलिया मे होगी जहां मेलबर्न के अलबर्ट पार्क पर पहली बार रेस आयोजित की जा रही है।

## इथियोपिया के जमाल ने लॉस एंजिलिस मैराथन जीती

**लॉस एंजिलिस।** इथियोपिया के जमाल यिमेर ने लॉस एंजिलिस मैराथन में पुरूष वर्ग का खिताब जीता जबकि महिला वर्ग मे कीनिया की स्टासी एंडिवा विजई रही। यिमेर ने 42 . 2 किलोमीटर की दौड़ दो घंटे 13 मिनट 13 . 58 सेकंड में पूरी की। इथियोपिया के एमाने सेगे दूसरे और कीनिया के बार्नाबा किप्कोच तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग मे कीनिया की मार्था अकेन्नो दूसरे और ग्रेस कहूरा तीसरे स्थान पर रही।

## मैनचेस्टर युनाइटेड एफए सेमीफाइनल में

**मैनचेस्टर।** फुल्हम एफए कप फुटबॉल मे मैनचेस्टर युनाइटेड के खिलाफ बड़े उलटफेर की ओर बढ़ रही थी लेकिन दूसरे हाफ मे सात मिनट के भीतर उसे नौ खिलाड़ियो के साथ खेलना पड़ा, उसके मैनेजर को बाहर किया गया और उसने दो गोल गंवा दिए। युनाइटेड ने 3-1 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल मे जगह बना ली। उसका सामना फाइनल मे मैनचेस्टर सिटी से हो सकता है क्योंकि दोनो को अलग अलग सेमीफाइनल खेलने है। दूसरी ओर एफए कप से बाहर हुई आर्सनल की नजरे अब 19 साल में पहले प्रीमियर लीग खिताब पर लगी है।

## मुंबई इंडियंस ने मेजर क्रिकेट लीग में न्यूयॉर्क की टीम खरीदी

**न्यूयॉर्क।** दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बाद मुंबई इंडियंस ने अमेरिका मे शुरू होने जा रही मेजर क्रिकेट लीग मे न्यूयॉर्क की टीम खरीदी है। यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार , सारी औपचारिकताएं पूरी करने पर टीम पहली एमएलसी मे खेलेगी। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के मालिक जीएमआर समूह ने माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के साथ सिएटल ओरकास टीम मे निवेश किया जबकि चेन्नई सुपर किंग्स टैक्सास टीम का हिस्सा है। मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी ने कहा , मुंबई इंडियंस के परिवार मे न्यूयॉर्क टीम का स्वागत करके काफी खुशी हो रही है।

## अलकाराज ने मेदवेदेव को हराकर इंडियन वेल्स खिताब जीता

**इंडियन वेल्स।** स्पेन के 19 वर्ष के कार्लोस अलकाराज ने दानिल मेदवेदेव को 6 . 3, 6 . 2 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन खिताब जीत लिया और नंबर वन की रैंकिंग फिर हासिल कर ली। एटीपी टूर की सोमवार को जारी होने वाली रैंकिंग में वह दूसरे से पहले स्थान पर पहुंच जाएंगे जबकि नोवाक जोकोविच दूसरे स्थान पर खिसक जाएंगे। जोकोविच कोरोना का टीका नही लगवाने के कारण अमेरिका में प्रवेश नही कर सके महिला फाइनल में एलेना रिबाकिना ने एरिना सबालेंका को 7 . 6, 6 . 4 से हराकर खिताब जीता। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका की साल में यह दूसरी हार थी। अलकाराज पिछले साल अमेरिकी ओपन जीतने के बाद एटीपी के इतिहास में सबसे युवा शीर्ष खिलाड़ी बने थे।

# दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने मुंबई इंडियंस को नौ विकेट से रौंदा

●मुंबई ने नौ विकेट पर 109 रन पर बनाए थे

**भाषा।** नवीं मुंबई



**दिल्ली कैपिटल्स** ने महिला प्रीमियर लीग मैच में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को नौ विकेट की करारी शिकस्त दी। दिल्ली की टीम ने मुंबई को नौ विकेट पर 109 रन पर रोकने के बाद महज नौ ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए एलिस कैप्सी ने नाबाद 38, शेफाली वर्मा ने 33 रन और कप्तान मेग लानिंग ने नाबाद 32 रन का योगदान दिया।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज मरीजान काप की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को यहां महिला प्रीमियर लीग मैच में मुंबई इंडियंस को आठ विकेट पर 109 रन पर रोक दिया। अंक तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच मुकाबले के तीसरे ओवर में ही काप ने लगातार गेंदों पर यास्तिका भाटिया (एक) और नैट साइवर-ब्रंट (शून्य) को आउट कर मुंबई को बैकफुट पर धकेल दिया। टीम इन झटको से उबर नहीं पाई। काप ने चार ओवर में 13 रन देकर दो सफलता हासिल की। उन्हें शिखा पांडे और जेस जॉनासेन का अच्छा साथ मिला। दोनों ने दो-दो विकेट लिए। मुंबई के लिए पूजा वस्त्राकर ने सर्वाधिक 26 रन बनाए जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर और इस्सी वोंग ने 23-23 का योगदान दिया। हरमनप्रीत और वस्त्राकर के बीच पांचवें विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी मुंबई के लिए सर्वाधिक रही। काप की अंदर आती गेंद को पढ़ने में यस्तिका चूक गई और विकेटकीपर तानिया भाटिया ने आसान कैच लपका। इसके बाद उन्होंने साइवर-ब्रंट को बोल्ड किया। अगली गेंद पर हरमनप्रीत कौर ने शानदार डिफेंस से उन्हें हैट्रिक पूरा करने से रोक दिया। मुंबई को जल्दी ही एक और झटका लगा। अगले ओवर में हेले मैथ्यूज (पांच) को शिखा पांडे ने चलता किया। जेमिमा रोड्रिग्स एक हाथ से शानदार कैच लपक कर टीम को जश्न मनाने का मौका दिया चौथे ओवर में मुंबई का स्कोर तीन विकेट पर 10 रन था और पावर प्ले में टीम 19 रन ही बना सकी। यह पावरप्ले में इस टीम का सबसे कम स्कोर है सातवें ओवर में अरुंधति रेड्डी ने अमेलिया केर (आठ) को पवेलियन की राह दिखा दी। इसके बाद क्रीज पर आई वस्त्राकर ने छक्का और चौका लगाया। पूनम यादव के द्वारा किए गए पारी के इस 10वें ओवर से 18 रन आए। हरमनप्रीत जहां संभलकर खेल रही थी वही वस्त्राकर ने दो और चौके जड़ दिए। उनकी यह पारी हालांकि ज्यादा लंबी नहीं चली। जॉनासेन की गेंद पर राधा ने उनका कैच लपका। बड़ा शॉट खेलने की चक्कर में हरमनप्रीत ने शिखा की गेंद पर जेमिमा को कैच थमा दिया।

### स्कोरबोर्ड

**मुंबई इंडियन्स पारी:** भाटिया का तानिया भाटिया बो काप 01, मैथ्यूज का जेमिमा बो शिखा 05,साइवर-ब्रंट बो काप 00, कौर का जेमिता बो शिखा 23, केर का तान्या बो अरुंधति 08,वस्त्राकर का राधा बो जॉनासेन 26, वोंग का लानिंग बो जॉनासेन 23,अमनजोत रन आउट 19 ,काजी नाबाद 02,**अतिरिक्त** : 02,**कुल योग** (20 ओवर मे आठ विकेट पर) 109 रन,**विकेट पतन:** I-6, 2-6, 3-10, 4-21, 5-58, 6-74, 7-104, 8-109,**गेंदबाजी:** काप 4-0-13-2,कैप्सी I-0-4-0,शिखा 4-0-21-2,जॉनासेन 4-0-25-2, अरुंधति 3-0-10-I,राधा 3-0-18-0,पूनम I-0-18-0

**दिल्ली कैपिटल्स पारी:** लानिंग नाबाद 32,शेफाली स्टं. यास्तिका बो मैथ्यूज 33, कैप्सी नाबाद 38,**अतिरिक्त:** 07,**कुल योग:** (नौ ओवर मे एक विकेट पर) 110 रन,विकेट पतन: I-56,**गेंदबाजी:** साइवर-ब्रंट 2-0-21-0,वोंग 2-0-20-0,इशाक 2-0-36-0,मैथ्यूज2-0-27-I,केर I-0-2-0

## मुझे बाहर करने का टाइंटस ने जो कारण दिया, उससे हैरान हूं : डोटिन

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डोटिन ने महिला प्रीमियर लीग से बाहर रहने पर निराशा जताते हुए कहा कि इसके लिए गुजरात जाइंट्स ने जो कारण बताया, वह हैरान करने वाला है। वेस्टइंडीज की 31 वर्ष की हरफनमौला डोटिन को अडानी समूह की टीम ने 60 लाख रूपए में खरीदा था लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उन्हें चिकित्सा कारणों से बाहर कर दिया गया। जाइंट्स ने कहा डोटिन निर्धारित समय सीमा तक चिकित्सा मंजूरी नहीं ले सकी जिसकी वजह से उनकी जगह आस्ट्रेलिया की किम गार्थ को शामिल किया गया। डोटिन ने हालांकि ट्विटर पर कहा , मैं पहली महिला प्रीमियर लीग से मेरे बाहर होने को लेकर लग रही अटकलों पर संक्षिप्त बयान देना चाहती हूं।

# जीत की राह पर लौटने उतरेगी सिंधू

● स्विस ओपन आज से

**भाषा।** बासेल



**खराब फॉर्म से** जूझ रही गत चैम्पियन पी वी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू हो रहे स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के जरिए जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगी। पिछली बार उपविजेता रहे दुनिया के नौवे नंबर के खिलाड़ी एच एस प्रणय भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे जो आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप से दूसरे दौर में ही बाहर हो गए थे। पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणय को हालांकि पहले दौर में 2018 विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता चीन के शि युकी का सामना करना है जो बर्मिंघम में पिछले सप्ताह उपविजेता रहे। प्रणय एकल वर्ग में भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं जबकि सिंधू और लक्ष्य सेन इस सत्र में लय हासिल करने के लिए जूझते रहे हैं। चोट के कारण लंबे समय तक कोर्ट से दूर रहने के बाद अच्छे नतीजे नहीं आने से सिंधू ने अपने कोरियाई कोच पार्क ताए सांग से नाता तोड़ लिया था। वह पिछले सप्ताह चीन की झांग यि मान से हारकर पहले दौर में ही बाहर हो गई थी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू पहले दौर में स्थानीय खिलाड़ी जेंजिरा स्टाडेलमान से खेलेंगी। वहीं मलेशिया और इंडिया ओपन में शुरूआती दौर से बाहर हुए सेन ने पिछले सप्ताह चोउ तिएन चेन को हराया लेकिन दो बार के विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से हार गए। उनका सामना हांगकांग के ली चेयुक यू से होगा। भारत के ही किदाम्बी श्रीकांत चीन के 23 वर्ष के वेंग होंग यांग के खिलाफ अभियान का आगाज करेंगे। आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में सेमीफाइनल तक पहुंची त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना पहले दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त अप्रियानी राहायू और सिति फाडिया सिल्वा रामाधंती से होगा।

# लवलीना, साक्षी क्वार्टर फाइनल में

●मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप

**भाषा।** नई दिल्ली





**तोक्यो** ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत जीत से करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। लवलीना के साथ सोमवार को यहां साक्षी (52 किग्रा) ने भी 5-0 की दमदार जीत के साथ अंतिम आठ में अपनी जगह सुनिश्चित की। लवलीना ने जहां मेक्सिको की वनेसा ओर्टिज को पछाड़ा, वहीं साक्षी ने कजाखस्तान की जजीरा उराबाएवा को मात दी। भारतीय अभियान को हालांकि प्रीति की हार से झटका लगा। उन्हें करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में प्रीति की जगह को लेकर विवाद हो गया था क्योंकि वह उसने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में खिताब नहीं जीता था। इस 19 साल की खिलाड़ी ने 54 किग्रा वर्ग में दमदार प्रदर्शन किया लेकिन पिछले साल की रजत पदक विजेता थाईलैंड की जितपोंग जुटामास से रोमांचक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। पिछले सत्र में 52 किग्रा वर्ग में पदक जीतने वाले थाईलैंड की खिलाड़ी ने प्रीति को 4-3 से मात दी। यह मुकाबला इतना करीबी था कि आखिरी नतीजे के लिए रिव्यू का सहारा लेना पड़ा। प्रीति ने आक्रामक शुरुआत करते हुए मुकाबले में पहले दौर के मुकाबले में 4-। से बढ़त बनाई लेकिन अगले दो दौर में वह लय बनाए रखने में विफल रही। प्रीति ने कहा, मैंने इस बाउट से बहुत कुछ सीखा। मेरी प्रतिद्वंद्वी काफी मजबूत थी। मुझे और मेहनत करने की जरूरत है। मैं पहले दौर में आक्रामक थी और मुझे इसे जारी रखना चाहिए था और मुझे बाउट पर हावी होना चाहिए था। लवलीना को 75 किग्रा के नए भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए पहले दौर में बाई मिली थी। उन्होंने अपना पहला मुकाबला जीतकर पदक की ओर कदम बढ़ाया। विश्व चैंपियनशिप में दो बार की कांस्य पदक विजेता अपने मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ थोड़ी रक्षात्मक दिखीं। लवलीना को अधिक लंबाई के कारण दूर से खेलने के लिए मजबूर किया गया।

# स्वर्णिम प्रदर्शन को तत्पर एथलीट दादी भगवानी देवी

●विश्व मास्टर्स एथलेटिक्स इंडोर चैम्पियनशिप को तैयार

**भाषा।** नई दिल्ली


**पिछले साल फिनलैंड** में विश्व मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 94 वर्ष की उम्र में फर्राटा दौड़ जीतने वाली भगवानी देवी डागर अब पोलैंड में होने वाली विश्व मास्टर्स इंडोर चैम्पियनशिप में भाग लेंगी और उन्हें पिछले प्रदर्शन को दोहराने की पूरी उम्मीद है। फिनलैंड में एक स्वर्ण और चक्काफेंक तथा गोलाफेंक में कांस्य पदक जीतने वाली एथलीट दादी के नाम से मशहूर भगवानी देवी पोलैंड के तोरून में विश्व इंडोर चैम्पियनशिप खेलेंगी। नजफगढ के मालिकपुर गांव की रहने वाली भगवानी ने अपने प्रदर्शन को दोहराने की उम्मीद जताते हुए कहा , मुझे इस उम्र में ट्रैक पर उतरने में डर नहीं लगता। मैने भरपूर जिंदगी जी ली है और अब देश का नाम रोशन करने में पीछे नहीं हटना चाहती। खेल के लिए उत्साह चाहिए, उम्र बाधा नहीं होती। कभी स्कूल नहीं गई भगवानी देवी की खेलों में रूचि थी और बचपन में वह कबड्डी खेलती थी लेकिन पारिवारिक हालात के कारण अपने शौक को परवान नहीं चढा सकी। उनके पोते और कोच विकास ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और 2022 में पहली बार उन्होंने दिल्ली प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स में तीन स्वर्ण पदक जीते। इसके बाद चेन्नई में 42वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स में तीन और स्वर्ण जीतकर फिनलैंड मास्टर्स में 90 से 94 आयुवर्ग के लिए क्वालीफाई किया। उनके जोश को देखते हुए पोलैंड में 25 से 31 मार्च तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए दैनिक सन्मार्ग की पहल अपराजिता ने उनका प्रायोजन करने का फैसला किया है। अपराजिता की कार्यकारी निदेशक रूचिका गुप्ता ने इस मौके पर भगवानी देवी के लिए तैयार की गई विशेष जर्सी का भी अनावरण किया।

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पारी से हराकर श्रृंखला 2-0 से जीती

**भाषा।** वेलिंगटन

**धनंजय डिसिल्वा** और दिनेश चांदीमल की अर्धशतकीय पारियों के बाद पुछल्ले बल्लेबाजों की धैर्यपूर्ण खेल के बाद भी श्रीलंका की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में पारी की हार को नहीं टाल सकी। फॉलोऑन खेलते हुए श्रीलंका की टीम ने ने चौथे दिन की शुरुआत दो विकेट पर 113 रन से की थी। बल्लेबाजों ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरे दिन छकाया लेकिन आखिरी ओवरों की चुनौती से नहीं निपट सके। न्यूजीलैंड को आखिरी दो विकेट झटकने के लिए ढाई घंटे तक गेंदबाजी करनी पड़ी। पहली पारी में महज 67 ओवर में 164 रन पर आउट होने वाली श्रीलंका की टीम ने दूसरी पारी में 142 ओवर तक बल्लेबाजी की और 358 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली चार विकेट पर 580 रन पर घोषित की थी। धनंजय ने 98 और दिनेश ने 62 रन बनाकर श्रीलंका को पूरे दिन बल्लेबाजी करने में मदद की।

# नीरज के लिए धन मुहैया कराएगा टॉप्स




●तुर्की मे प्रशिक्षण

**भाषा।** नई दिल्ली

**ओलंपिक** स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा 61 दिनों तक तुर्की के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना में प्रशिक्षण लेंगे जिसके खर्च का वहन टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के जरिए होगा। खेल मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस 25 बरस के इस खिलाड़ी ने पिछले साल भी यहीं अभ्यास किया था। मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने 16 मार्च को ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना, तुर्की में 61 दिनों की अवधि के लिए प्रशिक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा, टॉप्स की ओर से जारी राशि में नीरज, उनके कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और उनके फिजियोथेरेपिस्ट का हवाई किराया, रहने और खाने का खर्च, चिकित्सा बीमा और स्थानीय परिवहन लागत शामिल होगी। एमओसी सदस्यों ने बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत और विश्व जूनियर चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता शंकर मुथुसामी और बधिर ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता गोल्फ खिलाड़ी दीक्षा डागर को वित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी।वित्तीय सहायता में गोल्फ के उपकरण की खरीद और दीक्षा के लिए एक व्यक्तिगत कोच, फिटनेस और पोषण प्रशिक्षक की नियुक्ति शामिल है। इसमें स्विस ओपन, स्पेन मास्टर्स और ऑरलियन्स मास्टर्स में राजावत की भागीदारी और ओरलेन पोलिश ओपन और स्लोवेनिया योनेक्स ओपन में शंकर की भागीदारी पर होने वाला खर्च शामिल है।

## राजस्थान रॉयल्स के साथ बने रहेंगे संगकारा, मोन ब्रोक्मैन होंगे मानसिक प्रदर्शन कोच

**भाषा।** नई दिल्ली,

**कुमार संगकारा** आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स में क्रिकेट निदेशक और मुख्य कोच की दोहरी भूमिका निभाते रहेंगे जबकि ट्रेवर पेनी उनके सहायक होंगे। श्रीलंका के लसिथ मलिंगा तेज गेंदबाजी कोच होंगे जबकि जुबिन भरूचा रणनीति, विकास और प्रदर्शन निदेशक होंगे। जाइल्स लंडिसे विश्लेषण और तकनीक कोच, सिद्धार्थ लाहिड़ी सहायक कोच और दिशांत यागनिक क्षेत्ररक्षण कोच होंगे। संजू सैमसन की कप्तानी वाली टीम ने जॉन ग्लोस्टर (मुख्य फिजियो), रॉब यंग (टीम डॉक्टर), एटी राजामनी प्रभु (अनुकूलन कोच) की सेवाएं भी बरकरार रखी है। मोन ब्रोकमैन टीम के मानसिक प्रदर्शन कोच होंगे जबकि नील बैरी सहायक फिजियो होंगे। राजस्थान रॉयल्स को पहला मैच दो अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है।